
# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 22 फरवरी 2025


### कूनो के खुले जंगल में 12 चीते भर रहे रफ्तार



## मादा चीता और उसके चार शावकों को छोड़ा

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क के खजूरी वन क्षेत्र में शुक्रवार को चार शावकों को अपनी मां ज्वाला के साथ छोड़ा गया है। अभी तक ये पांचों चीते बाड़े में बंद थे। जिन्हें कूनो पार्क के अधिकारियों की मौजूदगी में बाड़ों से आजाद करके खुले जंगल में छोड़ा गया है। जबकि सात चीते पहले से ही खुले जंगल ▸▸ शेष पेज 4 पर

### श्रीअवध प्रोफाइल, एग्रो इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर और लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने 'हरिभूमि' से कहा

# नए निवेश से प्रदेश में बड़े उद्योगों की सैकड़ों सहायक औद्योगिक कंपनियां भी खुलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में निवेश का नया माहौल बना है और वैश्विक उद्योग जगत ने मध्यप्रदेश को अपनी विस्तार योजनाओं में प्राथमिकता मिल रही है। राजधानी के लिए हर्ष का विषय है कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 भोपाल में आयोजित होने जा रही है। समिट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है।

भोपाल इसे उत्सव के रूप में मनाने के लिए तैयार है। इस समिट से मध्य प्रदेश के इंडस्ट्रियल सेक्टर में तेजी आएगी और मध्यप्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। यह बात मंडीदीप औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित श्रीअवध प्रोफाइल और एग्रो इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर और लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने 'हरिभूमि' से कही।

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश — अनंत संभावनाएं — ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट — 24, 25 फरवरी 2025 — भोपाल



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 प्रदेश के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

## बाजारों में पैसे का प्रवाह भी बढ़ेगा

गुप्ता ने कहा कि भोपाल औद्योगिक विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। राजधानी के पास पहले से ही औद्योगिक विकास के लिए मजबूत आधार मौजूद है। अतः समिट में होने वाले एमओयू और इसके धरातल पर उतरने से बाजारों में पैसे का प्रवाह भी बढ़ेगा। यह भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम भी साबित होगा। पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे व्यापारिक माहौल और अधिक अनुकूल बनेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट भोपाल में निवेश को आकर्षित करने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने और शहर के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### वर्ल्ड क्लास लेटेस्ट टेक्नोलॉजी भी आएगी

गुप्ता ने कहा कि यह समिट औद्योगिक विकास के आधार को मजबूत करेगी। नए निवेशों से प्रदेश में बड़े उद्योगों की सैकड़ों सहायक औद्योगिक कंपनियां भी खुलेंगीं, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे। विदेशी कंपनियों के आने से मध्य प्रदेश में वर्ल्ड क्लास लेटेस्ट टेक्नोलॉजी आएगी, जिससे प्रदेश के लोकल उद्योगों को भी लाभ होगा। मध्यप्रदेश देश का केंद्र होने के कारण आवागमन के अलावा भौगोलिक हिसाब से यहां इंडस्ट्री का आना काफी लाभदायक होगा। मध्यप्रदेश में जिस तरह से सुविधाएं (रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर्स) हैं वह काफी सराहनीय हैं। *इंपैक्ट फीचर*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार देगी 5 लाख लिमिट वाला क्रेडिट कार्ड

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने छोटे कारोबार को बढ़ावा दे रही है। लोन के लिए



बजट में क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने का ऐलान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हम उद्यम पोर्टल पर रजिस्टर्ड माइक्रो यानी सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए की सीमा वाले विशेष कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड शुरू करेंगे।

### धनश्री ने चहल से मांगी 60 करोड़ की एलिमनी?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा अब साथ नहीं हैं। दोनों का तलाक



हो गया है। रिपोर्ट्स में यह दावा किया जाने लगा कि युजवेंद्र चहल को तलाक के बाद धनश्री को 60 करोड़ रुपए की एलिमनी देनी पड़ी है। हालांकि, ये सच नहीं है। इस बता की पुष्टि धनश्री के परिवार के एक सदस्य ने की है।

### हाथरस भगदड़ कांड में भोले बाबा को क्लीन चिट

**लखनऊ।** हाथरस कांड की न्यायिक जांच की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंप दी गई है।



फिलहाल राज्य सरकार ने रिपोर्ट के तथ्यों का सार्वजनिक नहीं किया है। सूत्रों की मानें तो रिपोर्ट में भोले बाबा को आरोपी नहीं ठहराया गया है, जिससे उन्हें क्लीन चिट मिल गई है। आयोग ने पुलिस की जांच को सही पाया है। ऐसी घटनाओं को रोकने के सुझाव भी दिए हैं।

### हमने देवी-देवता नहीं देखे, लेकिन माता-पिता में दोनों को पा सकते हैं

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों को जारी की लैपटॉप राशि

प्रत्येक विद्यार्थी को पहुंचे 25-25 हजार रुपए, अपनी पसंद से ले सकेंगे लैपटॉप

# सफलता के लिए दृढ़ इच्छा, लक्ष्य के प्रति ध्यान, सतर्कता व स्फूर्ति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

प्रदेश के 89 हजार 710 मेधावी विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार का दिन विशेष रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी स्थित प्रशासन अकादमी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप लेने के लिए 224 करोड़ की राशि अंतरित की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें उपलब्ध कराई जा रही 25-25 हजार रुपए राशि का उपयोग लैपटॉप क्रय में ही किया जाए। विद्यार्थी अपनी पसंद के अनुसार, अपनी इच्छानुसार स्थान से लैपटॉप लें और लैपटॉप खरीदने की रसीद अपनी शाला में आवश्यक रूप से जमा कराएं। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के पांच गुणों को दर्शाने वाले श्लोक कग चेष्टा, बको ध्यानं, स्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी, गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्ष्णं का उल्लेख करते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा, लक्ष्य के प्रति ध्यान, ▸▸ शेष पेज 4 पर

योजना के तहत कुल 224 करोड़ रुपए की राशि की गई जारी

2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले मेधावी विद्यार्थियों को यह लैपटॉप राशि दी गई

महापुरुषों के जीवन से सीख लेने की सलाह देते हुए सीएम ने विद्यार्थियों से कहा कि युवा सब प्रकार से समर्थ होता है और वह कठिन से कठिन कार्य कर सकता है।



### भारत में गुरुकुल परंपरा जातियों और वर्ग भेद से मुक्त थी

डॉ. यादव ने कहा कि भारत में विद्यमान गुरुकुल परंपरा जातियों और वर्ग भेद से मुक्त थी। सभी को समान रूप से सभी व्यवस्थाओं के लिए अधिकार देकर और प्रतिभाओं को निखार कर भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता था। इसी की निरंतरता में प्रदान किया जा रहे लैपटॉप से विद्यार्थियों को अध्ययन तकनीक का उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन और कौशल विकास में मदद मिलेगी। ▸▸ पढ़ें पेज 02 भी

### सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर तबके का अधिकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिवार परंपरा में मां द्वारा अपने बच्चों को पुष्पित, पोषित करने में प्राप्त आनंद का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान करने से जो आनंद प्राप्त हो रहा है, वह वर्णनातीत है, यह जीवन भर याद रहने वाली अनुभूति है। जैसे परिवार में सदस्यों का सभी संसाधनों पर अधिकार होता है, उसी प्रकार राज्य सरकार के सभी संसाधनों पर समाज के कमजोर से कमजोर तबके का अधिकार है।




### यह भी रहे उपस्थित

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल के प्रभारी तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री कृष्णा गौर, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, रवींद्र यती सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित थे।

### मप्र हाई कोर्ट का रेप पीड़िता को लेकर अहम फैसला

# अब 24 सप्ताह तक का गर्भ होने पर पॉक्सो कोर्ट ही करेगी सुनवाई

चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जबलपुर

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने रेप पीड़िताओं के गर्भपात को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इंदौर और जबलपुर बेंच की एकलपीठों द्वारा अलग-अलग दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, जिसके बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इसमें कहा गया है कि अगर पीड़िता का गर्भ 24 सप्ताह या उससे कम अवधि का है, तो संबंधित जिले की पॉक्सो कोर्ट में मामला पेश करना होगा। पॉक्सो कोर्ट तीन दिन के भीतर गर्भपात पर फैसला लेगी। पीड़िता को बिना किसी आवेदन के मेडिकल बोर्ड भेजा जाएगा और परिजनों की अनुमति लेकर गर्भपात की प्रक्रिया करवाई जाएगी। लेकिन 24 सप्ताह से अधिक के गर्भ पर हाईकोर्ट की अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

अगर गर्भ 24 सप्ताह से अधिक का है, तो जिला कोर्ट मामला हाईकोर्ट को भेजेगा। हाईकोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए तेजी से मामले का निपटारा करेगी।

मेडिकल विशेषज्ञों की राय के आधार पर गर्भपात की अनुमति दी जाएगी। दोनों ही स्थितियों में हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण को सुरक्षित रखना जरूरी होगा, ताकि न्यायिक प्रक्रिया में इसका उपयोग किया जा सके।

डीएनए परीक्षण के लिए भ्रूण को सुरक्षित रखना जरूरी

### दो बेंच की अलग-अलग गाइडलाइंस के चलते लिया संज्ञान

हाल ही में जबलपुर और इंदौर बेंच की अलग-अलग गाइडलाइंस देखने को मिली थी। इस पर डिवीजन बेंच ने स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई की और उप-महाधिवक्ता अभिजीत अवस्थी व शासकीय अधिवक्ता अनुभव जैन की दलीलों को सुनने के बाद नई एसओपी जारी की।

### महाकुंभ में 'महापापियों' पर एक्शन

# महिलाओं के नहाते हुए बनाए वीडियो, 103 सोशल मीडिया हैंडल्स पर ताला, 13 पर केस

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

प्रयागराज पुलिस ने महाकुंभ में नहाती महिलाओं का चोरी से वीडियो बनाकर डार्क वेब (अश्लील साइट) और दूसरे सोशल मीडिया पर बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। प्रयागराज पुलिस ने इस मामले में 13 एफआईआर दर्ज की है। साथ ही 103 सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक्शन लिया है।

दरअसल, प्रयागराज महाकुंभ में अधर्म की एक ऐसी खबर आई, जिसने सभी को परेशान कर दिया है। पुलिस से लेकर डुबकी लगाने वाले लोग तक परेशान हैं। क्योंकि कुछ गंदी सोच वाले महाकुंभ में डुबकी लगा रही महिलाओं के वीडियो ▸▸ शेष पेज 4 पर

स्नान करती महिलाओं के वीडियो डार्क वेब पर भी बेचे गए | टेलीग्राम चैनल्स पर भी वीडियो की खरीद-फरोख्त



### पीएम मोदी ने शरद पवार को कुर्सी पर बैठाया...पीने के लिए पानी भी दिया

# तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा हॉल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनसीपी चीफ शरद पवार के बीच सियासी तकरार काफी चर्चित है लेकिन निजी तौर पर कई बार दोनों के बीच दोस्ती का रिश्ता शानदार है। कुछ ऐसा ही एक बार फिर दिल्ली में हुआ, जब अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने बुजुर्ग पवार के लिए न केवल कुर्सी पीछे की, बल्कि उन्हें बैठने के लिए हाथ से सहारा भी दिया। इसके बाद पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह वीडियो सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन गया है और दोनों के रिश्तों को लेकर नए कयास लगाए जाने लगे हैं। इतना ही नहीं इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और पवार के बीच बातचीत भी हुए दोनों ही नेता अगल-बगल बैठे थे। इस दौरान शरद पवार ने न सिर्फ पीएम मोदी की तारीफ की बल्कि यह भी बताया कि जब उन्हें इस कार्यक्रम के लिए पीएम को आमंत्रित किया, तो मोदी ने बिना किसी देरी के तुरंत स्वीकृति दे दी।




### आरोपः थाने में शिकायत की तो पुलिस ने भी पीटा


बुधवार की घटना गुरुवार रात 1 बजे रिपोर्ट दर्ज की

# सिंगरौली में ऑर्केस्ट्रा डांसर से जंगल में गैंगरेप, छह गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगरौली

ऑर्केस्ट्रा डांसर के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। 22 साल की युवती एक कार्यक्रम में डांस करने के बाद साथी के साथ लौट रही थी। रास्ते में बाइक सवार छह बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। साथी के साथ मारपीट की।

युवती को जंगल में घसीटकर ले गए। आरोपी कार्यक्रम में मौजूद थे, वे डांस कर रही लड़कियों पर कमेंट कर रहे थे। इसके बाद पीछा करने लगे। घटना बुधवार देर रात की है। पीड़िता के साथी का आरोप है कि पुलिस ने जंगल में युवती को तलाश करने के बजाए उसे थाने में बैठाए रखा और मारपीट की। गुरुवार को पीड़िता माड़ा पुलिस थाने पहुंची। रात करीब 10 बजे केस दर्ज किया गया। शुक्रवार को पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के ▸▸ शेष पेज 4 पर



### लिफ्ट लेकर घर पहुंची पीड़िता

*सुबह 6 बजे आरोपी युवती को उसी हालत में छोड़कर भाग गए। पीड़िता ट्रक ड्राइवर से लिफ्ट लेकर घर पहुंची। उसने बड़ी बहन को पूरी घटना बताई। इसके बाद ऑर्केस्ट्रा में काम करने वाले साथियों और बहन के साथ थाने पहुंची। रात करीब 11 बजे के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया।*

### अपनी विदाई के वक्त भी सर्दी तमतमाई, जाते हुए गुलाबी सी ठंडक

# पहाड़ों की ठंडी हवाओं ने फिर 'गिराया' पारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

सर्दी के मौसम की विदाई शुरु हो गई है, हालांकि पहाड़ी इलाकों का बर्फ पिघलने से आ रही ठंडी हवाओं की वजह से तापमान में दो से तीन डिग्री का उतार-चढ़ाव चल रहा है, जिससे कभी गर्मी तो कभी हल्की ठंड महसूस हो रही है। हालांकि, यह उतार-चढ़ाव अब ज्यादा दिन नहीं रहेगा। इसलिए, गर्मी के तेवर झेलने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि मार्च के पहले हफ्ते में ही दिन का तापमान 38 से 40 डिग्री तक जा सकता है। शुक्रवार को प्रदेश में ▸▸ शेष पेज 4 पर

सूबे के पश्चिमी जिलों में गिरा दिन और रात में दो डिग्री तक तापमान

### पूर्वी क्षेत्र में बढ़ोतरी शुरू, आगे दिन और रात में बढ़ेगा तापमान



### क्यों बदला मौसम?

*शुक्रवार से दिन-रात का पारा फिर से लुढ़कने लगा है। मौसम विभाग ने तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना जताई है। भोपाल-ग्वालियर में बादल छा सकते हैं, जबकि इंदौर, उज्जैन में आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार फरवरी के आखिरी दिनों में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। वर्तमान में उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में भी मौसम बदला है।*

INVEST MADHYA PRADESH GLOBAL INVESTORS SUMMIT
24 & 25 FEBRUARY 2025, BHOPAL
— INFINITE POSSIBILITIES —

# आर.के.डी.एफ. हम तैयार हैं।



## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2025

## नवाचार से मध्यप्रदेश में लाएंगे नयी क्रांति

किसी ने बहुत खूब कहा है कि जब परिवर्तन की हवा चलती है, तो कुछ लोग दीवारें बनाते हैं और कुछ लोग पवन चक्कियाँ बनाते हैं।

मध्यप्रदेश का आरकेडीएफ ग्रुप ऐसे ही उन चंद ग्रुप में शुमार है जो युवाओं को किताबी ज्ञान नहीं बल्कि इनोवेशन की उस दुनिया से रूबरू करवा रहा है जिसके बाद देश, प्रदेश और युवाओं की तकदीर बदल सके।

1995 में स्थापित होने के बाद आरकेडीएफ ग्रुप के निरंतर उंचाईयां छूने और लीक से हटकर एक अलग मिसाल खाड़ी करने के पीछे नवाचार का बहुत बड़ा रोल है। मार्केटिंग विशेषज्ञ स्टीफन जेफेस ने कहा था कि, नवाचार, यथास्थिति को तोड़ने और नए सिरे से विकास करने की अथक प्रेरणा है, जहां जाने का साहस बहुत कम लोगों ने किया है। इसी वाक्य को शिरोधार करते हुए और देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से प्रेरणा लेकर काम करने वाले आरकेडीएफ ग्रुप के चेयरमैन का एक ही सूत्र है कि जो करना है बड़ा करो। यही कारण है कि आज प्रदेश ही नहीं देश में भी आरकेडीएफ ग्रुप का नाम बड़े ही फक्र से लिया जाता है और सच पूछो तो मध्यप्रदेश के लिए यह ग्रुप और उसके नवाचार एक वरदान से कम नहीं हैं।

आरकेडीएफ ग्रुप और उससे जुड़े तमाम विश्वविद्यालय और संस्थाएं नित नये इनोवेशन कर देश को आईटी से लेकर विज्ञान और शिक्षा से लेकर नयी तकनीकों तक अनेको ऐसे काम कर रहे हैं जो भविष्य में हमारे देश की तरक्की के नए द्वार खोलेंगे। आईए आपको बताते हैं आरकेडीएफ ग्रुप के कुछके कुछक्रांतिकारी कदमों के बारे में जिसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्ट्रानिक्स सिस्टम डिजाईन और विनिर्माण जैसी नयी तकनीक शामिल हैं।




### कम्प्यूटर असेम्बलिंग यूनिट........

श्रुति कपूर वेंचर आई टी पार्क भोपाल देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा फ्रांस में दिए उद्बोधन में देश में कम्प्यूटर असेम्बलिंग पर जोर और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा आईटी पार्क में अधिक से अधिक सॉफ्टवेयर मेकिंग गतिविधियों पर जोर देने की मंशा को अमल में लाते हुए जल्द ही कम्प्यूटर असेम्बलिंग यूनिट की दिशा में काम करने जा रहा है। एक काल सेंटर का निर्माण किया जाएगा जहां एक हजार से भी ज्यादा लोगों को सॉफ्टवेयर तकनीक से रूबरू करवाते हुए उन्हें रोजगार दिया जा सके।





### एआई डाक्टर क्लीनिक

श्रुति कपूर मल्टीवेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड आईटी पार्क भोपाल आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से जल्द ही मध्यप्रदेश में ऐसे एक दो नहीं बल्कि पूरे 100 क्लीनिक लाने जा रहा है इन चिकित्सक विहीन चिकित्सालयों में मरीज को ए. आई तकनीक के माध्यम से स्वयमेव ही रोग निदान उपयोगी जानकारी प्राप्त हो सकेगी। मरीज ए. आई. क्लिनिक में प्रवेष करते ही दिय गये संकेतों के आधार पर निर्धारित स्थान पर बैठेगा जहां ए. आई. टूल द्वारा उसके शरीर की समस्त जांच के उपरांत तत्काल उसके परिणाम भी प्राप्त हो जावेगें। इसके उपरांत मरीज अपना उपचार किसी भी चिकित्सा पद्धति जैसे एलोपैथिक, होम्योपैथी तथा आयुर्वेदिक में प्राप्त कर सकेगा। मरीज के पास यह भी विकल्प होगा कि वो किसी भी अन्य चिकित्सक से दूरभाष पर परामर्ष प्राप्त कर सकेगा।




### वॉटर टेस्टिंग चिप.......

श्रुति कपूर मल्टीवेन्चर्स प्राईवेट लिमिटेड आईटी पार्क भोपाल द्वारा जल की गुणवत्ता की जांच हेतु भी डिजीटल मीटर चिप विकसित करने हेतु कार्य किये जा रहे है। पानी में पाये जाने वाले विभिन्न ऐसे तत्व जैसे आर्सनिक, लोराइड, मरकरी इत्यादि जो जल की गुणवत्ता को प्रभावित करते है तथा जिनका परिणाम प्रयोगशालाओं द्वारा सामान्यत: 15 दिनों में हो पाता है। इस डिजीटल मीटर चिप द्वारा यह परिणाम कुछ घंटों में ही प्राप्त हो जाएंगे और लोगों को स्वस्छ जल मिलने से उनका जीवन आसान होगा।





### आपकी दो पहिया भी रहेगी कूल...........

श्रुति कपूर मल्टीवेन्चर्स प्राईवेट लिमिटेड आईटी पार्क भोपाल वाहनों की बैटरी फटना या उसमें आग लग जाना जैसी समस्यो को ध्यान में रखाकर दो पहिया विद्युत वाहनों के उपयोग में आने वाली बैटरी में चार्जिंग के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु उनके शीतलीकरण हेतु ऐसे उपकरण पर कार्य प्रगति पर है जो अत्यंत जन उपयोगी सिद्ध होगा। बैटरी चार्जिंग विथ कूलेंट का यह इनोवेशन लोगों के लिए किसी सौगात से कम नहीं होगा।




### आर्मी के लिए बुखारी......

आरकेडीएफ ग्रुप सिर्फ आमजन ही नहीं वरन देश की रक्षा में लगे सैनिकों की सुरक्षा और देखभाल के लिए कुछ ऐसे उपकरण तैयार कर रहा है जिससे कठिन परिस्थितियों में उनका जीवन आसान हो सके। माइनस तापमान में सुरक्षा में डटे देश के सैनिकों के लिए संस्था द्वारा थर्मोइलेक्ट्रिक डिवाइस के रूप में बुखारी का उत्पादन का कार्य प्रगति पर है जिसका उपयोग विशेष कर भारतीय सेना के ऐसे ठिकानों पर जो बर्फीलें क्षेत्र में स्थित है के तापमान नियंत्रण किये जाने के साथ साथ इस संयत्र से विद्युत आपूर्ति भी हो सकेगी। यह गर्व की बात है कि सियाचिन और पटनीटॉप जैसे दुर्गम क्षेत्रों में आरकेडीएफ का नवाचार पायलटप्रोजेक्ट के रूप में संस्थापित है।



### एसके ट्रांस्प्लांट सुपर स्पेशलिटी सेंटर

सिद्धार्थ कपूर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रायवेट लिमिटेड आईटी पार्क भोपाल आरकेडीएफ ग्रुप के वेंचर का यह वह क्रांतिकारी कदम है जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य की दिशा में अभूतपूर्व पहल होने जा रही है। आर्गन ट्रांसप्लांट की सुविधाओं से सज्जित इस सेंटर में हार्ट, लीवर, लंग्स, किडनी, आंख और बोन मैरो ज्वाइंट्स जैसे आर्गन आधुनिक तकनीक के साथ ट्रांसप्लांट किए जा सकेंगे। इतना ही नहीं इस सेंटर में दो एयर एम्बुलेंस और 175 आईसीयू बैडभी होंगे जिनके चलते इन सभी उपचारों के लिए अब मध्यप्रदेश के लोगों को बड़ेशहरों का मुंह नहीं ताकना पड़ेगा।



### श्री सत्य साई ड्रोन अकादमी ....

ग्रुप के सहयोगी संस्थान श्री सत्य साईं यूनिवर्सिटी अ,फ टेक्नोल,जी एंडमेडिकल साइंसेज द्वारा यूनिवर्सिटी परिसर में श्री सत्य साईं ड्रोन अकादमी की शुरुआत भी जा रही है। इस अकादमी में छात्रों को ड्रोन निर्माण के गुण सिखाए जाएंगे। अकादमी में तीन माह, छह माह और 12 महीने के कोर्स होंगे जिनमें ड्रोन बनाना सिखाया जायेगा। इसके अलावा अकादमी स्वयं भी द्रोण निर्माण कर रही है जहां विभिन्न केटेगिरी और क्षमता के ड्रोन का निर्माण 40 हजार से 15 लाख तक की कीमत में बनाया जायेगा। इस अकादमी से पास और छात्रों को फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, सर्वे मैपिंग, —षि क्षेत्र, फिल्म और टीवी, मेडिकल डिलीवरी आदि क्षेत्रों में रोजगार मिलेगा।

### दो नए विश्वविद्यालय आयेंगे......

आरकेडीएफ ग्रुप के दो नए विश्वविद्यालय भी शीघ्र ही अस्तित्व में आने वाले है। राम —ष्ण यूनिवर्सिटी की स्थापना कोलार रोड भोपाल में की जा रही है और रीवा में विंध्याचल यूनिवर्सिटी रीवा स्थापित होने जा रही है। दोनों के लिए शासनाबे एल ओ आई मिल चुकी है। राम —ष्ण यूनिवर्सिटी के अधीन मेडिकल क,लेज संचालित हो रहा है जिसमें 800 बिस्तर का अस्पताल भी है और इसे एन ए बी एच, एन ए बी एल तथा आयुष्मान भारत से भी मान्यता प्राप्त है।





### कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना

सीहोर के नोनीखेड़ी ग्रामीण क्षेत्र में 10 मीट्रिक टन क्षमता वाले 2 कंप्रेस्डबायोगैस संयंत्र लगाए जाने का प्रस्ताव है।इसमें नेपियर ग्रास और गोबर का इस्तेमाल कर बायोगैस तैयार की जाएगी।

संयंत्र की स्थापना मेसर्स श्रुति कपूर मल्टीवेन्चर प्राइवेट लिमिटेडऔर मेसर्स सिद्धार्थ कपूर वेन्चर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा की जा रही है।

मध्य प्रदेश में धान की पराली जलने से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए भी परैली का उपयोग बायोगैस संयंत्र में किया जाएगा।

इस संयंत्र में लगभग 10 एकड़ भूमि का उपयोग किया जाएगा और 300 एकड़ भूमि पर नेपियर ग्रास का उत्पादन किया जाएगा। इस संयंत्र के लगने से लगभग 100 लोगों को सीधे रोजगार मिल सकेगा। साथ ही भारत सरकार के ग्रीन एनर्जी प्रोजेक्ट के रूप में इसे स्थापित करने से पर्यावरण में कार्बन डाइआक्साइडके उत्सर्जन पर भी रोक लगा सकेगी।



भोपाल
शनिवार, 22 फरवरी 2025
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-09
वर्ष : 11, अंक : 329
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 28
न्यून. 16

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## मप्र के बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए अच्छी खबर




# सरकार ने दी अतिरिक्त पेंशन की राशि को मंजूरी

**भोपाल।** मप्र सरकार ने प्रदेश के वृद्ध पेंशनर्स के लिए बड़ी खुशखबरी का ऐलान किया है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को वृद्ध पेंशनरों को देय अतिरिक्त पेंशन की मंजूरी दे दी है। पेंशनर्स को अतिरिक्त पेंशन की पात्रता उनके द्वारा निर्धारित आयु पूर्ण होने के आगामी माह से देय होगी। उदाहरण के लिए यदि पेंशनर की जन्म तिथि 01.08.1942 या 20.08.1942 है, तो 20 प्रतिशत की दर से अतिरिक्त पेंशन की पात्रता 01.09. 2022 को होगी। इसी प्रकार आगे भी अतिरिक्त पेंशन की पात्रता के लिए आयु की गणना का आधार रहेगा।

## दो अलग खबरें

### चोर की चिट्ठी से ग्वालियर पुलिस हैरान

# हमें शांति से चोरी करने दो नहीं तो सब मरेंगे, लोगों में 'दहशत'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

एक अज्ञात चोर ने शहर की एक पॉश कॉलोनी वासियों को एक चिट्ठी भेजकर चेतावनी दी है कि मैं एक चोर हूं। मुझे चोरी करने दो नहीं तो सबको मार डालूंगा। हमें शांति से चोरी करने दो नहीं तो सब मरेंगे। चोर की धमकी भरी चिट्ठी के बाद कॉलोनी के लोगों ने पुलिस से मदद मांगी है। पुलिस चिट्ठी और अज्ञात चोर की जांच पड़ताल में जुटी है। ग्वालियर शहर की पॉश ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ एक साल से पॉश कॉलोनी पर चोरों का धावा




### कॉलोनी की सुरक्षा बढ़ा दी गई

इस मामले में पुलिस का कहना है कि अज्ञात चोर के द्वारा भेजी गई धमकी भरी चिट्ठी की जानकारी उन्हें मिली है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। सीएसपी राजीव जांगले का कहना हैं कि किसी अज्ञात चोर ने यह चिट्ठी भेजी है। पूरी कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। इसके अलावा यह भी जांच की जा रही है कि चिट्ठी लिखने वाला कौन है और इसके पीछे की कहानी क्या है।

### नवविवाहिता ने पति को बताया पांच साल पहले हुआ था रेप

# न्याय दिलाने पति ने आरोपी के खिलाफ दर्ज कराया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिले से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला ने अपने साथ हुई घटना को पांच साल तक छिपाए रखा। लेकिन, अब उसने अपने पति को सारी सच्चाई बताई है। इसके बाद दोनों पुलिस के पास आरोपी के खिलाफ शिकायत करने के लिए पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया।

पीड़िता ने अपने पति को बताया कि पांच साल पहले जब वह नाबालिग थी, तब उसके साथ रेप हुआ था।



■ 15 फरवरी, 2020 को बलात्कार किया गया था

डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि नवविवाहित महिला के अनुसार, उसके साथ 15 फरवरी, 2020 को बलात्कार किया गया था, जब वह इंदौर के बाहरी इलाके में रह रही थी। उस दिन, अपनी बहन से बहस के बाद, वह गुस्से में घर छोड़कर अपने घर से लगभग 3 किमी दूर देवगुराड़िया मंदिर चली गई थी। उसे पता नहीं था कि एक पड़ोसी उसका पीछा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### पड़ोसी ने पीछा किया और रेप किया

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि डर के चलते वह कई साल तक चुप रही। हालांकि, वह दुष्कर्म के आरोपी को न्याय के कठघरे में लाना चाहती थी। जब उसने शादी की, तो उसे लगा कि उसे अपने पति का समर्थन मिलेगा और उसने उस पर विश्वास करने का फैसला किया। दंपती पुलिस के पास गए, जिन्होंने बलात्कार और आपराधिक धमकी का मामला दर्ज किया और आरोपी की तलाश कर रहे हैं। खुडेल पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईडी ने बीबीसी पर लगाया 3.44 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** ईडी ने विदेशी निवेश नियमों (एफडीआई) के उल्लंघन के आरोप में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3 करोड़ 44 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। साथ ही 3 निदेशकों पर भी 1.14 करोड़ से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। ईडी ने शुक्रवार को जानकारी दी कि यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम के तहत की गई है।




### कच्छ में भीषण टक्कर 7 लोगों की गई जान

**गुजरात।** कच्छ जिले में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक प्राइवेट बस और ट्रक के बीच टक्कर में करीब सात लोगों की मौत हो गई। जबकि, कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### 7 महीने बाद जेल से छूटे देवेंद्र यादव

**रायपुर।** बलौदा बाजार आगजनी केस में गिरफ्तार किए गए कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की शुक्रवार को जेल से रिहाई हो गई। वे रायपुर सेंट्रल जेल में बंद थे। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस विधायक को जमानत पर रिहा करने के आदेश जारी किए थे। भिलाई नगर विधानसभा से विधायक को शुक्रवार शाम छोड़ दिया गया। वे 7 महीने 4 दिन से जेल में बंद थे।



## नया बवाल : चुनाव में यूएस फंडिंग वाले डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

# हमारे मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक, हम जांच करा रहे

### यह कहा था ट्रंप ने?

*हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर (करीब 175 करोड़ रु.) देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडेन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए।*

*ट्रंप के इस बयान ने भारत में कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या अमेरिका ने सच में भारत के चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश की? और अगर हां, तो कौन सी सरकार के दौरान यह हुआ?*

- ***ट्रंप के रिश्वत योजना वाले बयान से भारत में सियासी तूफान***
- ***भाजपा और कांग्रेस में शुरू हो गई इस मामले में नई जंग***
- ***कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार इस पर श्वेत पत्र जारी कर सफाई दे***


रणधीर जायसवाल


डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। यह बेहद परेशान करने वाली है।

भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

### ट्रंप का आरोप: यह पैसा भारत के किसी नेता को जिताने के लिए दिया गया

वॉशिंगटन डीसी में रिपब्लिकन गवर्नर्स एसोसिएशन की बैठक में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि हम भारत में मतदान की चिंता क्यों कर रहे हैं? हमें खुद अपने देश के मतदान की फिक्र करनी चाहिए। भारत को 21 मिलियन डॉलर देने का मतलब क्या है? मुझे नहीं पता कि वे इसे किस पर खर्च करते हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में इसका मतलब होता है रिश्वत। यह पैसा भारत के किसी नेता को जिताने के लिए दिया गया था।

### अमेरिकी सरकार की डीओजीई रिपोर्ट में क्या कहा गया?

*एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने हाल ही में रद्द किए गए अमेरिकी फंडिंग प्रोजेक्ट्स की एक सूची जारी की। इसमें साफ तौर पर लिखा था कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे से भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च किए जाने थे, लेकिन इस योजना को रद्द कर दिया गया। इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बांग्लादेश में राजनीतिक सुधारों के लिए 29 मिलियन डॉलर भेजे गए थे। डीओजीई ने इसे अमेरिकी करदाताओं के पैसे की बर्बादी बताया और कहा कि ऐसे फंडिंग प्रोग्राम को बंद करना चाहिए।*

### भाजपा का दावा: यह गहरी साजिश थी

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि इस पैसे का इस्तेमाल डीप-स्टेट (छिपी हुई सत्ता) को बनाए रखने के लिए किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत में कुछ लोग अमेरिकी फंडिंग के जरिए सरकारों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। अब यह साफ हो गया है कि अमेरिका से आया यह पैसा भारत की राजनीति को प्रभावित करने के लिए था, और ट्रंप ने इसे रिश्वत कहा है।

### कांग्रेस का पलटवार: क्या भाजपा को 2014 में इसी पैसे से जीत मिली?

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर मोदी सरकार इतनी मजबूत है, तो 21 मिलियन डॉलर भारत में कैसे आ गए? जब सरकार से पूछा गया कि यह पैसा कब आया, तो उन्होंने कहा कि यह 2012 में यूपीए सरकार के दौरान आया था। तो क्या भाजपा 2014 का चुनाव इसी पैसे से जीती थी? कांग्रेस ने सवाल किया कि अगर मोदी सरकार की एजेंसियां इतनी मजबूत हैं, तो उन्हें पता क्यों नहीं चला कि यह पैसा भारत में आ रहा था?

## यह दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी की योजना

# प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को 9.80 करोड़ किसानों के खातों में डालेंगे 22 हजार करोड़ रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृषि मंत्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों के खाते में 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ रुपए की राशि जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि 'प्रधानमंत्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ बिहार के भागलपुर में होगा कार्यक्रम

### कांग्रेस ने कभी सहायता देने का काम नहीं किया

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक सरकार चलाई लेकिन किसानों के खाते में सीधे सहायता देने का काम कभी नहीं किया। हम बिहार में मखाना बोर्ड स्थापित कर रहे हैं। इसके लिए मैं 23 फरवरी को दरभंगा में मखाना किसानों से चर्चा करूंगा। मखाना उत्पादक किसानों को हम अधिक सुविधाएं प्रदान कर सकें, इसको लेकर भी हम विचार-विमर्श करेंगे

## डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने किसे दिखाई आंख?

# मुझे 'हल्के' में मत लेना तांगा पलट दूंगा, इशारा जिसे समझना हो, वह समझ ले

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के ताजा बयान ने एक बार फिर से महाराष्ट्र की राजनीति में हलचल पैदा कर दी है। कहा जा रहा है कि उनका ताजा बयान देवेंद्र फडणवीस से संबंधित है। उन्होंने कहा कि उन्हें हल्के में लेने की जरूरत नहीं है।

शिंदे ने कहा कि उन्हें 2022 में हल्के में लिया गया था, तब उन्होंने सरकार बदल दी। इसलिए उन्हें हल्के में न लिया जाए। ये तो मैंने पहले ही कहा है, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है। मैं एक सामान्य कार्यकर्ता हूं लेकिन बालासाहेब और दिघे साहब का कार्यकर्ता हूं। ये समझकर मुझे सबने लेना चाहिए। और इसलिए जब हल्के में लिया तो 2022 में तांगा पल्टी कर दिया, सरकार को बदल दिया। आम लोगों के मन की सरकार वहां पर लेकर आए और जो लोग चाहते थो डबल इंजन की सरकार चली। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा के भाषण में जो मैंने पहले कहा था कि मैं और देवेंद्र जी 200 से ज्यादा सीटें लाऊंगा, 232 सीटें आई हैं। इसलिए मुझे हल्के में मत लेना, यह इशारा जिसे समझना है वो समझ ले। मैं मेरा काम करता रहूंगा।



***सीएम देवेंद्र फडणवीस कैंप में मची हलचल***

## शादी के लिए दबाव बनाना पड़ा महंगा

# शादीशुदा प्रेमी ने प्रेमिका की हत्या कर जमीन में दफनाया

### कब्रिस्तान से युवती का शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

भगुवापुरा गांव में रहने वाली युवती का गांव के रहने वाली शादीशुदा युवक से अफेयर चल रहा था। 13 फरवरी को अचानक युवती लापता हो गई थी जिसके बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। युवती को उसी शख्स ने मौत के घाट उतारकर कब्रिस्तान में दफना दिया जिसके साथ वो शादी के ▶▶ शेष पेज 4 पर



### बदनामी के डर से रची हत्या की साजिश

आरोपी शंकर ने पूछताछ में बताया कि वो शादीशुदा है और उसका युवती से बीते 2-3 साल से अफेयर चल रहा था। बीते कुछ दिनों से युवती शादी करने का दबाव बनाने लगी थी और धमकी देती थी कि अगर शादी नहीं की तो बदनाम कर देगी और पुलिस में शिकायत करेगी। इसी कारण उसने युवती की हत्या की साजिश रची। वो 13 फरवरी को घुमाने के बहाने युवती को अपने साथ ले ▶▶ शेष पेज 4 पर

## विकिपीडिया के चार संपादकों पर मामला दर्ज

# आपत्ति के बाद भी संभाजी महाराज पर विवादास्पद कंटेंट को नहीं हटाया



विकिमीडिया फाउंडेशन ने इस संबंध में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र साइबर विभाग ने कैलीफोर्निया स्थित विकिमीडिया फाउंडेशन को नोटिस भेजकर विकिपीडिया से इस सामग्री को हटाने का अनुरोध किया था। विकिमीडिया फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है जो विकिपीडिया का संचालन करता है। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने विकिपीडिया पर छत्रपति संभाजी महाराज से संबंधित आपत्तिजनक सामग्री को न हटाने के मामले में चार संपादकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र साइबर एजेंसी ने अपने नोटिस में उल्लेख किया था कि विकिपीडिया पर प्रकाशित जानकारी गलत और भ्रामक है, जिससे राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति प्रभावित हो सकती है, क्योंकि ▶▶ शेष पेज 4 पर

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की व्यवस्था में बदलाव

# विशेष दर्शन में स्लॉट सिस्टम लागू अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे

मनोज त्रिवेदी ▶▶ ओंकारेश्वर

*◆ ऑनलाइन टिकट धारी व्यक्ति को ममलेश्वर सेतु (नया झूला पुल) से ही मिलेगा प्रवेश*

26 फरवरी को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन की व्यवस्था में मंदिर प्रशासन ने बदलाव किए गए हैं। ऑनलाइन विशेष दर्शन (शीघ्र दर्शन) में स्लॉट सिस्टम लागू किया गया है। अब 4 स्लॉट में विशेष दर्शन होंगे। आधार नंबर से टाइम स्लॉट जनरेट होगा। माध्यान्ह भोग दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक दो घंटे के लिए कोई ▶▶ शेष पेज 4 पर



### शीघ्र दर्शन करवाने वालों से रहें सावधान

मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से शीघ्र दर्शन के नाम पर ठगी करने वालों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि एक आधार कार्ड से कई टिकट लिए जा सकते हैं। इस पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। क्योंकि, अभी तक आम आदमी को तथाकथित व्यक्तियों के द्वारा शीघ्र दर्शन के नाम पर भ्रमित कर ठग लिया जाता था।

## जिला कोर्ट ने शुक्रवार को दी आयकर के आवेदन को मंजूरी

# अब शिकंजा और कसा...लोकायुक्त ईडी के बाद जेल में सौरभ, चेतन और शरद से आयकर करेगी पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा उसके सहयोगी चेतन और पार्टनर रहे शरद जायसवाल से आयकर विभाग के अफसर जेल में पूछताछ कर सकेंगे। इसके लिए जिला कोर्ट ने शुक्रवार को इसकी अनुमति दे दी है। आयकर विभाग के आवेदन पर गुरुवार को स्पेशल जज राम प्रताप मिश्र की कोर्ट में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की बहस के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शुक्रवार को आईटी के आवेदन को मंजूरी का आदेश जारी कर दिया। ▶▶ शेष पेज 4 पर



◆ आयकर को तीनों से पूछताछ करनी है कि इतनी मात्रा में गोल्ड- कैश कहां से आया?

### 40 संपत्तियों पर भी होगी पूछताछ

अब आयकर को तीनों से पूछताछ करनी है कि इतनी मात्रा में गोल्ड और कैश कहां से आया? साथ ही लोकायुक्त के छापे में जो 40 प्रॉपर्टी जब्त हुई यह किस तरीके से अर्जित की गईं और आय का स्त्रोत क्या था? इस तरह से कई मामलों में पूछताछ की जानी है। साथ ही चेतन के मोबाइल से ट्रांजैक्शन के कई साक्ष्य मिले हैं। मनीट्रेल के संबंध में भी पूछताछ की जानी है।

### 20 दिन की पूछताछ की मांगी थी अनुमति

गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान आयकर विभाग के वकील ने 20 दिन तक पूछताछ की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने समय सीमा तो तय नहीं की है। वहीं, जेल मैन्युअल के आधार पर विभाग के अफसरों को पूछताछ की इजाजत दी है। इसके संबंध में केंद्रीय जेल के अधीक्षक ने भी निर्देश जारी कर दिए है। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान आयकर विभाग की ओर से वकील हर्षवर्धन टोपरे वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े थे। उनके सहयोगी इकराम खान और जांच अधिकारी पायल प्रकाश भी अदालत में उपस्थित हुए। कोर्ट के पूछने पर आईटी में दर्ज केस के संबंध में भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

# जैविक खेती करने वाले किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे सोलर पम्पः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि रसायनों के असीमित प्रयोगों के कारण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। अतः जैविक एवं प्राकृतिक कृषि तकनीकों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। प्रदेश में वर्तमान वर्ष में भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार प्राकृतिक कृषि विकास योजना के अंतर्गत लगभग 1 लाख एकड़ क्षेत्रफल में जैविक खेती का कार्यक्रम लिया जा रहा है।

आगामी वर्षों में जैविक- प्राकृतिक खेती को पांच लाख हैक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि जैविक खेती करने वाले किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ यादव किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर एक जिला एक उत्पाद तथा विभिन्न विभागों और जैविक खेती के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



## डॉ. यादव ने खेती पर आधारित मेले लगाने के दिए निर्देश

1. कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करना सरकार की प्राथमिकता
2. जैविक कृषि उत्पादन तथा मूल्य संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जैविक उत्पादों के बेहतर मूल्य किसानों को मिल सकें, इस उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर जैविक हाट-बाजार लगाए जाएं। प्रदेश में प्राकृतिक कृषि उत्पाद के लिए आदर्श जिले और विकासखंड विकसित किए जाएं। उन्होंने प्रदेश में जैविक और प्राकृतिक खेती पर आधारित मेले लगाने के निर्देश भी दिए। डॉ. यादव ने अपनी विदेश यात्राओं का उल्लेख करते हुए कहा कि नवीन तकनीकों से कृषि उत्पादन वृद्धि तो होना चाहिए, किन्तु पर्यावरण संरक्षण के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संतुलन बनाए रखना आवश्यक है।*

**कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की जाएगी**

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि यह वर्ष यद्यपि उद्योग वर्ष घोषित किया गया है किन्तु कृषि प्रधान राज्य मध्यप्रदेश में खेती को साथ लेकर नीतियां लागू करना आवश्यक है। अतः राज्य सरकार कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करने पर विशेष ध्यान दे रही है। जिन जिलों में औद्योगिक दर कम हैं, वहां कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पशुओं की वर्तमान दुग्धोत्पादन क्षमता 9 प्रतिशत है जिसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा। कृषि उत्पादकों को सब्जी उत्पादन निर्यात करने पर भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के सहयोग से ट्रान्सपोर्ट व्यय दिया जा रहा है, किसानों तक इसकी जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है।

### बनाई जाएगी जैविक उत्पादन नीति

*कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि कार्यशाला में आए सुझावों पर प्रदेश के विभिन्न जिलों की कृषि जलवायु क्षेत्र के आधार पर जैविक उत्पादन नीति बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि जैविक खेती प्रोत्साहन के लिए प्रदेश में 9 सेवा प्रदाताओं से एमओयू किए गए हैं। एपीडा के अनुसार प्रदेश में जैविक खेती का रकबा 11.48 लाख हैक्टेयर है। वन क्षेत्र मिलाकर प्रदेश में कुल 20 लाख 55 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में जैविक खेती की जा रही है जो देश में सर्वाधिक है। इस अवसर पर सचिव कृषि एम सेल्वेन्द्रन ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस दो दिवसीय कार्यशाला में जैविक एवं प्राकृतिक खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन विचार मंथन किया जाएगा जिसमें कृषि वैज्ञानिकों, जैविक खेती विशेषज्ञों, कृषक उत्पादक संगठनों, प्रगतिशील किसानों तथा कृषि अधिकारियों के बीच निष्कर्षात्मक संवाद से प्रदेश की जैविक नीति को विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे।*

## खबर संक्षेप

### 2005 से पहले के दैवेभो कर्मियों को मिले पेंशन

**भोपाल।** प्रदेश के सरकारी विभागों में वर्ष 2005 से पहले पदस्थ हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पेंशन नियम 1976 के तहत पेंशन का हक दिया जाए। यह मांग शासकीय कर्मचारी परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजे ज्ञापन में की है। पाण्डेय ने बताया कि जल संसाधन विभाग, पीएचई, पीडब्ल्यूडी व अन्य विभागों में 1 जनवरी 2005 से पहले शासकीय सेवा में शामिल हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियम 1976 के तहत पुरानी पेंशन देने की मांग पत्र भेजकर मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से की है। मांग पत्र में बताया गया है कि वर्ष 2005 से पहले पदस्थ हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को पेंशन का हक मिलना चाहिए।

### फिजियो प्रीमियर लीग आज से होगी शुरू

**भोपाल।** राजधानी में दो दिवसीय मप्र फिजियो प्रीमियर लीग का आयोजन 22 फरवरी से होगा। फिजियो प्रीमियर लीग में राजधानी समेत प्रदेश के फिजियोथैरेपिस्ट और स्टूडेंट भाग लेंगे। प्रीमियर लीग दो अलग-अगल ग्रुपों में होगी। जिसमें पहला ग्रुप भोपाल, इंदौर, जबलपुर के फिजियोथैरेपिस्टों का होगा और दूसरा ग्रुप राजधानी के महाविद्यालय आरएनटीयू, जेएनसीटी और मानसरोवर महाविद्यालयों का होगा। टीमों का मुकाबला जेएनसीटी में 22 और 23 फरवरी को होगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया उद्योगपतियों से रू-ब-रू संवाद, निवेश की दी सलाह

# हमारी निवेश नीति सबसे अच्छी, जितने चाहे उद्योग लगाएं, सरकार आपके साथ

## औद्योगिक इकाइयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की राशि की हस्तांतरित

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए हमारी सरकार ने जो नई निवेश नीति बनाई है, वह देश में सबसे बेहतर है, सबसे अच्छी है। आप जितने चाहे उतने उद्योग लगाइए, सरकार हर पल, हर कदम पर आपके साथ है। डॉ. यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सहित अन्य उद्योगपतियों से चर्चा के दौरान यह बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि आप जैसे चाहें वैसे उद्योग लगाएं और मुनाफा कमाएं। उन्होंने 1100 से अधिक औद्योगिक इकाईयों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय प्रोत्साहन राशि पारदर्शी तरीके से डीबीटी से हस्तांतरित की। डॉ. यादव ने कार्यक्रम में 'भोपाल एक साथ टीम' द्वारा भोपाल की विशेषताओं पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

*बजट का एक-एक रुपया जनकल्याण एवं औद्योगिक विकास में खर्च होगा*



### निवेश करें और समिट की मेजबानी भी

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश और भोपाल के निवेशक बेहिचक न केवल निवेश करें, बल्कि 24-25 फरवरी को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की मेजबानी भी करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में हो रहा एक वैश्विक समागम है। सीएम ने कहा कि पुराने उद्योगों को यदि आवश्यकता होगी, तो मांगे जाने पर उन्हें नवकरणीय ऊर्जा के जरिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था भी की जाएगी।

### उद्योगपतियों से चर्चा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद उद्योगपतियों से चर्चा की। इंडस्ट्री एसोसिएशन के राधाशरण गोस्वामी ने कहा कि पिछले एक साल में हमारा सरकार की नीतियों पर विश्वास बढ़ा है। लघु उद्योग भारती के अतीत अग्रवाल ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से मप्र में अकल्पनीय औद्योगिक वातावरण तैयार हुआ है। गोविंदपुरा औद्योगिक प्रक्षेत्र संगठन के विक्रम गौर ने कहा कि सरकार ने जो नई निवेश नीति तैयार की है, वह सबके लिए लाभकारी है। डिक्की के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिरवैया ने कहा कि सरकार की नई निवेश नीति में प्रदेश के समेकित विकास की झलक दिखाई देती है। मावे और लघु उद्योग भारती की प्रतिनिधि शरेणु नायक ने महिला उद्यमियों के लिए और अधिक प्रोत्साहित करने वाले प्रावधान किए जाने की मांग की।*

### उद्योग ऋण पर ब्याज में समुचित सीमा तक छूट देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के बजट की राशि जनता के समग्र कल्याण और प्रदेश के औद्योगिक विकास में व्यय की जाएगी। उन्होंने बताया कि नई निवेश नीति में हमारी सरकार महिला उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त छूट देने का प्रावधान करने जा रही है। उद्योगपतियों को मल्टी स्टोरी इंडस्ट्रियल परिसर तैयार करने में, तो सरकार एक निश्चित सीमा तक छूट देगी। हम इंडस्ट्रियल परिसर में आवासीय गुजाइंश को भी अनुमति योग्य करने जा रहे हैं। डॉ. यादव कहा कि हमारी सरकार उद्योग ऋण पर ब्याज में समुचित सीमा तक छूट भी देगी। डॉ यादव ने उद्योगपतियों से रू-ब-रू संवाद किया।

**बढ़ रहे हैं समेकित विकास की ओरः सारंग**

खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के जरिए हम मध्यप्रदेश के समेकित विकास की ओर बढ़े हैं। हमारी देश के सभी अंचलों से कनेक्टिविटी, यहां का ईको सिस्टम, यहां की आबो-हवा सबसे अच्छी है। जीआईएस भोपाल के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। उन्होंने उद्योगपतियों से कहा कि निवेश किसी राज्य की समृद्धि का बड़ा आधार है। निवेश कीजिए और जीआईएस को सफल बनाकर मध्यप्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाने में भागीदार बनिए।

### माल भाड़े में 50 प्रतिशत से अधिक का अनुदानः कश्यप

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मध्यप्रदेश के उत्पादों का अधिक से अधिक निर्यात हो, इसके लिए हमारी सरकार ने हर स्तर पर उद्योगपतियों और निवेशकों को प्रोत्साहन दिया है। मध्यप्रदेश से कच्चा माल और अपना निर्मित देश के किसी भी कोने में पहुंचाना आसान है, फिर भी प्रोत्साहन स्वरूप हमारी सरकार उद्योगों को माल भाड़े में 50 प्रतिशत से अधिक राशि का अनुदान दे रही है। प्रमुख सचिव औद्योगिक निवेश एवं प्रोत्साहन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने भोपाल में हो रही जीआईएस की समन्वित रूपरेखा की जानकारी दी।

### हवाई सेवा के क्षेत्र में मप्र को सौगात

# मप्र के दतिया हवाई अड्डे को थ्रीसी वीएफआर श्रेणी के तहत पब्लिक एरोड्रम के रूप में मिला लाइसेंस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की प्रगति यात्रा में एक और अध्याय जुड़ गया। नागर विमानन महानिदेशालय ने 118 एकड़ क्षेत्रफल में विकसित दतिया हवाई अड्डे को थ्रीसी/वीएफआर श्रेणी के तहत पब्लिक एयरोड्रम के रूप में लाइसेंस प्रदान किया है। यह मध्यप्रदेश का 8वां पब्लिक एयरोड्रम हवाई अड्डा होगा, जो सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध होगा। जल्द ही सतना और दतिया हवाई अड्डों का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस सौगात के लिए मध्यप्रदेश, विशेषकर दतिया के नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार माना है।

### भोपाल में दो प्रतिष्ठानों पर आयकर का सर्वे

*भोपाल। भोपाल में आयकर विभाग ने दो प्रतिष्ठानों पर सर्वे की कार्रवाई की है। आयकर विभाग ने शुक्रवार को राजधानी के एयरपोर्ट रोड स्थित सफायर ग्रुप और रायसेन रोड स्थित रॉयल ग्रीन नाम के व्यापारिक संस्थानों पर छापा मारा। रॉल ग्रीन समूह एक राइस मिल का संचालन करता है। आयकर विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दोनों प्रतिष्ठानों पर सर्वे की कार्रवाई जारी है और शनिवार को कार्रवाई पूरी होने के बाद आगे की जानकारी सामने आएगी।*

### उप मुख्यमंत्री द्वय ने बालाजी के दर्शन कर प्रदेश की समृद्धि मांगी

# देवड़ा, शुक्ल ने लिया कैंसर अस्पताल और कन्या विवाह कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

*कार्यक्रमों में आएंगे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू*



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल ने छतरपुर के बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट कर आगामी 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रस्तावित कैंसर अस्पताल के भूमिपूजन कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

उप मुख्यमंत्री द्वय ने बागेश्वर धाम में बालाजी भगवान के दर्शन किए और प्रदेश की समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की।

### प्रधानमंत्री मोदी करेंगे अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन

*बागेश्वर धाम परिसर में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल की स्थापना की जा रही है, जिसका भूमि पूजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को करेंगे। बागेश्वर धाम में 251 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम 26 फ़रवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। इस भव्य विवाह कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की कन्याओं के विवाह संपन्न कराए जाएंगे।*

# बैंक कर्मियों ने किया लंबित मांगों के समाधान को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बैंकों में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह का कार्यान्वयन, पेंशन अपडेशन, लंबित मुद्दों का समाधान, नौकरियों की आउटसोर्सिंग बंद करना आदि लंबित मांगों के समाधान को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस फोरम की स्थानीय इकाई द्वारा शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक जोनल ऑफिस अरेरा हिल्स के सामने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और सभा आयोजित की।

इस मौके पर बैंक कर्मियों ने प्रबंधन के विरोध में नारेबाजी की। सभा को फोरम में शामिल बैंक यूनियंस के पदाधिकारियों वीके शर्मा, दिनेश झा, प्रवीण मेघानी, निर्भय सिंह ठाकुर, दीपक रत्न शर्मा, विशाल धमेजा, भगवान स्वरूप कुशवाहा, वीएस नेगी, सुनील सिंह, सुबीन सिन्हा, केके त्रिपाठी आदि ने संबोधित किया।

### कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी से की मुलाकात

# विधायक पट्टा के परिवार के साथ मारपीट की घटना पर कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी और कांग्रेस विधायकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ डीजीपी से मुलाकात की और बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के परिवार के साथ मारपीट की घटना के संबंध में कार्रवाई करने की मांग के साथ ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान उन्होंने डीजीपी से दोषी एसडीएम आकिब खान को तत्काल बर्खास्त कर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की। इस अवसर पर सिंघार ने कहा कि सरकार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन जब कुछ नहीं हुआ, तब आपत्ति दर्ज कराने आए हैं।



### इधर, मुख्य सचिव को भी ज्ञापन सौंपा

*कांग्रेस प्रतिनिमंडल ने मुख्य सचिव अनुराग जैन से भी मुलाकात कर दोषी आईएएस अधिकारी पर कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, मेम्बर कमलेश्वर पटेल, विधायक नारायण पट्टा, विधायक सचिन यादव, विधायक सुनील उईके जी, विधायक अभय मिश्रा, विधायक राजकुमार दोगने सहित पूर्व विधायक मौजूद रहे।*

### भोपाल प्रवास पर आए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय संगठन महामंत्री

# मंदिरों की मुक्ति, जनसंख्या असंतुलन सहित नशा रोकने युवाओं से आह्वान करेगा विहिपः परांडे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे शुक्रवार को भोपाल प्रवास पर आए। इस दौरान विश्व संवाद केंद्र में आयोजित पत्रकारवार्ता में केंद्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने प्रयागराज महाकुंभ मेला में हुई त्रिदिवसीय केंद्रीय बैठक के प्रमुख निर्णयों की जानकारी साझा की।

परांडे ने बताया कि विहिप कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर हर राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपेंगे और मंदिरों को हिंदू समाज को लौटाने की मांग करेंगे।

### परिवार में दो से तीन बच्चों का आह्वान




परांडे ने हिंदू समाज की घटती जनसंख्या दर और युवाओं में नशे की प्रवृत्ति पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, हिंदू समाज की घटती जनसंख्या देश की पहचान और अस्तित्व के लिए संकट खड़ा कर रही है। विहिप ने हिंदू युवाओं से 25 वर्ष की आयु तक विवाह करने और परिवार में दो से तीन बच्चों का आह्वान किया है। विहिप ने विवाहेत्तर संबंधों और लिव-इन रिलेशनशिप को हिंदू संस्कृति के लिए चुनौती बताया। परांडे ने कहा पश्चिमी भौतिकवाद, अर्बन नक्सल षड्यंत्र और ग्लोबल कॉरपोरेट समूह युवाओं को भटका रहे हैं। विहिप ने युवाओं से पारंपरिक मूल्यों की ओर लौटने और मजबूत पारिवारिक ढांचे को अपनाने का आह्वान किया। विहिप ने देश में 16 करोड़ से अधिक लोगों के नशे की लत को गंभीर समस्या बताते हुए युवाओं से आत्मघाती प्रवृत्तियों से दूर रहने का आग्रह किया है। संगठन ने सरकारों से नशे के माफिया और आतंकियों के गठजोड़ पर कठोर कार्रवाई की भी मांग की।

### यह भी मांग

*आगामी विधानसभा सत्रों में कार्यकर्ता विधायकों से मुलाकात कर मंदिरों की मुक्ति के लिए समर्थन जुटाएंगे। साथ ही, मुख्यमंत्री को संबंधित राज्य के लिए प्रस्तावित कानून का मसौदा भी सौंपा जाएगा। उत्तर और दक्षिण भारत में बड़ी जनसभाओं के माध्यम से इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। मध्यभारत प्रांत की प्रांतीय बैठक आगामी 8 और 9 मार्च 2025 को गुना में आयोजित होगी।*

### हरित भविष्य पारंपरिक जड़ों, विरासत और समग्र दृष्टिकोण में निहित

**भोपाल।** राजधानी स्थित मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद सीनेट हॉल में जुड़वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र की मेजबानी की। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आशु शुक्ला (सेवानिवृत्त आईजी, सीआरपीएफ और विजिटिंग प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर) उपस्थित थे। जिन्होंने कहा कि हमारा हरित भविष्य हमारी पारंपरिक जड़ों, विरासत और समग्र दृष्टिकोण में निहित है। अतिथि मनु श्रीवास्तव (अतिरिक्त मुख्य सचिव, नवीकरणीय ऊर्जा विभाग, मप्र) ने इस बात पर जोर दिया कि हरित होना कष्टदायक नहीं , बल्कि लाभदायक है और शोधकर्ता को कार्यों के लिए वास्तविक जीवन की समस्याओं को चुनने के लिए प्रेरित किया।

# कांग्रेस बोली, सरकार बताए अब तक कितने उद्योग प्रदेश में लगे?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शुक्रवार को पीसीसी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता कर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट पर सरकार को घेरा और निवेश से जुड़े कई सवाल उठाए। सिंघर ने सरकार से पूछा कि अब तक हुई समिट में प्रदेश के नौजवानों को कितने रोजगार मिले। पीसीसी में आयोजित वार्ता को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि बड़े उद्योगों के लिए तो सरकार बात करती है, लेकिन छोटे उद्योगों के लिए 18 लाख तक डिपॉजिट मनी की पॉलिसी कर रखी हैं। छोटे उद्योगपति इतना पैसा कहां से दे पाएंगे। नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि इंदौर के पास नेशनल पार्क बनाने की योजना थी, लेकिन सरकार ने नहीं बनाया।



जीआईएस के लिए लाल परेड ग्राउंड पर हैलीपेड निर्माण की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।



पीएम मोदी के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की रिहर्सल की गई।

# वीवीआईपी मूवमेंट में दो दिन बंद रहेंगी मुख्य सड़क की दुकानें

## मुख्य सड़क पर वाहन नहीं कर सकेंगे पार्क, पुलिसकर्मी तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में होने जा रही ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट को लेकर 24 और 25 फरवरी को शहर में वीवीआईपी मूवमेंट रहेगा, जिसके लिए सुरक्षा के इंतजाम कर लिए गए हैं। जिसके तहत एयरपोर्ट से लेकर रंगमहल और डिपो चौराहा, स्मार्ट रोड के आसपास की दुकानें दो दिन बंद रहेंगी। शुक्रवार से ही इन सड़कों पर पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। इसके साथ सड़क किनारे वाहन खड़ा करने नहीं दिया जाएगा। जिसके लिए क्रेनों को तैनात किया गया है।

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटः अब तक कराए 31 हजार रजिस्ट्रेशन

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए देश-विदेश के उद्योगपतियों ने 31 हजार रजिस्ट्रेशन करवाए हैं, जिसमें रूस, जर्मनी और जापान जैसे 30 से अधिक देशों के 70 डेलिगेट भी शामिल होंगे। इनमें रूस के उल्यानोवस्क प्रांत के गवर्नर, जिम्बाब्वे के डिप्टी मिनिस्टर और जापान के काउंसिल जनरल जैसे लोग शामिल हैं। मेहमानों के लिए सभी इंतजाम भी पूरे कर लिए गए हैं। शहर की होटलों के साथ सांची, उदयगिरी और आसपास के क्षेत्रों में मौजूद बड़े होटल या रिसोर्ट में भी मेहमानों के ठहराने का इंतजाम किया जा रहा है।

### विदेशी मेहमानों के लिए पांच सितारा होटल जैसी टेंट सिटी

जीआईएस में आने वाले विदेशी मेहमानों के लिए भोपाल में 100 टेंट की नई सिटी तैयार हो गई है। इनमें पांच सितारा होटल जैसी सारी सुविधाएं रहेंगी। एयर कंडिशनर से लेकर डबल बेड, लाइटिंग, वॉक के लिए बगीचा है, जिससे मेहमान प्रकृति को करीब से जान सकेंगे। कलियासोत मैदान के ठीक पीछे डैम और आसपास हरियाली का आकर्षक नजारा दिखाई देता है। इस सिटी को राजस्थान की एक फर्म टेंट सिटी ने तैयार किया है।

## खबर संक्षेप

### एसी को 27 डिग्री पर सेट कर बचा सकते हैं 30 फीसदी बिजली बिल

**भोपाल।** गर्मी में बिजली की खपत बढ़ने से बिजली बिल अधिक आता है, लेकिन कुछ तरीके अपना कर बिजली बिल में कमी की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि एक शोध से यह साबित हुआ है कि एसी का तापमान 27 डिग्री पर सेट करने से बिजली बिल में 30 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप थर्मोस्टेट को 27 डिग्री सेल्सियस पर सेट करते हैं और टाइमर को 2 घंटे के लिए सेट करते हैं और साथ में सीलिंग फैन चला देते हैं, तो यह आमतौर पर अच्छी नींद के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखता है।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर हो सकती है तीन साल की जेल

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी, जिसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दंडित करने का प्रावधान है। किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट व उपाय एप या बिजली वितरण केंद्र जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### 45 हजार से अधिक बच्चों को दी गई विटामिन ए की खुराक

**भोपाल।** दस्तक अभियान के तहत शुक्रवार को 22 हजार से अधिक बच्चों को विटामिन ए का सेवन कराया गया। 18 फरवरी से शुरू हुए अभियान में अब तक 45 हजार से अधिक बच्चों को विटामिन ए का सेवन कराया जा चुका है। अभियान तहत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पांच साल तक की उम्र के बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं घर-घर जाकर दी जा रही हैं।

## सड़क हादसे रोकने आंबेडकर सेतु की सात बड़ी कमियां करना पड़ेंगी दूर



# गणेश मंदिर सर्विस रोड को मुख्य रोड से जोड़ने पर बन गया एक्सीडेंटल जोन

- वल्लभ भवन चौराहे पर रोटरी-सिग्नल के संयोजन से ट्रैफिक में आ रही दिक्कत
- बीते गुरुवार को फ्लाईओवर पर सड़क हादसे में युवक की हुई थी दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी नगर के गायत्री मंदिर और अरेरा हिल्स की साइड से शुरु होने वाले आंबेडकर फ्लाई ओवर पर गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद फ्लाईओवर की कमियों को दूर करने की मांग उठने लगी है। ब्रिज शुरु होने से पहले ही ट्रैफिक पुलिस ने भी सात आपत्तियां दर्ज कराईं थीं, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने डिवाइडर जोड़ना, सर्विस रोड बंद करना, स्पीड ब्रेकर लगाना और रोटरी चौड़ी करने की बात कही थी।



गणेश मंदिर के पास रॉन्ग साइड से घुस रहे वाहन चालक

### फ्लाईओवर से उतरने पर स्पीड ब्रेकर, स्पीड लिमिट की जरूरत

फ्लाईओवर पर कई तरह की कमियां हैं, जिससे सड़क हादसों का खतरा बढ़ गया है। सबसे बड़ी कमी फ्लाईओवर के आसपास कई जगहों पर ट्रैफिक की समस्या है, जिसे दूर किया जाना था। वल्लभ भवन चौराहे पर रोटरी-सिग्नल का संयोजन ट्रैफिक कंट्रोल में दिक्कत पैदा करता है, फ्लाईओवर से उतरने पर स्पीड ब्रेकर और स्पीड लिमिट की जरूरत है। जिसे पूरा करना जरूरी हो गया है। गणेश मंदिर सर्विस रोड को मुख्य रोड से जोड़ने पर एक्सीडेंटल जोन बन गया है। डीबी मॉल चौराहे के सामने पिलर से कई एक्सीडेंट हो चुके हैं। इन कमियों को दूर करना जरूरी हो गया है।

**ब्रिज के नीचे, ऊपर 32 सड़क हादसे**

पिछले दस महीने के दौरान प्रदेश के सबसे लंबे फ्लाईओवर ब्रिज के आसपास 32 सड़क हादसे दर्ज किए गए हैं। गुरुवार को ही भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हबीबगंज, गणेश मंदिर, फ्रेक्चर अस्पताल और आरकेएमपी स्टेशन के सामने 11 सड़क हादसों की रिपोर्ट दर्ज की गईं। एमपी नगर, डीबी मॉल के सामने, गायत्री मंदिर, बोर्ड ऑफिस चौराहा और प्रगति पेट्रोल पंप पर 10 महीने में 21 एक्सीडेंट में 14 लोग घायल हुए और एक की मौत हुई है।

## मोतिया तालाब के सामने सड़क पर भरा सीवेज

# सड़क खुदाई में फूटी पाइपलाइन शाम को नहीं हुआ पानी सप्लाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रॉयल मार्केट से अल्पना तिराहे तक सीसी रोड निर्माण का काम जारी है। जिसके तहत शुक्रवार को करीब दोपहर दो बजे मोतिया तालाब के सामने सड़क खुदाई के दौरान सीवेज और पानी सप्लाई की पाइप लाइन फूट गई। इसके चलते मेन रोड पर सीवेज और पानी लबालब भर गया। जिसकी सूचना सीवेज अधिकारियों को शाम साढ़े चार बजे मिली। सीवेज प्रकोष्ठ के इंजीनियर आरके त्रिवेदी ने बताया कि सीवेज की लाइन को क्षतिग्रस्त किया गया है। पानी की लाइन भी फूट गई है। इसके चलते सड़क पर सीवेज और पानी भर गया। दोनों लाइन की मरम्मत पीडब्ल्यूडी द्वारा कराई जा रही है। पानी की पाइपलाइन फुटने से शुक्रवार शाम को जोन पांच में पानी की सप्लाई नहीं हुई।

- जोन पांच के इलाकों में शाम को नहीं हुई पानी की सप्लाई

### शनिवार को भी नहीं आएगा पानी

अफसरों की मानें तो शनिवार सुबह पुराने शहर में पानी की सप्लाई प्रभावित होना तय है, क्योंकि एक साथ दोनों लाइन को सुधारने में समय अधिक लगेगा। निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग का कहना है कि पीडब्ल्यूडी के अमले ने मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। सुबह पानी की सुचारू रूप से सप्लाई होगी।

## चिकित्सकों ने कहा मरीजों की सेहत से मत करो खिलवाड़

# दूसरे दिन भी जारी रहा सरकारी डॉक्टरों का आंदोलन, जलाई अमानक दवाओं की होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपनी मांगों को पूरा करने के साथ ही सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों को मरीजों की सेहत की भी चिंता है। शुक्रवार को आंदोलन के दूसरे दिन राजधानी समेत प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों ने अमानक दवाइयों की सांकेतिक होली जलाई। डॉक्टरों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में अमानक दवाइयों पर प्रतिबंध लगे और दोषी कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने अमानक दवाइयां बनाने वालों को आजीवन कारावास की सजा देने की भी मांग की।

अपनी मांगों को लेकर हमीदिया अस्पताल के डॉक्टरों ने लगातार दूसरे दिन विरोध-प्रदर्शन किया। शुक्रवार को गांधी मेडिकल कॉलेज में अमानक दवाओं की होली जलाई गई। यही नहीं, काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन भी किय गया। डॉक्टरों का यह आंदोलन चिकित्सक महासंघ के बैनर तले किया जा रहा है।



## डॉक्टरों ने कहा, गलत जानकारी से बचें, हड़ताल नहीं, एक घंटा काम बंद कर विरोध किया

### 16 सदस्यीय हाई पॉवर कमेटी का किया गठन

राजधानी में देर शाम चिकित्सक महासंघ के पदाधिकारियों की प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव और स्वास्थ्य आयुक्त तरुण राठी के साथ वल्लभ भवन में बैठक हुई। इस दौरान चिकित्सकों की लंबित मांगों को लेकर 16 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया। ऐसे में अब यह आंदोलन की रूपरेखा में बदलाव की आशंका जताई जा रही है। जिसका अध्यक्ष लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव (पीएस) होंगे। वहीं संयोजक के रूप में चिकित्सा शिक्षा संचालक को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सदस्य के रूप में चिकित्सक महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीय, जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के डॉ. कुलदीप गुप्ता समेत 2 विभागीय अधिकारी और 10 महासंघ से जुड़े अलग-अलग चिकित्सकों के संगठनों के प्रतिनिधि को शामिल किया गया है।

**हड़ताल की कोई घोषणा नहीं की**

आंदोलन को लेकर कुछ लोग गलत जानकारी फैला कर रहे हैं। दरअसल एक अखबार में छपा था कि जीआईएस के दौरान डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे। महासंघ ने ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। आंदोलन की जारी रूपरेखा में सिर्फ उग्र आंदोलन का ऐलान किया है।

डॉ. राकेश मालवीय, संयोजक, चिकित्सक महासंघ






# पर्यावरण संरक्षण, शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए ग्रीनरी से बने बस स्टॉप का लोकार्पण

*भोपाल। महापौर मालती राय ने रेतघाट चौराहे पर कुदसिया पार्क के निकट बीसीएलएल द्वारा ग्रीनरी से निर्मित देश के पहले बस स्टॉप का लोकार्पण फीता काटकर किया। पर्यावरण संरक्षण एवं शहर की सुंदरता को बढ़ाने के लिए स्टील के स्ट्रक्चर पर बनाए गए इस बस स्टॉप को आकर्षक हरियाली और विद्युत साज सज्जा से सजाया गया है। यह बस स्टॉप देश में अपने किस्म का पहला बस स्टॉप है।*

## प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के चलते कल बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

# पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा आवागमन

**भोपाल।** 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के चलते राजधानी की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया। दरअसल इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय जीआईएस समिट का आयोजन किया जा रहा है। पीएम इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कार्यक्रम का ट्रैफिक प्लान

- सभी प्रकार के मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन-(समय दोपहर 15 बजे) रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा एवं मछली घर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सामान्य दो-पहिया, चार पहिया एवं लोक परिवहन वाहन (समय दोपहर 15 बजे) रोशनपुरा चौराहे से पुराना पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा एवं मछली घर तिराहा से गांधी पार्क तिराहा तक प्रतिबंधित रहेगा।

### इस दौरान ऐसी रहेगी यात्री बसों की डायवर्सन व्यवस्था (समय दोपहर 14:30 बजे)

- इंदौर, उज्जैन की ओर से आने-जाने वाली यात्री बसों का हलालपुर बस स्टैंड से आगे लालघाटी की ओर प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये बसें हलालपुर बस स्टैंड पर समाप्त होंगी। राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की ओर से हलालपुर बस स्टैंड आने-जाने वाली यात्री बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा से खजूरी बायपास तिराहा से बैराग-सज मार्ग होते हुए हलालपुर बस स्टैंड तक जा सकेंगी।
- राजगढ़-ब्यावरा मार्ग की ओर से नादरा बस स्टैंड आने-जाने वाली बसें मुबारकपुर बायपास तिराहा से गांधीनगर तिराहा, करोंद, बेस्ट प्राइस तिराहा, जेपी नगर तिरहा से नादरा बस स्टैंड की ओर आ-जा सकेंगी।
- सभी प्रकार के मालवाहक, भारी, व्यावसायिक एवं अनुमति प्राप्त वाहन-(समय दोपहर 14:30 बजे )
- रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेत घाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधीपार्क तिराहा तक आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। लोगों को ट्रैफिक प्लान से आसानी होगी।

### यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी -सजयाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहे से दाये मुड़कर, नाथू बरखेडा रोड़, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे ।

### वैकल्पिक मार्ग

- बैरागढ़ राजाभोज विमानतल एवं राजगढ़-ब्यावरा की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारत माता चौराहा, भदभदा चौराहा, साक्षी-सजयाबा तिराहा, नीलबड़ तिराहे से दाये मुड़कर, नाथू बरखेडा रोड़, मुगालिया छाप, खजूरी सड़क, खजूरी बायपास तिराहा-मुबारकपुर चौराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।
- सीहोर-इंदौर की ओर आवागमन करने वाले वाहन भारतमाता चौराहा, भदभदा चौराहा, नीलबड़ रातीबढ़-झागरिया होकर आवागमन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त भोपाल शहर से सीहोर-इंदौर, राजगढ़-ब्यावरा एवं राजाभोज एयरपोर्ट की ओर जाने वाले प्रभात चौराहा, जेके रोड, रत्नागिरि,अयोध्या बायपास मार्ग, भानपुर, करोंद चौराहा, नई जेल, गांधीनगर तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे।

**सामान्य दो-पहिया, चार पहिया वाहन-(समय दोपहर 3 बजे)**

- रोशनपुरा चौराहे से पॉलिटेक्निक चौराहा, कमला पार्क, रेत घाट, वीआईपी रोड, लालघाटी, गांधीनगर तिराहा एवं पॉलिटेक्निक चौराहा से गांधी पार्क तिराहा तक आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### इस दौरान यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

- रोशनपुरा से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन बस स्टैंड की ओर जाने वाले दो पहिया एवं चार पहिया, जीप/कार बाणगंगा, मछलीघर, खटलापुरा, पीएचक्यू तिराहा होते हुए भारत टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- रोशनपुरा से भारत टॉकीज, रेलवे स्टेशन बस स्टैंड की ओर जाने वाले दो पहिया एवं चार पहिया, जीप/कार मालवीय नगर तिराहा से विधायक विश्राम गृह, पुलिस कंट्रोल रूम तिराहा होकर आवागमन कर सकेंगे। मिनी बसें एवं बड़ी बसें अपैक्स बैंक, बोर्ड ऑफिस चौराहा, बीएसएनएल तिराहा, बोगदा पुल से होकर भारत टॉकीज होते हुए आवागमन कर सकेगी।



Can Fin Homes Ltd
(Sponsor: CANARA BANK)
HOME LOANS • DEPOSITS
Translating Dreams into Reality

## केन फिन होम्स लि.

शाखा का पता – प्लॉट नंबर 202 इंद्रा नगर मंडीदीप
रायसेन 462046 संपर्क नंबर 7625079225 / 9654107919
ई–मेलः mandideep@canfinhomes.com सीआई,नः L85110KA1987PLC008699

**कब्जा सूचना [नियम 8(1)] [अचल सम्पत्तियों के लिए]**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन तथा उक्त अधिनियम और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना निम्नवर्णित तिथियों को जारी की थी जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) / सह–कर्जदारों / गारंटरों से सूचना में वर्णित बकाया राशि तथा अंतिम भुगतान की तिथि तक संविदात्मक दर पर ब्याज का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार तथा गारंटर उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों को विशेष रूप से और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे प्रत्येक कर्जदार के समक्ष वर्णित संपत्ति का कब्जा इसमें आगे वर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

| क्र. सं. | कर्जदारों तथा गारंटरों का नाम | सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना तिथि | बकाया राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री नितिन सिंह और श्रीमती अर्चना सिंह,** फ्लैट नं.601, मैजेस्टी ब्लॉक, छठी मंजिल, 'किंग पार्क सिटी' 'मैजेस्टी ब्लॉक', पिपलिया गज्जू रोड, वार्ड नं.24, ग्राम–मंडीदीप, तहसील–गोहरगंज, जिला–रायसेन एम.पी–462046 | फ्लैट नं.601, मैजेस्टी ब्लॉक, छठी मंजिल, 'किंग पार्क सिटी', 'मैजेस्टी ब्लॉक', पिपलिया गज्जू रोड, वार्ड नं. 24, गांव–मंडीदीप, वार्ड नं.24, तहसील–गोहरगंज, जिला–रायसेन एम.पी–462046 560 वर्ग फीट के सुपरबिल्टअप क्षेत्र के साथ। **सीमाः** उत्तर–फ्लैट नं.602, दक्षिण–कॉमन एरिया, पूर्व–कॉमन एरिया, पश्चिम–कॉलोनी रोड, | 10.12.2024 | रु.10,94,837 / – (रु. दस लाख चौरानबे हजार आठ सौ सैंतीस मात्र) और उस पर ब्याज। | 17.02.2025 |
| 2. | **श्रीमती चंद्रकला राजेश शर्मा,** मकान नंबर ईडब्ल्यूएस–124, पटेल नगर, वार्ड नंबर 16, मंडीदीप, एम.पी.–462046 | फ्लैट नंबर–306, तीसरी मंजिल, 'किंग पार्क सिटी', 'पिंक ब्लॉक', पिपलिया गज्जू रोड, गांव–मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला–रायसेन, 430 वर्ग फीट के **सुपरबिल्टअप क्षेत्र के साथ। सीमाः** उत्तर–फ्लैट नंबर 305, दक्षिण–फ्लैट नंबर 307, पूर्व–कॉमन एरिया, पश्चिम–कॉलोनी रोड | 10.12.2024 | रु. 8,98,154 / – (रु. आठ लाख अट्ठानवे हजार एक सौ चौवन मात्र) और उस पर ब्याज। | 17.02.2025 |

कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार सीएफएचएल की प्रत्येक सम्पत्ति के सामने वर्णित बकाया राशि और उस पर पूर्ण भुगतान तक आगे ब्याज के प्रभाराधीन होगा।

तिथि : 21.02.2025,
स्थान : मंडीदीप

हस्ता / –, प्राधिकृत अधिकारी,
केन फिन होम्स लिमिटेड



## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला नर्मदापुरम्

क्र/क्रय/स्टोर/2024-25/1703 — नर्मदापुरम्, दिनांक- 19/02/25

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं की कार्य व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु उच्च कुशल / कुशल/अर्धकुशल / अकुशल श्रमिक उपलब्ध कराने के संबंध में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाकार निविदा से संबंधित सम्पूर्ण विवरण एवं निविदा प्रपत्र ऑनलाईन (www.mptenders.gov.in) के माध्यम से प्रति निविदा 1000/- रुपए जमा कर प्राप्त करें। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय की भण्डार शाखा से संपर्क किया जा सकता है।

**निविदा प्रक्रिया विवरण**

**ऑनलाईन निविदा क्रमांकः- 1703**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा विवरण | जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य संस्थाओं की कार्य व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु उच्च कुशल/कुशल/अर्धकुशल/अकुशल /श्रमिक उपलब्ध कराने के संबंध में |
| 2 | निविदा दस्तावेज आनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र का मूल्य रशि 1000/- (एक हजार मात्र) जो ई-टेण्डर की वेबसाईट पर देय होगा। कोई भी समस्या आने पर ई-टेण्डर के हेल्प लाईन नम्बर या कार्यालय के दूरभाष क्र. 07574 250113 पर संपर्क करें। |
| 3 | ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक समय। | 25/02/2025 10:00 बजे से |
| 4 | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय। | 25/02/2025 10:00 बजे से |
| 5 | प्री-बिड मीटिंग दिनांक | 05/03/2025 12:00 बजे से |
| 6 | ऑनलाईननिविदा जमा करने की प्रारंभिक तथा अंतिम दिनांक एवं समय | 07/03/2025 10:00 बजे से 17/03/2025 18:00 बजे तक |
| 7 | तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | 19/03/2025 12:00 बजे |
| 8 | वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | Decide after technical bid opening |
| 9 | स्थान | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम् |

**डॉ. बिरीश दहेलवार**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**नर्मदापुरम् दूरभाष 07574-252464**

जी - 23358/24 — स्वच्छता ही सेवा


## जैकेट का शेष...

### मादा चीता और...

में घूम रहे हैं। इस तरह कूनो के खुले जंगल में 12 चीते रफ्तार भर रहे हैं। अब कूनो पार्क में भ्रमण पर आने वाले पर्यटकों को चीतो का दीदार हो सकेगा। ऐसे में अब कूनो पार्क में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है।

### सफलता के लिए...

सतर्कता, स्फूर्ति और मोह रहित रहते हुए अपने उद्देश्य के प्रति समर्पण जैसे गुण विद्यार्थियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित सभी व्यवसाय के लोगों में होने चाहिए। इस श्लोक में संशोधन की जरूरत है। काग चेष्टा सबके जीवन में जरूरी है। महापुरूषों के जीवन से सीख लेने की सलाह देते हुए विद्यार्थियों से कहा कि युवा सब प्रकार से समर्थ होता है और वह कठिन से कठिन कार्य कर सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने देवी-देवता नहीं देखे, लेकिन माता-पिता में दोनो पा सकते हैं। यह हमारी परिवार परंपरा है। डॉ. यादव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी इसका आदर्श हैं। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया। बता दें कि मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले मेधावी विद्यार्थियों को यह लैपटॉप राशि दी गई है।

### सिंगरौली में ऑर्केस्ट्रा...

मुताबिक शितूल गांव के रहने वाले देव कुमार शाह के घर बुधवार को छठी (बारहो संस्कार) कार्यक्रम था। इसके लिए सरई इलाके से ऑर्केस्ट्रा बुलाया गया था। इसमें अपनी बहन के साथ पीड़ित और अन्य युवती भी पहुंची थी। रात तकरीबन 10 बजे से 1 बजे तक डांस प्रोग्राम चला। तीनों एक साथ रात करीब डेढ़ बजे चार साथियों के साथ चार बाइक से घर के लिए निकले।

### महिलाओं के नहाते...

बना रहे हैं। उनकी फोटो खींच रहे हैं और फिर इन वीडियोज और फोटोज को डार्क नेट पर अपलोड कर रहे हैं। पॉर्न साइट्स पर डाल कर पैसा कमा रहे हैं। इस बात का खुलासा यूपी पुलिस ने खुद किया है। प्रयागराज पुलिस के मुताबिक, कुछ इंस्टाग्राम अकाउंट्स...फेसबुक अकाउंट्स और टेलीग्राम चैनल पर ऐसे वीडियोज और फोटोज अपलोड किए जाने की शिकायतें मिली थी। पुलिस ने जब जांच की तो पता लगा कि सीसीटीवी चैनल 11 नाम के एक टेलीग्राम चैनल पर कुछ आपत्तिजनक तस्वीरों को टीजर के तौर पर इस्तेमाल किया गया। इसमें कुछ पिक्चर्स लगाकर दावा किया गया कि इस चैनल का 1999 रूपए में सब्सक्रिप्शन लेने पर महाकुंभ में स्नान करती महिलाओं के वीडियो दिए जाएंगे। इसी तरह के कई अकाउंट पुलिस को मिले हैं। पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से इन अकाउंट्स के बारे में डिटेल जानकारी मांगी है। यूपी पुलिस ने इस मामले में 13 एफआईआर दर्ज की हैं और अब तक 103 सोशल मीडिया हैंडल के खिलाफ एक्शन लिया है। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि कुछ फोटोज और वीडियोज पर लिखा है कि वो सेल के लिए अवलेबल हैं। यानि इसके जरिए पैसा कमाने का धंधा भी चल रहा है। इसलिए, अब पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और अपराधियों को जल्दी से जल्दी पकड़ा जाएगा। सनातन के सबसे बड़े मेले में महापाप की जांच शुरू हो गई है। जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

### पहाड़ों की ठंडी...

मंडला में दिन का तापमान सबसे अधिक 34 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि भोपाल में दिन के तापमान में मामूली गिरावट हुई। जिससे दिन का तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। धार, गुना, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन व उज्जैन में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जबकि प्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, दमोह, नौगांव, रीवा, सतना सहित अन्य जिलों में तापमान में बढ़त दर्ज की जा रही है।

**24 को फिर सक्रिय होगा सिस्टमः** मौसम विभाग के वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि 24 फरवरी को उत्तर-पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसका असर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। फरवरी में कई विक्षोभ सक्रिय होते हैं। अबकी बार भी ऐसा ही है। इस वजह से पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। फिलहाल, बारिश होने के आसार नहीं हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY) हाऊसिंग फॉर ऑल प्रकोष्ठ (HFA CELL)
तृतीय तल, आई.एस.बी.टी. भवन, होशंगाबाद रोड, हबीबगंज, भोपाल -462023

NIT No.01/HFA/BMC/2025 — Date-20-02-2025

:: निविदा आमंत्रण ::
निविदा क्रमांक -2025_UAD_404016_1

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत गंगा नगर परियोजना (रेरा पंजीयन क्र. P-BPL-24-5259) स्थल के शेष 67 एल.आई.जी. 2 बी.एच.के. आवासों का व्ययन उच्चतम निविदा दर के आधार पर किये जाने हेतु ई-निविदा पद्धति के अन्तर्गत www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएँ दिनांक 25.02.2025 समय 12:00 PM से 25.03.2025 समय शाम 05:30 PM बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 27.03.2025 को प्रातः 10:30 AM बजे निविदा की तकनीकी बिड खोली जावेंगी। निविदा प्रपत्र, अनिवार्य शर्तें एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होंगी। यदि निविदा में किसी प्रकार का कोई संशोधन इत्यादि होता है तो वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा केवल वेबसाईट पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

नोटः- ऑनलाईन, ई-निविदा में समस्या होने पर मोबाइल नंबर 9424499880, पर संपर्क करें अथवा ईमेल-bmcmp.hfa@gmail.com पर मेल करें।

**जोनल अधिकारी (HEA)**
**नगर पालिक निगम भोपाल**

सू.क्र.1364/024/025


## पेज एक का शेष...

### हमें शांति से ...

कॉलोनी सूर्य विहार में पिछले एक साल से अज्ञात चोरों का आतंक बना हुआ है। यहां के लोग चोरों के आतंक से इस कदर डरे हुए हैं कि उन्हें रात को जागना पड़ता है। चोरों से परेशान कॉलोनी के लोगों का कहना है कि बीते दिनों चोरों ने एक बार फिर से कॉलोनी में दस्तक दी थी। चोरों की आहट सुनने के बाद उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन चोरों ने पलटवार करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले।

### न्याय दिलाने पति...

करते हुए आ रहा है। युवक उसके पीछे-पीछे मंदिर तक गया और अकेला पाते ही उसे एक पहाड़ी के पीछे खींच ले गया, जहां उसने उसके साथ बलात्कार किया।

### पड़ोसी ने पीछा..

ने कहा कि हम जल्द ही उसे हिरासत में ले लेंगे।

### हमारे मामलों में ...

भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए।

### प्रधानमंत्री मोदी 24...

किसान सम्मान निधि' ने छोटे किसानों की जिंदगी बदली है। ऐसे किसान जो लघु और सीमांत है विशेषकर उनकी खाद-बीज की जो आवश्यकता होती थी, उसे पूरा करके उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से लगभग 9 करोड़ 80 लाख किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त के रूप में 22 हजार करोड़ रुपए की राशि जारी करेंगे। पिछली बार 9 करोड़ 60 लाख किसानों को इसका लाभ मिला था। इस बार किसानों की संख्या बढ़ी है। अब तक लगभग 3 लाख 86 हजार करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में डाली जा चुकी है।

### शादीशुदा प्रेमी ...

सपने देख रही थी। अब आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर पुलिस ने युवती का शव बरामद कर लिया है। परिजन ने उसकी गुमशुदगी पुलिस में दर्ज कराते हुए गांव के रहने वाले शंकर राजपूत नाम के युवक पर शक जाहिर किया था। पुलिस ने आरोपी शंकर को पकड़कर जब उससे पूछताछ की तो चौंका देने वाला खुलासा हुआ। आरोपी शंकर ने बताया कि उसने हत्या कर युवती के शव को कब्रिस्तान में दफन कर दिया है।


## कार्यालय नगर निगम, भोपाल

विद्युत शाखा
आई.एस.बी.टी. गोविन्दपुरा निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 120/वि.शा./2025 — दिनांक- 20/02/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज/आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर आनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य स्थाल का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस ओ आर | निविदा की अवधि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_404172_1 | Supply and installation of Decorative post top lantern and LED Strip at Panchwati Market and Barkheda Pathani park Ward No. 56 Bhopal | 1353901/- | 10500/- | 2000/- | Registered Electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license | MPUADD Electrical SOR 2021 AND NON SOR | 01 माह | 01 माह |

नियम व शर्तें :-
निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे। समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह website पर प्रदर्शित होगा। वह पृथक से सामाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा।

**सहायक यंत्री (वि.)**
**नगर निगम भोपाल**

नि.क्र. 1360/024/025


### बदनामी के डर...

गया और हत्या कर उसकी लाश को कब्रिस्तान में दफन कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कब्रिस्तान से युवती का शव बरामद कर लिया है।

### आपत्ति के बाद भी संभाजी...

छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र संभाजी महाराज भारत में अत्यधिक पूजनीय माने जाते हैं। नोटिस में यह भी कहा गया था कि विकिपीडिया पर प्रकाशित जानकारी उनके अनुयायियों में असंतोष पैदा कर सकती है और इससे सामाजिक अशांति फैलने की आशंका है। यह विवाद हाल ही में रिलीज हुई हिंदी फिल्म 'छावा' के संदर्भ में भी जुड़ा हुआ है, जो संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। विकिमीडिया फाउंडेशन ने इस संबंध में अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### विशेष दर्शन में ...

स्लॉट नही मिलेगा। दर्शन टिकट अब केवल ऑनलाइन बुक होंगे। तो वहीं शनिवार, रविवार विशेष दर्शन बुकिंग बंद रहेगी। विशेष दर्शन करने के लिए बुकिंग सिर्फ मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट www.shriomkareshwar.org से होगी। कलेक्टर खंडवा ऋषव गुप्ता ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और शीघ्र दर्शन के नाम पर ठगी से बचने के साथ ही वीआईपी दर्शन करने के लिए लागू किया गया है।

### अब शिकंजा और कसा...

सौरभ शर्मा सहित तीनों आरोपी 3 मार्च तक की ज्यूडिशल रिमांड पर हैं। सबसे पहले लोकायुक्त ने तीनों को अरेस्ट करके 7 दिन की रिमांड पर लिया था। इसके बाद ईडी ने आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर 7 दिन के लिए अपनी रिमांड पर लिया। वर्तमान में तीनों केंद्रीय जेल में बंद हैं। आयकर विभाग को मेंडोरी के जंगल में इनोवा कार में 50 किलो गोल्ड और 11 करोड़ रुपए कैश मिला था। यह कार चेतन गौर के नाम रजिस्टर्ड थी। यह पता चलने के बाद आयकर विभाग के अफसरों ने उसी समय इनोवा कार के मालिक चेतन सिंह गौर से पूछताछ की थी। उसने पूछताछ में बताया था कि कार उसके नाम से है, लेकिन उसका उपयोग सौरभ करता है।

### 20 दिन की ...

डिटेल्स दी थी। इसके बाद कोर्ट ने पूछताछ की परमिशन दे दी है। बता दें कि गुरुवार को तीनों आरोपियों की जमानत याचिका भी खारिज हो चुकी है।


हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644




खरीदना है सागर शहर के आसपास या ग्रामीण एरिया 100 एकड़ से 1500 एकड़ सस्ती जमीन खरीदना है सम्पर्क करें- 9827951230, 9131508711
BLS-22 to 28-02-2025

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 10X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू

**आवश्यक सूचना**

वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R-14/02/25 to 18/4/25- not-fab, 16,23,26
not= march-2,9,14,16,23,30,31, April- 6,10,13,14

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

LAKECITY HOSPITAL — CARING PARTNERS
लेकसिटी हॉस्पिटल
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन



कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरुवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकता है। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाना हो सकता है। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**सिंह** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। अफसरों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। सफलता के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सुस्वादु खान-पान में रुचि बढ़ेगी। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — किसी पैतृक सम्पत्ति के लिए विवाद की स्थिति बन सकती है। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। लाभ के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में सद्भाव बनाये रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**मकर** — मन अशान्त रहेगा। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। चिकित्सीय खर्च बढ़ेंगे। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कुंभ** — मन शान्त रहेगा। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। जीवनसाथी के परिवार के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**मीन** — संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5786



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा-2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा-2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5785 का हल



## सूडोकु नवताल- 5796

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5795 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

# चेकपोस्टों पर हुई वसूली की निष्पक्ष जांच की जाए

- *ट्रांसपोर्ट संगठन ने पीएम मोदी को पत्र लिखकर यह मांग की*
- *सौरभ शर्मा जैसे भ्रष्ट अधिकारियों की संपत्ति राजसात की जाए*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




माल परिवहन व्यवसाय से जुड़े ट्रांसपोर्टरों की संस्था ट्रक ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मांग की है कि परिवहन विभाग में सौरभ शर्मा जैसे कई भ्रष्ट अधिकारियों की संलिप्तता है। चेकपोस्टों पर वाहनों से अवैध वसूली का गोरखधंधा पिछले 5-6 वर्षों से है।

अतः पिछले 5 से 6 सालों में हुई इंट्री फीस के नाम पर वसूली की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सौरभ शर्मा के साथ -साथ विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों की संपत्ति राजसात की जाए। ऑपरेटर एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन इंदौर के अध्यक्ष सीएल मुकाती ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहाकि चेकपोस्टों पर हुई अवैध वसूली की निष्पक्ष जांच मासिक वाहनों की लिस्ट से, मासिक टोकन से, प्रति चक्कर आने -जाने से लगेगा। क्योंकि मध्यप्रदेश के चेकपोस्टों पर मासिक 300 करोड़ रुपए से अधिक वसूली परिवहन चालकों की होती थी। जिसकी शिकायत हमारी संस्था द्वारा मय सबूत के वीडियो, ऑडियो, शपथ पत्रों के मार्फत , देशभर के परिवहन संगठन के प्रमाणित दस्तावेज पर केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, लोकायुक्त ईडी, ईओडब्ल्यू, सीबीआई, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य को निरंतर किया गया। कई बार समाचार पत्रों ने भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई गई, सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा भी निरंतर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते रहे है मगर किसी भी विभाग द्वारा नहीं सुना गया, नहीं देखा गया और न ही कार्रवाई की गई।

### *सोने- चांदी के साथ ही अभी अकूत संपत्तियां जब्त करना बाकी है*

*एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकाती के अनुसार परिवहन चेकपोस्टों पर सौरभ शर्मा एवं अन्य परिवहन अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा प्राइवेट गुंडे रखकर सुनियोजित तरीके से नकद में अवैध वसूली की जाती थी, जिसका कुछ हिस्सा हालही में ही आया। लेकिन जांच एजेंसियों द्वारा सौरभ शर्मा को पकड़ कर मामले को रफा-दफा किया जा रहा है। मुकाती ने कहाकि अगर ईमानदारी से छानबीन कर कार्यवाही की जाए तो निश्चित ही यह देश की सबसे बढ़ी भ्रष्टाचार का खुलासा होगा, क्योंकि अभी तो भ्रष्टाचार लूट की रकम में हीरे, सोने- चांदी एवं अकूत संपत्तियां जब्त करना बाकी है। अतः अनुरोध है कि मध्यप्रदेश परिवहन चेकपोस्टों पर हुए भ्रष्टाचार की जांच निष्पक्ष करवाई जाए। जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा और जांच में जब्त होने वाली अकुट संपति धन हीरे, सोना, चांदी, प्रॉपर्टी को राजसात की जाए। तभी वाहन चालक, वाहन मालिक को न्याय मिलेगा ।*

## वीएल इंफ्राप्रोजेक्ट्स को मिला 41.92 करोड़ का ऑर्डर

**मुंबई।** वीएल इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि गुजरात वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड से 41.92 करोड़ रुपए का एक महत्वपूर्ण कार्यादेश प्राप्त हुआ है। इस परियोजना को 18 महीनों के भीतर पूरा किया जाना है। यह अनुबंध अबदासा, कच्छ में अबदासा आरडब्ल्यूएसएस संवर्द्धन 2021-22 (नल से जल) परियोजना के तहत विभिन्न आकारों के पीवीसी/डीआई पाइपलाइनों की आपूर्ति, स्थापना, सम्पर्क, जोड़ने और कमीशनिंग के साथ-साथ अंडरग्राउंड संप, ईएसआर, आरसीसी पंप हाउस, यांत्रिक कार्य, आरसीसी कंपाउंड वॉल और आरसीसी अप्रोच रोड के निर्माण के लिए है। इस नए ऑर्डर के साथ कंपनी की कुल ऑर्डर बुक लगभग 208 करोड़ तक पहुंच गई है।

### विजिन्जम पोर्ट, त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट और कोच्चि में लॉजिस्टिक्स हब की योजनाएं शामिल

# अडाणी ग्रुप 5 साल के दौरान केरल में 30 हजार करोड़ रु. का निवेश करेगा : करण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोच्चि

अडाणी ग्रुप अगले पांच सालों में केरल में 30 हजार करोड़ रुपए का निवेश करेगा। यह घोषणा अडाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अडाणी ने शुक्रवार को 'इन्वेस्ट केरल ग्लोबल समिट' में की। इस निवेश से राज्य के विकास को एक नई दिशा मिलेगी और स्थानीय आर्थिक गतिविधियां तेज होंगी।

इस मौके पर केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, मंत्रीगण, उद्योगपति उपस्थित थे। अडाणी ग्रुप पहले ही केरल के विजिन्जम पोर्ट पर 5,000 करोड़ रुपए का निवेश कर चुका है। इस परियोजना के तहत ग्रुप विजिन्जम पोर्ट का विकास कर रहा है। इसके अतिरिक्त, अडाणी समूह त्रिवेंद्रम हवाई अड्डे की क्षमता को 4.5 मिलियन से बढ़ाकर 12 मिलियन यात्रियों तक पहुंचाएगा, इसके लिए 5,500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा।



### *लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स हब का निर्माण होगा*

*करण अडाणी ने यह भी घोषणा की कि ग्रुप कोच्चि में एक लॉजिस्टिक्स और ई-कॉमर्स हब बनाएगा, जो राज्य में व्यापार और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा. इसके साथ ही, कोच्चि में सीमेंट निर्माण क्षमता का भी विस्तार किया जाएगा, जिससे स्थानीय उद्योग को मजबूती मिलेगी। इस घोषणा के साथ अडाणी ग्रुप ने केरल में अगले पांच सालों में कुल 30,000 करोड़ रुपए के निवेश का संकल्प लिया है। यह निवेश राज्य में रोजगार के नए अवसर पैदा करने के साथ-साथ स्थानीय विकास की गति को तेज करेगा।*

### *समिट में 3,000 प्रतिभागियों के आने की उम्मीद*

*करण अडाणी के उपरोक्त बयान के बाद अब समिट में लगभग 3,000 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो राज्य के विकास के लिए अपनी योजनाओं को साझा करेंगे और निवेश के अवसरों पर विचार करेंगे। हमारे चेयरमैन गौतम अडाणी के शब्दों में बुनियादी ढांचा क्षेत्र राष्ट्र के लिए संपत्ति बनाने और राष्ट्र निर्माण के बारे में है। केरल विकास और प्रगति के एक मॉडल के रूप में उभर रहा है और अडाणी समूह में हम इस यात्रा का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।*

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी में डीजी-एनसीसी द्वारा ड्रोन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित



**भोपाल।** एलएनसीटी विश्वविद्यालय भोपाल में डीजी एनसीसी का 11 दिवसीय ड्रोन ट्रेनर कोर्स आयोजित किया गया। डीजी एनसीसी मुख्यालय द्वारा आयोजित पहला ड्रोन ट्रेनर कोर्स 10 से 21 फरवरी 25 तक एलएनसीटी विश्वविद्यालय, 2 एमपी एयर स्क्वाड्रन, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय भोपाल और एनसीसी निदेशालय एमपी और सीजी के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस कोर्स में सभी 17 एनसीसी निदेशालयों से सेना, नौसेना और वायु सेना के 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कोर्स में प्रतिभागियों को ड्रोन बनाना और उड़ाना सिखाया गया।

### बैंक ऑफ इंडिया ने किया ऋण वितरण शिविर का आयोजन



**भोपाल।** बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक एसबी राय का आगमन राजधानी भोपाल में हुआ। इस मौके पर प्रधान कार्यालय के क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रमोद कुमार द्विबेदी एवं आंचलिक प्रबंधक गुरुप्रसाद गोंड के संयुक्त नेतृत्व में वृहद ग्राहक जनसंपर्क एवं ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया । ग्राहक जनसंपर्क शिविर में भोपाल अंचल की विभिन्न शाखाओं से बड़ी संख्या में आए ग्राहकों ने अपनी बात रखी एवं बैंक व्यवसाय वृद्धि के लिए सुझाव दिए। इस अवसर पर भोपाल अंचल प्रमुख गुरुप्रसाद गोंड ने आमंत्रित ग्राहकों को उनकी कुल रु. 5 करोड़ की फिक्स्ड डिपोजिट रिसीप्ट्स प्रदान साथ ही 343 बचत खाते एवं चालु खाते खोले गए । कार्यक्रम में संगीता गुप्ता मेडम, उप-आंचलिक प्रबंधक-भोपाल अंचल, जयकांत मिश्रा-रिसोर्स विभाग एवं आरडी बाकले-मार्केटिंग विभाग द्वारा बैंक के विभिन्न जमा उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। ऋण शिविर में आमंत्रित ग्राहकों, हितग्राहियों, स्व-सहायता समूहों को कुल रु. 120 करोड़ के ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए साथ ही साथ रु. 11 करोड़ 23 लाख के एनपीए ऋणों की एक मुश्त समझौते के तहत रिकवरी की गई ।

### आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने किया वैश्विक संवाद का नेतृत्व

**जयपुर।** आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 14-15 फरवरी, 2025 को वैश्विक स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में वैश्विक स्वास्थ्य के प्रबंधन के लिए परिवर्तनकारी समाधानों पर ध्यान केंद्रित किया गया और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को विचारोत्तेजक चर्चाओं में शामिल होने के लिए एक ही मंच पर एकत्र किया गया। सम्मेलन में भविष्य के लिए तैयारियों को बढ़ाने, कोविड-19 जैसी उभरती चुनौतियों और एचएमपीवी वायरस जैसे उभरते खतरों के बीच स्वास्थ्य प्रबंधन में लचीलापन और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए एआई-संचालित समाधानों के उपयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में गणमान्य अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. पीआर सोढानी ने कहाकि हमारे देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र सबसे तेजी से विकसित होने वाले क्षेत्रों में से एक है, जो नवाचार, रोजगार और आर्थिक वृद्धि के अपार अवसर प्रदान करता है।

### सबधाणी ने दिए बोर्ड परीक्षा में 8 परसेंट तक मार्क्स इन्क्रीज करने का मूल मंत्र



**भोपाल।** सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर एवं मोटिवेशनल स्पीकर आनंद सबधाणी ने स्टूडेंट्स से कहाकि प्रारंभ होने वाले बोर्ड परीक्षा में बिना स्ट्रेस और अतिरिक्त कठोर पढ़ाई के 6 से 8 परसेंट मार्क्स इनक्रीज करने के मूल मंत्र दिए। आनंद ने पहले मंत्र में बताया कि एग्जाम में स्टूडेंट्स का पेन केवल पेन नहीं है ये उनका हथियार है इसलिए पेन के ऊपर कैप कभी मत लगाए। इससे पेन का वेट बढ़ जाता हैं और बार-बार पेन चेंज भी मत कीजिए, जिस कंपनी का पेन अभी इस्तेमाल कर रहे है उसी का कंपनी का पेन बोर्ड परीक्षा तक इस्तेमाल कीजिए। ताकि स्पीड और ग्रिप अच्छे से बनी रहे। दूसरा मंत्र में सबधाणी ने कहा कि आज से एग्जाम तक वर्टिकल रजिस्टर पर लिखना बंद कीजिए, केवल हॉरिजॉन्टल शीट या रजिस्टर का यूज कीजिए, क्योंकि एमपी बोर्ड या सीबीएससी बोर्ड की आंसरशीट हॉरिजॉन्टल ही होती है, चेंज पफील नहीं होगा। तीसरा मंत्र पर जोर देते हुए मोटिवेशनल स्पीकर ने कहा किस्टूडेंट्स के एजुकेटर्स, ट्यूशन टीचर्स, स्कूल टीचर्स डिजिटल फॉर्मेट में नोट्स भेजते हैं और स्टूडेंट उसको खोल के अपने स्मार्ट मोबाइल फोन में पढना स्टार्ट करते हैं आम तौर पर मोबाइल में पढ़ते समय ऊपर से कई तरह के मनोरंजक रील वाले नोटिफिकेशन आते रहते है स्टूडेंट उस नोटिफिकेशन के कारण संबंधित ऐप पर चले जाते हैं, फिर वहां रीले देखने में बिजी हो जाते हैं और जो उनका मेन क्वालिटी टाइम वेस्ट हो जाता है इसलिए जितने भी ऑनलाइन डॉक्यूमेंट आते है, उसकी फिजिकल कॉपी प्रिंट आउट निकलवाए और उसके थ्रू ही क्वेश्चन करें।चौथा और अंतिम मंत्र बताते हुए डायरेक्टर आनंद सबधाणी ने कहा कि आम तौर देखा गया है कि स्टूडेंट बेड पर लेटकर या कम्बल रजाई में बैठ कर आराम से पढ़ाई करते है, इन सब चीजों को त्यागना पड़ेगा,बल्कि स्टूडेंट्स को 3 घंटे लगातार टाइमर का यूज करके बेंच पर बैठकर पढने या सैंपल पेपर सोल्व करने की आदत डालनी चाहिए ताकि पेपर टाइमली कंप्लीट हो और एग्जाम देते समय बदलाव महसूस ना हो पाए।

### विक्रांत मैसी का 'मूव यॉर वे' कैंपेन

**नई दिल्ली।** अग्रणी स्पोर्ट्स एवं एथलेजर फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने अभिनेता विक्रांत मैसी के साथ ब्राण्ड के कैंपेन 'मूव यॉर वे' के दूसरे चरण की शुरूआत की है। कैंपेन की पहली फिल्म की शानदार सफलता के बाद यह दूसरी फिल्म आत्मविश्वास के साथ अपने व्यक्तिगत अंदाज़ को अपनाने का संदेश देती है। यह फिल्म फैशन विकल्पों के माध्यम से दर्शकों को अपने जुनून और अनूठी यात्रा को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है।

### कंसाई नेरोलैक ने स्टोर्स को दी आकर्षक पहचान

**मुंबई।** कंसाई नेरोलैक पेंट्स लिमिटेड ने महाकुंभ मेले में परंपरा और इनोवेशन के बेहतरीन तालमेल के साथ स्थानीय विक्रेताओं को सक्षम बनाने के लिए शुरू की गई अपनी पहल को जारी रखा है। कंसाई नेरोलैक ने छोटे कारोबारियों एवं स्ट्रीट वेंडर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को अच्छी तरह समझा, और नेरोलैक के बेहद आकर्षक रंगों के साथ उनके स्टोरफ्रंट को नया रूप दिया। इन नए स्टोरफ्रंट से विक्रेताओं को भीड़-भाड़ के बीच अलग दिखने और अपने स्थान के स्वरूप को बदलने में मदद मिलती है।

### संस्कृति विश्वविद्यालय की शिक्षा समिति का महत्वपूर्ण निर्णय

# विश्वविद्यालय में होगा सनातन धर्म और शिक्षा पर शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा



संस्कृति विश्वविद्यालय की शिक्षा समिति ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय में सनातन पर शिक्षा और शोध कराने का निर्णय लिया है।

इस विशेष शिक्षा को दष्टिगत रखते हुए अनंतश्री विभूषित जगदगुरु रामानंदाचार्य पेशेवर पीठाधीश्वर के स्वामी जगतगुरु सतीशाचार्य महाराज को प्रो. चांसलर नियुक्त किया हैं जिसे जगतगुरु ने आधिकारिक रूप से स्वीकार कर लिया । जगतगुरू के इस निर्णय से उनके अनुयायियों में खुशी की लहर दौड़ गई। समूचा हिंदू समाज गुरुदेव के इस निर्णय पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। जगतगुरु स्वामी सतीश आचार्य की विद्वता, ज्योतिष शास्त्र में निपुणता, वेद-पुराण पर वर्षो से किए गए शोध को देखते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सचिन गुप्ता का निर्णय समूचे सनातनियों, वैष्णवों एवं धर्म में अभिरुचि रखने वाले तमाम लोगों के लिये अनूठा व सराहनीय कदम है।

### क्रॉम्पटन ने लांच किया 'टेकविदहार्ट'

**मुंबई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज़्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने 'टेकविदहार्ट' लांच किया। 'टेकविदहार्ट' क्रॉम्पटन के उस मिशन को दिखाता है, जिसमें उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट, भरोसेमंद और बेहतर काम करने वाले समाधान बनाए जाते हैं। इसमें तेज हवा देने वाले पंखे और बिजली बचाने वाले पंप शामिल हैं, जो लगातार और भरोसेमंद पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करते हैं। हर प्रोडक्ट को ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कंपनी की नेतृत्व टीम ने टेकविदहार्ट को लांच किया। टेकविदहार्ट क्रॉम्पटन ऐसी तकनीक प्रदान करता है ।

**संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**
**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा द्वारा संचालनालय / राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रक्रिया सेल/संभागीय/जिला पेंशन कार्यालय के कार्यालयीन उपयोग के लिए डेस्कटॉप कम्प्यूटर क्रय हेतु GeM Portal के माध्यम से बिड क्र. GEM/2025/B/5957216 दिनांक 15.02.2025 ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की बिड जमा करने की अंतिम तिथि 03.03.2025 दोपहर 3:30 बजे नियत है। निविदा की समस्त जानकारी संचालनालय की वेबसाईट pension.mp.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह उक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। बिना कोई कारण बताए निविदा को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार संचालनालय के पास सुरक्षित है।

संयुक्त संचालक
पेंशन, भविष्य निधि एवं बीमा
मध्यप्रदेश भोपाल

जी - 23311/24 स्वच्छा ही सेवा है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (वि./ यां.)**
**संभाग क्र. 02 13-ए शेड बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

सूचना प्रकाश क्रमांक. 15/व.ले.लि./2024-25 भोपाल, दिनांकः 19/02/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | 2025_PWDRB_403778_1 | 08/SAC/ 2024-25 | जोनल पोल शिफिटंग कार्य 11 केव्ही एच टी लाईन एवं ट्रांसफार्मर शिफिटंग जिला बैतूल | तृतीय आंमत्रण | 2000000.00 | 40000.00 | 2000.00 |
| | | | योगः- | | 2000000.00 | | |

नोटः- निविदा विक्रय दिनांक 20/02/2025 प्रातः 10:30 बजे से निविदा विक्रय अंतिम दिनांक 07/03/2025 सांय 5:30 बजे तक एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करना है। निविदा की निर्धारित तिथियों में या अन्य किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि.(वि./ यां.)
संभाग क्र.02 भोपाल

जी - 23314/24 स्वच्छता ही सेवा

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT. 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

**RC/264/2018** **04-02-2025**

**BANK OF INDIA**
**Versus**
**M/S EVERGREEN TRADERS**

**To**
**(CD1)M/S EVERGREEN TRADERS**
KOTHI NO 9, E-9 KHANUJA ENCLAVE, NEAR BAWADIYA KALA, TEH-HUZUR, DIST-BHOPAL (M.P.)-462001-
**(CD2) SHRI SURJEET SINGH KHANUJA**
KOTHI NO 9 E-9 KHANUJA ENCLAVE NEAR DANAPANI RESTAURANT BAWADIA KALA TEH HUZUR DIST BHOPAL (M.P.)-462001
**(CD3) SHRI PARAMJEET SINGH KHANUJA,**
KOTHI NO 9 E-9 KHANUJA ENCLAVE, NEAR DANAPANI RESTAURANT BAWADIA KALA TEH HUZUR DIST, BHOPAL (M.P.)-462001

Whereas you the **M/s Evergreen Traders** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **29/06/2018 in OA/175/2017** to pay to the Applicant Bank(s)/ Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 3961252.00 (Rupees Thirty Nine Lakhs Sixty One Thousands Two Hundred Fifty Two Only)** along with pendentellite and future interest **@12.00%** Simple Interest Yearly **w.e.f. 28/02/2017** till realization and costs of **Rs. 42000 (Rupees Forty Two Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **26/03/2025 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

Residential Plot No. 72-A, Part of Survey No.- 338/2, 338/1/1, situated at Village Murli, Dream City Colony, Phase-II, Patwari Halka No.-37, Tehsil and District Sehore (M.P.), area admeasuring 800 sq.ft., belonging to CD No.-2 i.e. Shri Paramjeet Singh Khanuja.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **04/02/2025**

Seal

Ms. Priti Desai
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur-482001
NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.

**RC/228/2020** **11-02-2025**

**ALLAHABAD BANK**
**Versus**
**DR. SACHIN JAIN**

To
**(CD1) DR. SACHIN JAIN,** HIG NO.-39, SECTOR-A, SONAGIRI, RAISEN ROAD, BHOPAL, M.P.- 462022
**(CD2) SONIA JAIN,** HIG NO.-39, SECTOR-A, SONAGIRI, RAISEN ROAD, BHOPAL, M.P.-462022

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **26/02/2020** in **OA/381/2017** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 7727819.00 (Rupees Seventy Seven Lakhs Twenty Seven Thousands Eight Hundred Nineteen Only)** along with pendentellite and future interest @ **11.00%** Simple Interest Yearly w.e.f. **24/04/2017** till realization and costs of **Rs. 80000 (Rupees Eighty Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

**2.** You are hereby informed that the **28/03/2025 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

All that part and parcel of Land and Building situated at Plot No. H-39, total Plot Area admeasuring 2517.84 sq. ft., situated at Sector-A, Ward No.-62, Sonagiri, In front of Piplani Petrol Pump, Raisen Road, Bhopal (M.P.); excluding Shop No.-1, 2 and 5 at Ground Floor, area admeasuring 97.2 sq. ft., 154 sq. ft., and 85.5 sq. ft. respectively.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date:**11/02/2025**

Seal

**Ms. Priti Desai**
Recovery Officer-II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR



## चिंतन

# वोटर टर्नआउट फंडिंग का 'सच' सामने लाए सरकार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भारत को लेकर कोई भी बात तथ्य की कसौटी पर तोलकर बोलनी चाहिए। दूसरी पारी में शपथ लेने के बाद से वे लगातार भारत की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तेजी से वैश्विक भूराजनीतिक समीकरण को बदल रहे ट्रंप को भारत के बारे में किसी भी राजनीतिक शैली में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए। भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने संबंधी अमेरिकी वित्त पोषण को लेकर ट्रंप के दावे तथ्यों की कसौटी पर कितने खरे हैं, इसकी जांच निश्चित ही होनी चाहिए। अमेरिका को पहले अपनी यूएसएड (अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय सहायता एजेंसी) की ऑडिट करनी चाहिए, फिर तथ्य के आधार पर भारत के बारे में अपनी बात कहनी चाहिए। भारत सरकार को भी देश में यूएसएड के कामकाज व फंडिंग की जांच करनी चाहिए। जिस प्रकार एलन मस्क नीत अमेरिकी प्रशासनिक सुधार विभाग ने भारत में वोटर टर्नआउट को लेकर यूएसएड की ओर से फंडिंग की बात उछाली है, उसके बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने उस बात को दोहराया और अपनी पूर्ववर्ती जो बाइडन सरकार की ओर इशारा करते हुए यूएसएड फंडिंग के जरिये भारत में चुनावी प्रक्रिया में दखल की बात कही, उसके बाद भारत सरकार का गंभीर होना लाजिमी है। लेकिन इन्वेस्टिगेटिव मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्क और ट्रंप जिस फंडिंग की बात कर रहे हैं, वो मालदोवा और बांग्लादेश के लिए की गई थी, भारत को नहीं। इस फंडिंग की वजह से दोनों जगह सत्ता प्रभावित हुई। सवाल है कि इस फंडिंग का सच सामने आना चाहिए। देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी के बजाय सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और दूध का दूध व पानी का पानी करना चाहिए। भारतीय नीतियां, लोकतांत्रिक शासन प्रणाली, भारत की राजनीतिक स्थिरता, लोकतंत्र की मजबूती, सामाजिक व धार्मिक विविधताएं विदेशी एजेंसियों व राष्ट्रों के निशाने पर रही हैं। चूंकि भारत अभी तेजी से उभरता शक्तिशाली राष्ट्र है, इसलिए इसे अस्थिर करने की कोशिश भी तेजी से होगी। भारत सरकार को वोटर टर्नआउट के लिए कथित अमेरिकी फंडिंग के दावे को गंभीरता से लेते हुए एक्शन लेना चाहिए। इसके लिए भारत को किसी के दबाव में भी नहीं आना चाहिए। भारतीय प्रवासियों के साथ अमानवीय सलूक कर अमेरिकी सरकार ने विश्व में भारत का छविभंजन ही किया है। पीएम नरेन्द्र मोदी की यात्रा के दौरान जैसे को तैसा टैक्स की धमकी भी ग्लोबल ट्रेड व विश्व व्यापार संगठन के नियमों के खिलाफ ही है, साथ ही यह आतिथ्य परंपरा का भी अपमान है। भारत को अपना पक्ष मजबूती से रखना चाहिए। भारत को लेकर ट्रंप प्रशासन की जल्दबाजी वैश्विक कूटनीति के भी अनुरूप नहीं है। अमेरिका अगर भारत पर दबाव बनाने के लिए इन तरीकों का इस्तेमाल कर रहा है, तो यह बहुत ही बचकाना है। भारत को अपनी सॉफ्ट स्टेट की छवि से बाहर आते हुए प्रतिक्रियात्मक रुख अपनाना चाहिए। प्रवासियों को भेजने के तरीके, रेसिप्रोकल टैक्स, वोटर टर्नआउट फंडिंग आदि मसले को लेकर भारत का बोल्ड रुख होना चाहिए। विश्व के अनेक देश देख रहे हैं कि अमेरिकी व्यवहार पर भारत का जवाबी व्यवहार कैसा है? भारत को महाशक्ति की रेस में आगे बढ़ना है, जमना है, तो ग्लोबल व्यवहार के प्रति उसी मात्रा में प्रतिक्रियात्मक बनना होगा। भू राजनीतिक व सामरिक-कूटनीतिक परिदृश्य में भारत अभी अनेक पिछड़े व विकासशील देशों के लिए उम्मीद है। इसलिए भी अमेरिकी दावों की जांच कर ट्रंप प्रशासन के सच को सामने लाना जरूरी है।



विश्लेषण
राजकुमार सिंह

# फिर दौड़ने लगा भाजपा का विजय रथ

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा।

पिछले साल लोकसभा चुनाव में 303 से 240 सीटों पर सिमट जाने के झटके से भाजपा आठ महीने में पूरी तरह उबर गयी है। चार जून, 2024 को आए लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा के विजय रथ की राह में बड़े 'स्पीड ब्रेकर' की तरह थे। 2014 में उसने 282 सीटों के साथ, तीन दशक बाद किसी एक दल को, स्पष्ट बहुमत का कमाल किया था, तो 2019 में अपनी सीटें बढ़ा कर 303 तक ले गयी थी। इसलिए 'अबकी बार, 400 पार' के नारे के बीच पिछले साल लोकसभा चुनाव में अपने दम पर बहुमत से भी वंचित हो जाना बड़ा झटका था। पर तीसरी बार, तेलुगु देशम् पार्टी और जनता दल यूनाइटेड जैसे सहयोगियों के समर्थन से, सरकार बनाने के बाद भाजपा अपने विजय रथ को फिर से पुरानी रफ्तार देने में सफल नजर आती है। बेशक पिछले साल लोकसभा चुनावों के साथ हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा पहली बार ओडिशा में सरकार बनाने में सफल रही थी।

आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम् पार्टी की सत्ता में वापसी में भी वह गठबंधन- भागीदार थी, लेकिन उसके विजय रथ को रफ्तार मिली हरियाणा और महाराष्ट्र की चुनावी जीत से, जिसे अब दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में वापसी से और भी पंख लग जाएंगे। बेशक दो दर्जन विपक्षी दलों द्वारा 'इंडिया' गठबंधन बनाने तथा संविधान और आरक्षण को खतरे जैसे मुद्दे उठाने से अठारहवीं लोकसभा का चुनाव भाजपा के लिए कठिन साबित हुआ, लेकिन उसके बाद वह तेजी से अपनी चुनावी रणनीति और समीकरण बदलने में सफल रही है। लोकसभा चुनाव तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम और चेहरा ही भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी 'ट्रंप कार्ड' रहा। लोकसभा चुनाव के बीच ही भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक इंटरव्यू में यहां तक कह दिया कि शुरूआत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मदद पर निर्भर रही पार्टी अब समर्थ हो गयी है, लेकिन उसके बाद उसकी चुनावी रणनीति में बड़ा परिवर्तन नजर आता है।

बेशक मोदी की लोकप्रियता अभी भी भाजपा का सबसे बड़ा सकारात्मक पक्ष है, लेकिन अब वह बहुआयामी चुनावी रणनीति के तहत चुनावी जंग में उतरती है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को लगे झटके के तीन प्रमुख कारण माने गये। एक, नड्डा की टिप्पणी से संघ की नाराजगी। दो, राज्य नेतृत्व की चुनाव में नगण्य भूमिका। तीन, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' द्वारा उठाये गये संविधान और आरक्षण को खतरे के मुद्दे। इसलिए भाजपा ने संघ से समन्वय और बेहतर बनाते हुए विधानसभा चुनावों में प्रदेश नेतृत्व को भी चुनावी मोर्चे पर आगे रखा। साथ ही वर्ष 2023 के अंत में खासकर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित हुई 'लाडली बहन' योजना से प्रेरित होकर 'मुफ्त रेवड़ी राजनीति' को भी चुनावी रणनीति का खास अंग बनाया। बेशक भाजपा की हालिया चुनावी सफलताओं में 'इंडिया' में बढ़ता असंतोष तथा संविधान और आरक्षण के मुद्दों पर कांग्रेस से इतर दलों की आक्रामकता में कमी भी मददगार रही है, लेकिन मोदी की भाजपा ने फिर से 'चुनाव जिताऊ' मंत्र खोज लिया लगता है।

बेशक दिल्ली में तो भाजपा लगातार तीसरी बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने में सफल रही थी, लेकिन हरियाणा और महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ होने के



बावजूद, उसे जबर्दस्त झटका लगा था। उसके बाद ही भाजपा ने राज्यों के चुनावों में स्थानीय नेतृत्व और मुद्दों पर ज्यादा फोकस करना शुरू किया।

महाराष्ट्र तो इस मामले में मिसाल है, जहां क्षेत्रवार चुनावी रणनीति बनायी गयी। बेशक हरियाणा में भी भाजपा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही, लेकिन महाराष्ट्र में उसने इतिहास ही रच दिया। मध्य प्रदेश की तर्ज पर 'लाड़की बहन' योजना समेत रिकॉर्ड संख्या में लोक लुभावन योजनाएं घोषित की गयीं तो महायुति के मित्र दलों की जीत की भी बिसात बिछायी गयी। हरियाणा और महाराष्ट्र में शानदार जीत के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की राह आसान नहीं थी। आखिर लोकसभा चुनाव में सातों सीटें जिताने के बावजूद दिल्ली के मतदाता उसे राज्य की सत्ता के पास भी नहीं फटकने दे रहे थे और आप उनकी पहली पसंद बनी हुई थी। दरअसल दिल्ली में आप ने एकछत्र राज-सा कायम कर लिया था।

2013 के विधानसभा चुनाव में तो 28 सीटें जीती आप को आठ सीटों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनानी पड़ी, लेकिन 2015 और 2020 में उसने क्रमशः 67 और 62 सीटें जीत कर देश और दुनिया को चौंका दिया। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा क्रमशः तीन और आठ सीटों पर सिमट गयी तो देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी।

ऐसे में दिल्ली का चुनावी मोर्चा, देश में लगातार तीसरी बार सरकार बना लेने के बावजूद, भाजपा के लिए सबसे दुष्कर माना जा रहा था। इसलिए दिल्ली में आप से 40 सीटें छीन कर 27 साल बाद सत्ता में वापसी भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनावी 'बूस्टर डोज' साबित हो सकती है। आंकड़े बताते हैं कि लोकसभा चुनाव मिल कर लड़ीं कांग्रेस और आप के एक-दूसरे के विरुद्ध ताल ठोंकने से भी मदद मिली, लेकिन इस जीत के लिए भाजपा ने एक साथ कई मोर्चों पर काम किया। शराब घोटाले और शीश महल के आरोपों से घिरे अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध भाजपा ने जहां बेहद आक्रामक अभियान चलाया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सघन जन संपर्क के जरिये बड़ी भूमिका निभायी।

आप के परंपरागत वोट बैंक में और भी आकर्षक 'रेवड़ी-वायदों' से सेंध लगायी तो स्थानीय नेतृत्व को आगे करते हुए वेतन आयोग एवं आयकर राहत से अपने वोट बैंक का विस्तार किया। आप के संयोजक केजरीवाल को चुनावी रणनीति में बेहद चतुर माना जाता रहा है, लेकिन उन्हें भी उनके गढ़ में ही करारी मात देकर भाजपा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के लिए चुनावी खतरे की घंटी बजा दी है। पंजाब की परिस्थितियां पूरी तरह अलग हैं, लेकिन दिल्ली की सत्ता गंवाने के बाद आप के लिए दिल्ली नगर निगम में भी अपनी सत्ता बचा पाना आसान नहीं होगा।

निगम की 11 खाली सीटों के लिए उप चुनाव होने हैं, जबकि आप के तीन पार्षद भाजपा तोड़ चुकी है। ऐसे में पिछली बार सिर्फ तीन वोट से जीती आप के लिए इस साल अप्रैल में अपना मेयर बना पाना बहुत मुश्किल होगा। इसी साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने हैं, जहां फिलहाल नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड- भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं। इस गठबंधन में चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा भी शामिल हैं, जबकि चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की मौजूदगी से भी अप्रत्यक्ष लाभ भाजपा को ही मिलेगा। जाहिर है, फिर से रफ्तार पकड़ चुके भाजपा के विजय रथ से मुकाबला अंतर्कलह से ग्रस्त विपक्ष के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
प्रशांत पोळ




# संपूर्ण समाज का कल्याण ही सनातन का सही अर्थ

राष्ट्रीय राजमार्ग 44, बंगलुरु से रीवा और उसके भी आगे जाने वाला राजमार्ग। इस रास्ते पर, इन दिनों अलग-अलग राज्यों की नंबर प्लेट लगाए हुए हजारों वाहन.. इन सबका महाकाय प्रवाह बना हुआ है। लगभग प्रत्येक वाहन पर भगवा ध्वज है। किसी के झंडे पर श्रीराम का चित्र बना है, तो किसी ने उस पर हनुमान जी को पसंद किया है। रास्ते में भगवे झंडे की अनेक छोटी-छोटी दुकानें हैं। जिनके वाहन पर यह नहीं हैं, वह गाड़ी रोककर खरीद रहे हैं। रास्ते के सभी ढाबे, होटल, पेट्रोल पंप, लोगों से भरे पड़े हैं। जहां भी थोड़ा पानी, पेड़ की छांव या मंदिर दिखा, दूर से आने वाली गाड़ियां वहीं पर रुक जाती हैं। हजार से ज्यादा किलोमीटर का यह महामार्ग, इन दिनों उत्सवी वातावरण में हैं। दिन-रात प्रवास करने वाले लोगों में गजब का उत्साह है। इतने लंबे, थका देने वाले प्रवास के बावजूद उन सबके चेहरे पर आनंद है। जाने वालों के चेहरे पर उत्सुकता छलक रही है, तो वापस आने वाले लोगों के चेहरे पर कृतार्थता..! इन प्रवासियों में सभी भाषाओं के, सभी आयु वर्ग के, सभी आर्थिक स्तर के लोग शामिल हैं। इनमें कोई भेदभाव नहीं हैं। ट्रक में भरकर जा रहे कर्नाटक के भाविकों से वैसा ही व्यवहार हो रहा है, जैसा इनोवा में चल रहे तेलंगाना के प्रतिष्ठित परिवार से। इस समय यह सारे लोग सनातन की अक्षुण्ण यात्रा के सहप्रवासी हैं। यह सभी, प्रयाग कुंभ के यात्री हैं। रास्ते में अनेक स्थानों पर लोगों ने निःशुल्क रहने की व्यवस्था की है। अनेक स्थानों पर भंडारे चल रहे हैं। स्थान-स्थान पर कुंभ यात्रियों के स्वागत के बैनर लगे हुए हैं। सिवनी से आगे प्रयाग तक, सरकार ने इस महामार्ग के सभी टोल खोल दिए हैं। अब यह पूरा रास्ता निःशुल्क है। हालांकि रास्ता सुगम नहीं है। हजारों-लाखों प्रवासियों के कारण रास्ते पर जाम लगना या रास्ते को कुछ समय के लिए विवशतावश बंद करना, यह आम बात है। केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र से आने वाले सभी भाविकों को इसका पूरा अंदाज है। यह यात्रा कष्टप्रद है, 10-20 किलोमीटर चलना पड़ता है, इन सबकी उन्हें जानकारी हैं। किंतु फिर भी वह सारे आनंदित हैं। प्रमुदित हैं..! यह अद्भुत है। किसी भी परिपेक्ष में, किसी भी मानक पर, किसी भी कसौटी पर यह शब्दशः अभूतपूर्व है..! देश ने सनातन की ऐसी जबरदस्त ताकत इससे पहले कभी नहीं देखी थी। पिछले कुंभ में भी नहीं। 56 करोड़ से ज्यादा सनातनी, गंगा जी में डुबकी लगा चुके हैं। अर्थात, कुंभ मेला समाप्त होने में अभी कुछ दिन बाकी हैं, किंतु आधे से ज्यादा देश कुंभ हो आया है। यूरोप में सबसे ज्यादा जनसंख्या का देश है - जर्मनी। जर्मनी में 8.45 करोड़ लोग रहते हैं। मजेदार बात यह कि पूरे जर्मनी की लोकसंख्या से भी ज्यादा सनातनी श्रद्धालुओं ने मात्र एक दिन में प्रयाग महाकुंभ में, गंगा जी में स्नान किया है। विश्व अचरज भरी नजरों से भारत को देख रहा है। सनातन की प्रस्फुटित होती इस शक्ति को देखकर वे भौचक हैं। वे अब भारत को और अच्छे से समझने का प्रयास कर रहे हैं। इस कुंभ ने भारत के अर्थतंत्र को जबरदस्त गति दी है। कुंभ की आलोचना करने वालों की समझ में शायद यह बात नहीं आई है। कुंभ का प्रभाव मात्र प्रयागराज, या काशी या अयोध्या तक ही सीमित नहीं है, प्रयाग को जाने वाले प्रत्येक मार्ग पर लाखों लोगों के जीवन में, यह कुंभ आत्मविश्वास का प्रकाश लाया है। टूरिस्ट एजेंसी वाले, टैक्सी,बस, ट्रक वाले, ड्राइवर, पेट्रोल पंप, ढाबे वाले, छोटी-छोटी वस्तुएं बेचने वाले, होटल चलाने वाले, सब्जी -फल की बिक्री करने वाले, झंडा बेचने वाले, टायर का काम करने वाले.. सभी आनंद में हैं। प्रत्येक दुकानदार ने बड़े ही गर्व के साथ अपने प्रतिष्ठान पर भगवा झंडा लहराया है। इस पूरी ताकत को हिंदुत्व की (या सनातन की) शक्ति समझना गलत होगा। यह सारे भाविक हैं। श्रद्धालु हैं। आस्थावान हैं। किंतु इनमें से अनेक को अभी भी हिंदुत्व या सनातन का अर्थ ठीक से समझा नहीं हैं। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम व्यक्तिगत आस्था/श्रद्धा/कर्मकांड को ही सनातन समझ बैठते हैं। इसलिए श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हर्षित उत्तर प्रदेश, हिंदुत्व के विरोधियों को चुनकर देता है। बांग्लादेश के हिंदू नरसंहार पर हिंदू खामोश रहता है। सनातन को दी हुई गालियों को चुपचाप सहन कर लेता है। सनातन का, हिंदुत्व का सही अर्थ है, संपूर्ण समाज का, राष्ट्र का, समष्टि का कल्याण। इस कल्याण के लिए जो आवश्यक है, वह सब करना, यही सनातन है। इस लोक कल्याण को नष्ट और भ्रष्ट करने वाली ताकत का सामना करना, उसे पराजित करना, यही है सनातन। इस महाकुंभ के माध्यम से जागृत हुई यह चेतना, राष्ट्र हित में निश्चित प्रवाहित होगी..!

(लेखक अभियंता, चिंतक और विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## जीवन सिर्फ परिस्थिति है, उसका अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अक्सर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे। जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा।

## निजी स्वार्थ में दूसरों को नहीं देना चाहिए कष्ट



संकलित
प्रेरणा

मृत्यु अटल सत्य है और एक दिन सभी मृत्यु को प्राप्त होंगे। मरने के बाद कोई भी व्यक्ति अपने साथ कुछ भी नहीं ले जा सकता है। इसीलिए गलत काम करने से बचना चाहिए। जो लोग इस बात का ध्यान रखते हैं, वे जीवन में कभी दुखी नहीं होते हैं। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार पुराने समय में एक दुखी व्यक्ति विद्वान संत के पास पहुंचा और बोला कि गुरुदेव मुझे कोई ऐसा सूत्र बताए, जो मुझे जीवनभर याद रहे और मेरी सारी समस्याएं खत्म हो सके। मेरे पास इतना समय नहीं है कि मैं रोज आपके प्रवचन सुनने यहां आऊं। संत ने उसकी बात ध्यान से सुनी और कहा कि ठीक है, मेरे साथ चलो। संत के साथ ही वह व्यक्ति भी चल दिया। संत उस व्यक्ति को लेकर श्मशान पहुंचे। उस व्यक्ति ने पूछा कि गुरुजी आप मुझे ये कहां लेकर आ गए हैं? संत ने कहा कि हम यहां कुछ देर रुकेंगे। थोड़ी ही देर में एक धनी व्यक्ति की अर्थी वहां आई और उसके कुछ देर बाद एक गरीब व्यक्ति की अर्थी लेकर कुछ लोग पहुंचे। अमीर और गरीब, दोनों लोगों के शवों को श्मशान में जला दिया गया। इसके बाद संत उस व्यक्ति को लेकर अपने आश्रम लौट आए। संत ने उससे कहा कि तुम कल फिर आना। मैं तुम्हें कल उपदेश दूंगा। अगले दिन सुबह-सुबह ही वह व्यक्ति फिर से संत के पास पहुंच गया। संत उसे लेकर श्मशान पहुंचे। संत ने अमीर की चिता से एक मुट्ठी राख उठाई और एक मुट्ठी राख गरीब की चिता से उठाई। दोनों मुट्ठियों की राख दिखाते हुए संत ने कहा कि ये देखो, अमीर हो या गरीब, दोनों एक समान हैं, दोनों में बिल्कुल भी अंत नहीं है।

## सटाका




## आज की पाती


### रैगिंग एक बदनुमा दाग

हमारी मानसिकता कुछ इस तरह की बन चुकी है कि जब भी कोई बड़ी दुर्घटना या अनहोनी होती है तो मीडिया तो अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए उसे आम जन तक पहुंचाता है, पर हम एक बार समाचार पढ़ कर या तो व्यथित होते हैं या फिर क्षणिक क्रोधित होते हैं और फिर अगले ही पल भूल जाते हैं कि क्या हुआ था। इसे संवेदनहीनता ही कहा जाएगा। कई राज्यों में रैगिंग को लेकर जो नित नए अमानवीय यातनाओं के आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, वो पूरी मानवता को शर्मिंदा करने वाले हैं। केरल में ही एक के बाद एक रैगिंग की ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जो दिल दहला देने वाली हैं। ताजा मामला तिरुवनंतपुरम के कार्यावत्तोम गवर्नमेंट कॉलेज का है जहां सात सीनियर्स स्टूडेंट्स ने जूनियर स्टूडेंट को पानी में थूक मिलाकर पिलाया।

**- रमेश अग्रवाल, रायगढ़**

## ट्रेंड

### नए क्षितिज की शुरुआत



पूर्वोत्तर की वास्तविक क्षमता को विकसित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने एक नए क्षितिज की शुरुआत की है जिसमें प्रगति और क्षेत्र की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत भविष्य की ओर साथ-साथ चलती है।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### त्रिवेणी संगम में डुबकी



आज त्रिवेणी संगम में मेरे डुबकी लगाने के अनुभव का वर्णन शब्दों में नहीं किया जा सकता, जो सिर्फ नदियों का संगम नहीं है - यह करोड़ों संतानियों की आस्था, आध्यात्मिकता और विरासत का संगम है।

**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### बीजेपी की बी टीम



कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आम चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहाँ बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### मातृभाषा का हैंडल



अपनी मातृभाषा का हैंडल छोड़ना नहीं। जो अपनी भाषा में सोचता, बोलता और जीता है, वो अपनी पहचान कभी नहीं खोता। मिट्टी से जुड़ा इंसान, दुनिया में कहीं भी रहे, दिल से वहीं रहता है, जहाँ से चला था।

**-अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर


### ट्रंप के रुख के बाद जेलेंस्की के समर्थन में यूक्रेनवासी



यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी वर्षगांठ से कुछ दिन पहले यूक्रेनवासी उतने ही उदास और तनावग्रस्त हैं, जितने मॉस्को द्वारा युद्ध शुरू करने से ठीक पहले थे। अब, वे केवल अपने पुराने दुश्मन के बारे में चिंतित नहीं हैं। यूक्रेन के लिए चौंकाने वाला नया खतरा उसके एक समय के सबसे अच्छे सहयोगी, अमेरिका से है, जिसका समर्थन कमजोर पड़ता दिख रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोनों देशों के बीच लड़ाई को रोकने का संकल्प जताते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के स्वर में स्वर मिलाते दिख रहे हैं। ट्रंप ने दावा किया था कि यूक्रेन का नेतृत्व एक 'तानाशाह' कर रहा है जिसने रूस के साथ युद्ध शुरू किया। इसके बाद यूक्रेनी लोग जेलेंस्की के प्रति समर्थन जता रहे हैं, जिन्होंने रूस की 'गलत सूचनाओं' को बढ़ावा देने के लिए ट्रंप की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। कीव की 25 वर्षीय तकनीकी कर्मचारी कैटरीना करौश ने कहा, ''हां, वह एक आदर्श राष्ट्रपति नहीं हैं, लेकिन वह तानाशाह भी नहीं हैं।'' लंबे समय से चली आ रहीं चुनौतियों के बावजूद, यूक्रेन के लोगों ने अमेरिका से भारी सैन्य समर्थन के साथ रूस को अपने देश पर कब्जा करने से रोका हुआ है, भले ही इसका लगभग पांचवां हिस्सा अब रूस के नियंत्रण में है।

## ऑफ बीट

### लोग जनरेटिव एआई से पूछ रहे स्वास्थ्य पर सवाल



ज़्यादातर लोग अपने रोज़मर्रा और पेशेवर जीवन में मदद के लिए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' की ओर रुख कर रहे हैं। चैटजीपीटी सबसे मशहूर और व्यापक रूप से उपलब्ध जनरेटिव एआई टूल में से एक है। यह किसी भी सवाल का मुफ़्त में सटीक और विश्वसनीय जवाब देता है। लोगों के लिए जनरेटिव एआई टूल की मदद से स्वास्थ्य के बारे में जानने की बहुत संभावना है। लेकिन उत्तर हमेशा सही नहीं होते। स्वास्थ्य सलाह के लिए सिर्फ चैटजीपीटी पर निर्भर रहना जोखिम भरा हो सकता है और अनावश्यक चिंता का कारण बन सकता है। जनरेटिव एआई अब भी अपेक्षाकृत एक नयी प्रौद्योगिकी है, और लगातार बदल रही है। हमारा नया अध्ययन इस बारे में पहला ऑस्ट्रेलियाई डेटा प्रदान करता है कि स्वास्थ्य संबंधी सवालों के जवाब देने के लिए कौन चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा है, और किस उद्देश्य से। परिणाम लोगों को यह बताने में मदद कर सकते हैं कि वे अपने स्वास्थ्य के लिए इस नयी प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें, और इसे सुरक्षित रूप से उपयोग करने के लिए आवश्यक नए कौशल – दूसरे शब्दों में, ''एआई स्वास्थ्य साक्षरता'' का निर्माण करें। स्वास्थ्य के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कौन करता है?

चर्च की संपत्ति को कौड़ियों के भाव लीज पर देने का मामला

# चर्च के पूर्व विशप पीसी सिंह व सतपुड़ा रिसार्ट के मालिक सहित अन्य पर ईओडब्ल्यू ने की एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आर्थिक अपराध संगठन (ईओडब्ल्यू) ने पूर्व बिशप जबलपुर डायेसिस, चर्च ऑफ नार्थ इंडिया पीसी सिंह और सतपुड़ा रिसोर्ट प्रा. लि. के मालिक प्रमोद पुरी एवं अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी और गबन सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर नागपुर डायोसेशन ट्रस्ट एसोसिएशन की पचमढ़ी स्थित भवन एवं भूमि को अत्यधिक सस्ते दरों पर लीज पर देने की शिकायत पर की गई है।

ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक सतपुड़ा रिसॉर्ट प्रा.लि. के मालिक प्रमोद पुरी के साथ मिलकर बिशप पीसी सिंह एवं एमके सिंह ने चर्च की संपत्ति को कोड़ियों के भाव लीज पर देकर एनडीटीए को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। यह भूमि एवं भवन होटल ग्लेन व्यू पचमढ़ी के बाजू में स्थित है, जो कि पचमढ़ी का मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र है। ईओडब्ल्यू भोपाल को शिकायतकर्ता नितिन लॉरेंस एवं एनडीटीए के पूर्व प्रॉपर्टी सचिव प्रशांत सत्रालकर द्वारा बिशप पीसी सिंह एवं अन्य के विरुद्ध एनडीटीए के स्वामित्व की पचमढ़ी स्थित भूमि एवं भवन को बिना अधिकारिता एवं बिना एनडीटीए व चैरिटी कमिश्नर नागपुर की अनुमति के व्यावसायिक उद्देश्य के लिए सस्ते दरों पर लीज देने संबंधी शिकायत की गई थी। विगत 19 फरवरी .2007 को एनडीटीए के बिशप पॉल बी. प्रभुदास दुपारे द्वारा जबलपुर डायोसिस के तत्कालीन बिशप पीसी सिंह को संपत्तियों की देख रेख हेतु पॉवर ऑफ अटॉर्नी दी गई। पीसी सिंह द्वारा उक्त पॉवर ऑफ अटॉर्नी का दुरुपयोग कर जबलपुर डायोसिस के सचिव एमके सिंह को अनाधिकृत अधिकार पत्र देकर पचमढ़ी स्थित एनडीटीए की भूमि एवं भवन जो कि पचमढ़ी के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित है, राजस्व रिकॉर्ड में एमके सिंह के नाम पर दर्ज करा दिया, जबकि उक्त भूमि डायोसिस ऑफ भोपाल के क्षेत्राधिकार में थी एवं उस पर एनडीटीए नागपुर का स्वामित्व था। आरोपी बिशप द्वारा नागपुर डायोसिएशन ट्रस्ट एसोसिएशन की 1,05,837 वर्ग फीट भूमि एवं उस पर निर्मित भवन को एम.के. सिंह तत्कालीन सचिव प्रॉपर्टी कमेटी जबलपुर डायोसिस के साथ मिलकर, नागपुर डायोसिएशन की पचमढ़ी स्थित भूमि को बिना एनटीडीए. चैरिटी कमिश्नर नागपुर की अनुमति के सतपुड़ा रिसॉर्ट प्रा.लि. के मालिक प्रमोद पुरी को 14 वर्ष की लीज पर 12,500 रुपए के मासिक किराए पर दे दिया।




### अत्यधिक सस्ते दरों पर लीज पर दिया भूमि और भवन

उल्लेखनीय है कि यह संपत्ति पचमढ़ी के मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र में स्थित होने के बावजूद अत्यधिक सस्ते दरों पर लीज पर दी गई। इस मामले में हुई शिकायत की जांच में मेसर्स सतपुड़ा रिसॉर्ट प्रा.लि. से प्राप्त राशि का गबन किए जाने के आरोप प्रमाणित पाए जाने से जबलपुर डायोसिस के तत्का. बिशप पी. सी. सिंह, तत्कालीन प्रॉपर्टी सचिव एमके सिंह एवं सतपुड़ा रिसॉर्ट प्रा.लि. के मालिक प्रमोद पुरी एवं अन्य के विरूद्ध धारा 120बी, सहपठित धारा 406, 420 भादवि में प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस मामले में जिस तत्कालीन प्रापर्टी सचिव एमके सिंह को आरोपी बनाया है वो अब मृत हो चुके है।

# रेलवे ट्रैक के पास नाले में मिला अज्ञात युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव चौपड़ा कला में रेलवे ट्रैक किनारे नाले से एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। शव करीब तीन से चार दिन पुराना होने के कारण डीकंपोज हो चुका था।

प्रधान आरक्षक संगम शुक्ला ने बताया कि सूखी सेवनिया निवासी यश कुशवाहा रेलवे में पाइंट्समैन हैं। गुरुवार को उन्होंने सूचना दी कि ग्राम चोपड़ा कला स्थित खंबा नंबर 843/19 के पास ट्रैक के किनारे नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 35 वर्षीय युवक की लाश बरामद की। तलाशी लेने पर उसके पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले। अनुमान है कि युवक किसी चलती ट्रेन से गिरा होगा। फिलहाल शव मिलने की सचूना जीआरपी के सभी थानों को भेज दी गई है। मृतक का कद करीब पांच फीट दो इंच है। शव कई दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह से डीकंपोज हो गया था। वह आधी पीली और लाल रंग की फुल टीशर्ट भूरे रंग का पैंट तथा नीले रंग का अंडर वियर पहने था। मृतक दाहिने हाथ में नीले रंग का ब्रेसलेट और लोहे जैसी धातु का कड़ा पहने है। मृतक कमर में काला धागा बांधे है।

## खबर संक्षेप

### निगम ने बनाए 572 प्रकरण, वसूले 66 हजार

**भोपाल।** राजधानी में नगर निगम के समस्त 21 जोनों के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने शुक्रवार को 572 प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए 66 हजार 530 रुपए स्पाट फाइन के रूप में वसूल किए। नगर निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के तीन प्रकरणों में एक हजार 600 रुपए की राशि वसूल की। नगर निगम के अमले ने सीएंडडी वेस्ट कचरा सड़कों पर फैलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जोन नौ के अमले ने एक प्रकरण में एक हजार रुपए, जोन 10 के अमले ने एक प्रकरण में 500 रुपए और जोन पांच के अमले ने एक प्रकरण में 100 रुपए सहित कुल तीन प्रकरणों में एक हजार 600 रुपए की राशि का जुर्माना किया। निगम प्रशासन ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का उपयोग करें।

### निगम ने दो बकायादारों की संपत्तियां कुर्क की

**भोपाल।** नगर निगम के वार्ड 28 के अमले ने सुदामा नगर में भवन 204 पर संपत्तिकर, जल उपभोक्ता प्रभार और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रभार की बकाया राशि 76 हजार 708 रुपए का भुगतान भवन स्वामी लीलाबाई द्वारा न किए जाने पर उक्त संपत्ति कुर्क किया। इस दौरान निगम अमले ने वार्ड 28 में ही निवेश नगर में भवन 15 पर बकाया राशि 39 हजार 373 रुपए का भुगतान भवन स्वामी बीपी छापरे द्वारा न किए जाने पर उक्त संपत्ति कुर्क की।

### 26 फरवरी को निकलेगी भव्य शिव बारात



**औबेदुल्लागंज।** 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। इसके बाद विशाल फलहारी भंडारा आयोजित किया जाएगा। शिव बारात शाम पांच बजे शिव मंदिर अर्जुन नगर से निकलेगी। आयोजन शिव शक्ति धर्मात सांस्कृतिक उत्सव समिति अर्जुन नगर द्वारा किया जाएगा, जिसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। नगर में स्वर्गीय देवेंद्र गुप्ता ने शिव बारात की शुरुआत की थी।

### थाने में हंगामा करने वाली महिला पर प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने एक महिला के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज किया है। आरोपी महिला रेशमा ने थाने पहुंचकर हंगामा करते हुए पुलिसकर्मियों को वर्दी उतरवाने की धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार ऐशबाग पुलिस ने गुरुवार शाम एक युवक को सट्टा खिलाते हुए पकड़ा था। पुलिस टीम युवक को लेकर थाने पहुंची। कुछ देर बाद एक महिला उसे छुड़ाने के लिए पहुंच गई। महिला ने हंगामा करते हुए चिल्लाचोट करनी शुरू कर दी। पुलिस कर्मचारियों ने उसे समझाने का प्रयास किया तो वह झूमाझटकी पर उतारू हो गई थी।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 269 | 76 | 556 |
| रात: | 168 | 52 | 345 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 590 | 49 | 379 |
| रात: | 345 | 27 | 340 |

जहांगीराबाद में पठान जिम के सामने तीन बदमाशों ने की वारदात

# युवक पर चाकू से जानलेवा हमला... सिर और बाएं हाथ समेत कंधे में आई गंभीर चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डी मार्ट के पास पठान जिम के सामने गुरुवार रात तीन बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू का वार हाथ से रोकने के कारण युवक के हाथ में गंभीर चोट आई है, जबकि सिर में पीछे की तरफ और कंधे में चाकू के वार लगने से वह लहूलुहान हो गया। उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 24 साल का रितिक रघुवंशी, कोलीपुरा, बरखेड़ी में रहता है। वह न्यू मार्केट में कपड़े की दुकान पर काम करता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार रात वह कांग्रेस के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाइक से निकला था। उसके साथ दोस्त दीपेश यादव और मुकेश था। तीनों कार्यक्रम से लौटकर अपने घर जा रहे थे। रात करीब दस बजे पठान जिम के सामने पहुंचते ही उन्हें रोशन बाथम, राहुल प्रसाद और जतिन मालवीय मिल गए। रोशन हाथ में चाकू लिए खड़ा था और गाली-गलौज करने लगा। वह कुछ समझ पाता इससे पहले रोशन ने चाकू से हमला कर दिया। हमला हाथ से रोकने के कारण रितिक के बाएं हाथ में गंभीर चोट आई है।

### पीछे से राहुल और जतिन ने मारे चाकू



रितिक रघुवंशी, घायल

रितिक का कहना है कि वह रोशन के हमल से बच रहा था, तभी राहुल और जतिन उसके पीछे पहुंचे और चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसे सिर में और कंधे के पास गंभीर चोट आई है। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। रितिक के साथी दीपेश और मुकेश उसे लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंचे, वहां रितिक का इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि रितिक की शिकायत पर तीनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। रितिक बार बार बेसुध हो रहा था। लिहाजा उससे ज्यादा पूछताछ नहीं की गई।

### स्कूटर मवेशी से टकराई एक की मौत, दूसरे को आई मामूली चोट

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित रायपुर जोड़ चमारी नदी के पास जंगली मवेशी से टकराकर एक्टिवा सवार घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था, वहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत गई। हादसे में दूसरे युवक को मामूली चोट होने के कारण छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अजमेर सिंह जाट पिता गणपत जाट (48) निपानिया जाट में रहते थे और खेती किसानी करते थे। दो दिन पहले बुधवार को वह गांव के परिचत के साथ चमारी नदी के पास से गुज रहा था, तभी एकाएक सड़क पर जंगली सूअर आ गया और उसकी एक्टिवा सूअर से टकरा गई। इस हादसे में स्कूटर से गिरने के कारण अजमेर सिंह को गंभीर चोट आई थी, जबकि परिचित को मामूली चोट थी। दोनों को अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह अजमेर सिंह की मौत हो गई।

## ट्रेन की चपेट में आया युवक, दोनों पैर कटे, अस्पताल में मौत

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित पुल बोगदा के पास शुक्रवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोनों पैर कट गए थे। उसे एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ देर चले इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसके साथ हादसा हुआ है। दरअसल, वह शराब के नशे में रेलवे ट्रैक के पास बैठा हुआ था। उसे कुछ लोगों ने हटा दिया था। बाद में वह ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 4 बजे के आसपास एक युवक पुल बोगदा के पास रेलवे ट्रैक किनारे बैठा हुआ था। वह शराब के नशे में था और कुछ लोगों ने उसे ट्रैक से हटने का कहा और वहां ट्रैक से दूर हटकर बैठ गया। कुछ देर बाद युवक ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसका एक पैर घुटने के पास से जबकि दूसरा पैर जांघ के पास से कट गया था। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों की नजर पड़ी और उन्होंने एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस घायल को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची। पैर कटने के बाद घायल बातचीत कर रहा था। उसने अपना नाम शुभम सोलंकी पिता राकेश सोलंकी (22) अहीर मोहल्ला, जहांगीराबाद बताया। करीब एक घंटे बाद शाम पांच बजे के आसपास शुभम की मौत हो गई।

**शराब के नशे में ट्रैक के पास देखा गया था युवक**

पीड़िता की मां को आरोपी की मां ने धमकाया

# दो साल से मनचला कर रहा था परेशान, शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला थाना पुलिस ने एक नाबालिग की शिकायत पर मनचले और उसकी मां के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला दर्ज किया है। नाबालिग करीब दो साल से नाबालिग को परेशान कर रहा था। नाबालिग और उसकी मां महिला थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने बताया कि चूनाभट्टी इलाके में 17 साल की नाबालिग रहती है। वह बारहवीं कक्षा में पढ़ती है। इसी इलाके में कार्तिक मालवीय रहता है। कार्तिक 24 साल का है और प्राइवेट जॉब करता है। नाबालिग ने बताया कि स्कूल और कोचिंग जाते समय करीब दो साल से कार्तिक उसका पीछा कर रहा था। नाबालिग ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी। नाबालिग की मां ने कार्तिक की मां रजनी मालवीय को बताया। रजनी ने कार्तिक की समझाइश दी और कार्तिक ने नाबालिग का पीछा करना बंद कर दिया। अभी कुछ दिन पहले कार्तिक ने फिर नाबालिग का पीछा करना शुरू कर दिया। वह उसके बैग में गिफ्ट रख देता था और कहता था कि मुझे तुमसे बात करनी है। नाबालिग ने अपनी मां को कार्तिक की हरकतों का बताया। गत 17 फरवरी को नाबालिग की मां कार्तिक के घर पहुंची उसकी मां रजनी मालवीय को कार्तिक की हरकतों के बारे में शिकायत करने लगी। इस बार बेटे को समझाइश देने की बजाए रजनी मालवीय, नाबालिग की मां पर भड़क गई और उन्हें कहने लगी कि तुम मेरे बेटे के खिलाफ झूठी शिकायत करती हो। इस बात को लेकर रजनी मालवीय और नाबालिग की मां के बीच विवाद हो गया।

# भू-माफिया रमाकांत विजयवर्गीय को सात वर्ष कारावास की सजा

**भोपाल।** करोड़ों रुपयों की ठगी कर फरार होने वाले शातिर ठग भू-माफिया डीआईएल कंपनी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय (70) निवासी विजय नगर इंदौर को अपर सत्र न्यायाधीश सचिन कुमार घोष ने भादंस की धारा- 406 और 409 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 30,000 रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। आरोपी रमाकान्त विजयवर्गीय को जमीन के धोखाधड़ी और जालसाजी किए जाने के ऐसे ही एक अन्य मामले में 2 जून 2022 को जिला न्यायालय ने उम्रकैद की सजा और 3 अक्टूबर 2024 को 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है।

मंडीदीप पुलिस ने की कार्रवाई

# छह लापता नाबालिगों को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में ऑपरेशन मुस्कान के तहत मंडीदीप पुलिस ने 6 लापता नाबालिगों को सकुशल बरामद किया। रायसेन एसपी पंकज कुमार पांडेय के निर्देश और एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी मंडीदीप सुरेश मीना की टीम ने अलग-अलग स्थानों से इन नाबालिगों को ढूंढा।

पहले मामले में 23 अक्टूबर 2023 को लापता हुई 17 वर्षीय लड़की को गुजरात के अहमदाबाद के खामभेल गांव से बरामद किया गया। दूसरी 17 वर्षीय लड़की, जो 12 मार्च 2023 से लापता थी, उसे बैतूल से बरामद किया गया। 27 दिसंबर 2024 को लापता हुए 17 वर्षीय लड़के को मंडीदीप से और 31 जनवरी 2025 को गायब हुए 15 वर्षीय किशोर को दो दिन में ही ढूंढ निकाला गया। 3 फरवरी को लापता हुए 12 वर्षीय बच्चे को तीन दिन के भीतर बरामद कर लिया गया। छठे मामले में 18 जनवरी को लापता हुई 17 वर्ष 7 माह की लड़की को 19 फरवरी को नर्मदापुरम से बरामद किया गया। पुलिस ने सभी नाबालिगों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



# शादी समारोह में पहुंचे विधायक पटवा, वर-वधू को दिया आशीर्वाद

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा शुक्रवार को औबेदुल्लागंज में पूर्व सरपंच देवीदयाल नंदवंशी की सुपुत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी की भतीजी कुं. दीपिका के विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नव विवाहित वर-वधू को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी परिवारजनों से मिले, साथ ही सुरजीत सिंह गिल, डॉ. भूपेंद्र नागर, ओपी मीणा, पंकज कोठारी, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, भूपेंद्र नन्वंशी, जेपी शर्मा, रमेश गौर, रामकिशोर नंदवंशी, मनोज चौरसिया, रायसेन जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, अशोक यादव, राजेंद्र अग्रवाल, हेमराज मीणा, संजय मीणा, दीपू परमार, सुरजीत सिंह बिल, दशरथ गुर्जर, विपिन भार्गव, बद्री सिंह चौहान, दीपेश मीणा आदि उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस का किया वितरण



**औबेदुल्लागंज।** पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे भाजपा के वरिष्ठ नेता है और विधायक सुरेंद्र पटवा के करीबी होने से नगर परिषद में प्रभावी नेता हैं। नगर परिषद के हर कार्य की चिंता करते हुए नगर परिषद का कार्य निरंतर देख रहे हैं। नगर में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस वितरण किए गए हैं। तीन दिन में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद ने कहा है।

प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा एवं नगर परिषद का कार्य देख रहे पूर्व मंडल अध्यक्ष ने चर्चा में बताया कि चूना की लाइन डालकर सभी के सहयोग से अतिक्रमण हटाकर सुंदर और अच्छी दुकान बना कर दुकानदारों को नगर परिषद देगी। इसके लिए परिषद में प्रस्ताव पास हुआ है। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने व्यापार महासंघ की बैठक में कहा था कि व्यापारियों के सहयोग से नगर को स्वच्छ सुंदर और विकसित बनाने एवं लगातार रोज लगते जाम से छुटकारा मिल सके। सीएमओ ने बताया कि महाशिवरात्रि के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अगर सभी लोग स्वयं ही अतिक्रमण हटाते हैं तो एक मिसाल कायम होगी।

# श्रीराम कथा का हवन-पूजन और भंडारे के साथ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



नौ दिवसीय श्रीराम कथा का समापन शुक्रवार को हवन-पूजन और भंडारे के बाद हो गया। समापन पर ब्राह्मणों को भोजन कराकर उनका सम्मान किया। अशोक मित्तल, राजकुमारी मित्तल, मानसी मित्तल के अथक प्रयास से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। वरिष्ठ सुदामा तिवारी, राजेश दीक्षित, मनीष गोसिंदे, पंडित राकेश तिवारी, जितेंद्र दुबे आदि लोगों का भरपूर सहयोग मिला।

भोजपुर नारी शक्ति प्रभात फेरी मंडल की अध्यक्ष आरती यादव और अनुराधा विजयवर्गीय ने सेवा भाव से कार्य किया। श्याम सोनी, सुषमा मित्तल, रश्मि दीक्षित, शुभम तिवारी, रश्मि तिवारी, प्रतिभा अग्रवाल, पार्षद हेमलता चौरसिया, शोभा तिवारी, सपना अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता, कमला जैन, मनाली तिवारी, संयम तिवारी आदि ने हवन पूजन किया। व्यापार संघ के पंकज कोठारी, विवेक मित्तल, संजय अग्रवाल, विक्रम धाड़ी, राहुल महेश्वरी, गिरीश चावला, नीरज चावला, आशीष दीक्षित, मनोज चौरसिया, रवि कमल ने देर शाम तक चले भंडारे में सहयोग दिया। कथा वाचक सद्भव तिवारी, अशोक मित्तल, आरती यादव, राजकुमारी मित्तल ने कार्यक्रम की प्रसंशा की।

# बरखेड़ा में टूरिस्ट गाइड के लिए एक माह का प्रशिक्षण शुरू

मध्य प्रदेश उद्यमिता विकास बोर्ड दे रहा ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रातापानी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र बरखेड़ा के प्रवेश द्वार बरखेड़ा पर ग्रीन इंडिया मिशन के तहत टूरिस्ट गाइड की ट्रेनिंग प्रदान की जा रही है।

रातापानी टाइगर रिजर्व में पर्यटन बढ़ने की संभावनाओं को देखते हुए स्थानीय शिक्षित ग्रामीण दसवीं पास से लेकर अन्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने एवं पर्सनैलिटी डेवलपमेंट करने के उद्देश्य से वन विभाग के माध्यम से युवाओं को टूरिस्ट गाइड की एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें औबेदुल्लागंज, पिपलिया गोली,



बोरपानी, तजपुरा, भीयापुर, दिवटिया आदि क्षेत्र से 35 युवा शामिल हुए। उक्त प्रशिक्षण मध्य प्रदेश उद्यमिता विकास बोर्ड के मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा दिया जा रहा है। टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण के अंतर्गत युवाओं को स्थानीय प्रसिद्द पर्यटन स्थल, स्थानीय वनस्पति प्रजातियां, पंछी प्रजातियां वन्य प्राणी की प्रजातियां आदि का ज्ञान दिया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री के निर्देश पर लापरवाह अधिकारियों पर की कार्रवाई

# 8 अधिकारियों पर कार्रवाई कर 4 फर्म किए ब्लैक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर निर्माण कार्यों के औचक निरीक्षण की नवीन पहल प्रारंभ की गई हैं। इसके तहत हर माह की 5 और 20 तारीख को सॉफ्टवेयर के माध्यम से रैंडम तरीके से चयनित दलों, जिलों, निर्माण कार्यों और सामग्री के सैंपल लेने के स्थानों का औचक निरीक्षण किया जाएगा। हाल ही में निरीक्षण लोक निर्माण विभाग के सातों परिक्षेत्रों के मुख्य अभियंता के सात दलों द्वारा सात जिलों में किया गया, जिसमें कुल 35 कार्यों को रेंडम आधार पर चयनित किया गया।



औचक निरीक्षण के बाद प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम भरत यादव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निरीक्षण किए गए सात जिलों के 35 निर्माण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसे सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया। इसमें आठ अधिकारियों पर कार्रवाई कर चार फर्म को ब्लैक लिस्ट किया गया है।

### इन पर हुई कार्रवाई

नर्मदापुरम जिले के अंतर्गत बनवारी से तरौनकला सिमारा डापका मार्ग निरीक्षण में पाई गई कमियों के कारण संजय रायकवार कार्यपालन यंत्री को कारण बताओं एवं आरपी शर्मा अनुविभागीय अधिकारी व कैलाश गुरदे उपयंत्री को निलंबित तथा ठेकेदार मेसर्स बिंदल डेव्हलपर्स को ब्लैक लिस्ट में दर्ज करने हेतु मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। वहीं कटनी-बरही-इंदवार-ताला मार्ग परफार्मेंस गांरटी के अंतर्गत ठेकेदार के द्वारा सम्पूर्ण मरम्मत कार्य नहीं करने के कारण स्वर्णकार संभागीय प्रबंधक मप्र सड़क विकास निगम शहडोल को एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने तथा ठेकेदार मेसर्स टीबीसीएल को ब्लैक लिस्ट में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया। झाबुआ शासकीय महाविघालय पेटलावद में 6 अतिरिक्त अध्ययन कक्ष निर्माण कार्य में पायी गई कमियों के कारण अलसिंह भिडे कार्यपालन यंत्री (भवन) को कारण बताओं एवं ठेकेदार मेसर्स वीनस कंस्ट्रक्शन राजगढ जिला धार को कालीसूची में दर्ज करने हेतु निर्देश दिये गये। छतरपुर जिले में 250 सीटर कन्या छात्रावास के निर्माण कार्य में पाई गई अनियमिताओं के कारण केएस परस्ते कार्यपालन यंत्री (भवन) छतरपुर को कारण बताओं सूचना पत्र एवं एसके पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी व एमपी भटनागर उपयंत्री को निलंबित तथा ठेकेदार मेसर्स आरके कंस्ट्रक्शन छतरपुर को कालीसूची में दर्ज किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

अमृतस्य मध्यप्रदेश नृत्य नाटिका में 100 से अधिक कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुतियां

# जीआईएस में दिखेगी मप्र की सांस्कृतिक विरासत की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों, उद्योगपतियों और अतिथियों को प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत और समृद्ध संस्कृति का अनुभव कराने के लिए विशेष रूप से संयोजित 'अमृतस्य मध्यप्रदेश' नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत विविधता और पर्यटन स्थलों की खूबसूरती को प्रसिद्ध कोरियोग्राफर मैत्री पहाड़ी के निर्देशन में 100 से अधिक कलाकार अनूठे रूप में दर्शित करेंगे। इसके साथ ही आयोजन स्थल इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में प्रदेश के पारंपरिक और स्थानीय लोकनृत्य, मटकी नृत्य, करमा जनजातीय नृत्य आदि की प्रस्तुति एक विशेष आकर्षण होगी।

**विभिन्न पारंपरिक विविधता को दिखाते लोकगीत, जनजातीय संगीत और नृत्य की दी जाएगी मनमोहक प्रस्तुतियां**



### अनूठे अंदाज में प्रस्तुत होगा कार्यक्रम

प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि जीआईएस के दौरान अतिथियों को मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन स्थलों की संगीतमयी अनुभूति कराई जाएगी। उनके मध्यप्रदेश आने के अनुभव को अविस्मरणीय बनाने के लिए कई मनमोहक कार्यक्रम अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किए जाएंगे।



### बांसुरी, सरोद, सारंगी और जुगलबंदी होगी खास

आयोजन के अंतर्गत 23 फरवरी को ताज लेक फ्रंट होटल में शाम 6.30 बजे से बांसुरी, सरोद, सारंगी और जुगलबंदी जैसी संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी। समिट के पहले दिन 24 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में सुबह 8 बजे से स्थानीय संस्कृति को प्रदर्शित करते लोककला दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। इसी दिन ओडीओपी मंच और मध्यप्रदेश पवेलियन में प्रदेश की सांस्कृतिक झलक भी देखने को मिलेगी, जिसमें गोंड और भील जनजातियों की लोक संस्कृति एवं बुंदेलखंड व चंबल अंचल की विरासत का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

---

खजुराहो नृत्य समारोह का दूसरा दिन

# मंच पर साकार हुआ संस्कृति का सौंदर्य, ईश्वर की वंदना


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

51वां खजुराहो नृत्य समारोह की दूसरी शाम देश के सुप्रसिद्ध नृत्य कलाकारों ने कंदरिया महादेव मंदिर की आभा में बने मंच पर संस्कृति के अनूठे रंग दमक उठे। सांझ की धुंधलाती रोशनी में नृत्य का संसार जगमगा उठा और रात होते—होते परवान चढ़ा। भारतीय कला—संस्कृति का प्रतीक बन चुके खजुराहो के इस मंच पर दूसरी शाम तीन नृत्य प्रस्तुतियां सुधिजनों के सामने आईं। इसमें पहली प्रस्तुति थी सुप्रसिद्ध मणिपुरी नृत्यांगना और पद्मश्री दर्शना झावेरी एवं उनके शिष्यों की। नृत्यांगना ने मंगलाचरण में भगवान श्री कृष्ण और राधा को नमन किया। इसके बाद बसंत रास का प्रमुख उत्सव होली मंच पर साकार हुआ। जिसके केंद्र में थे कृष्ण, राधा और गोपियां। होलिका क्रीडम प्रस्तुति ने सुधिजनों को ब्रज की होली सदृश्य दिखाई। होली के रंगों के बाद मनभजन प्रस्तुति दी, जो जयदेव रचित गीत गोविंदम पर आधारित थी।



### मंच पर नमूदार हुईं युवा नृत्यांगना श्रेयसी

इसके बाद अवसर था भरतनाट्यम नृत्य को देखने का और मंच पर नमूदार हुईं युवा नृत्यांगना श्रेयसी गोपीनाथ, दिल्ली। उनकी प्रस्तुति थी द व्हील ऑफ चॉइसेस, जिसे श्रेयसी गोपीनाथ डांस अकादमी के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। अंतिम प्रस्तुति छाऊ की रही। जिसे प्रस्तुत किया पद्मश्री शशधर आचार्य एवं साथी, झारखंड ने। उनकी प्रस्तुति का नाम महानायक गरुड़ था। इस नृत्यनाटिका में उन्होंने नृत्य के माध्यम से बड़े प्रभावी ढंग से दिखाया कि भारतीय आध्यात्मिक वांग्मय में संघर्ष की पराकाष्ठा से प्रकाशित गरुड़ एक महानायक के रूप में प्रतिबिंबित होता है।



---

एमएलबी कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन अनन्या में पारंपरिक वेशभूषा, केश विंयास सहित अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन

# महाकाली और शिव की वेशभूषा में आई छात्राओं ने खूब बटोरी तालियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

काली काली महाकाली.... गीत पर एक ओर महादेव और दूसरी ओर मां काली का विकराल रुप देखा तो पूरा हॉल वाह वाह कर उठा। मां काली के साथ साथ शिव के रुप में छात्राओं की प्रस्तुति के साथ साथ मराठी, बंगाली, राजपूताना ब्राइड्स की रैंप वॉक ने तो चारों ओर सौंदर्य की छटा बिखेरी। नख से शिख तक सजी धजी छात्राओं से सजा यह नजारा देखने को मिला शुक्रवार को एमएलबी कॉलेज के वार्षिकोत्सव अनन्या 2025 में। शुक्रवार को कॉलेज कैंपस में केश विन्यास, अंताक्षरी, बैतवाजी, पारम्परिक वेशभूषा सहित समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कॉलेज छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।








**राई, बधाई और राजस्थानी गीतों पर समूह नृत्य**

समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजस्थानी, जनजातीय नृत्यों के साथ साथ गुजराती गरबा, बुंदेलखंड का राई नृत्य की प्रस्तुति ने दिल जीत लिया वहीं बंगाली ढोलना और बधाई नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

**पंजाबी, मराठी, बंगाली अंदाज की ब्राइड के नखरीले अंदाज रहे खास**

वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में पारम्परिक वेशभूषा में सजी धजी ब्राइड्स में कश्मीर से कन्याकुमारी तक की झलक साफ नजर आई। जिसमें जहां एक ओर मराठी दुल्हन के नखरीले अंदाज देखने को मिले तो वहीं बंगाली ब्राइड का दिलकश अंदाज खास रहा।

**यह रहे विजेता**

पारम्परिक वेशभूषा में प्रथम लविश्का ठाकुर रहीं और द्वितीय स्थान सान्या खान को मिला। वहीं केश विन्यास में प्रथम-कैफ अख्तर रहीं। समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिका राठौर राजस्थानी समूह का रहा और द्वितीय गरबा बधाई नृत्य प्रस्तुति को मिला।

---

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस और कान्हा की मुरली से सजी रंगोली

## आनंद विहार कॉलेज के वार्षिकोत्सव में रंगोली, वीडियो मेकिंग और फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को सेकंड स्टॉप स्थित आनंद विहार कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'उजास-2025' के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता, वीडियो मेकिंग और फैशन शो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां फैशन शो में अलग-अलग राज्यों की संस्कृति के रुप में विविधता में एकता का संदेश स्पष्ट नजर आया तो वहीं दूसरी ओर फैशन शो में वेस्टर्न कल्चर को दिखाती ब्राइड्स भी खास रहीं।






**रंग-बिरंगे फूलों की रंगोली ने जीता दिल**

रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली बनाकर दर्शकों का दिल जीत लिया, जिसमें किसी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के संदेश से सजी रंगोली बनाई तो किसी ने कान्हा की मुरली को अपनी रंगोली में उकेरा, वही रंग-बिरंगे फूलों की रंगोली ने तो दर्शकों का दिल जीत लिया।




### इंडियन के साथ वेस्टर्न अंदाज से सजी पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता

इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में छात्राओं ने देश की सभ्यता और संस्कृति को दर्शाती दुल्हन के रुप में रैंप वॉक किया। जिसमें मराठी, बंगाली, गुजराती, मारवाड़ी अंदाज में सजी-धजी दुल्हनों को देख दर्शक दीर्घा में बैठी छात्राओं ने खूब तालियां और सीटियां बजाईं, तो वहीं वेस्टर्न अंदाज में सजी-धजी ब्राइड्स ने भी गजब ढा दिया।

---

## वार्षिक उत्सव 'संगम 2024-25' में काजल बनी मिस अद्विविता



**भोपाल।** शासकीय एक्सीलेंस कॉलेज के वार्षिक उत्सव 'संगम 2024-25' के अंतर्गत मिस अद्विविता का चयन हुआ, जिसमें काजल शर्मा मिस अद्विविता बनी। शिखा मेहरा सेकंड रनर अप और फर्स्ट रनरअप तय्यब बेग मिर्जा रहीं। वहीं सद्र जफर को मिस कॉन्फिडेंस का खिताब मिला, परवीन खान मिस ब्यूटीफुल स्माइल और नबीहा को मिस ब्यूटीफुल हेयर का अवार्ड दिया गया।

---

सराहनीय प्रयास

## लघुकथा शोध केंद्र की मासिक पत्रिका का लोकार्पण

**भोपाल।** समकालीन साहित्य में लघुकथा विधा को लेखकों और पाठकों के मध्य लोकप्रिय बनाने में लघुकथा शोध केंद्र समिति के प्रयास निश्चित सराहनीय हैं यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार और सम्पादक डॉ. महेश दर्पण के जिन्होंने लघुकथा शोध केंद्र में अपने विचार प्रकट करें। इस अवसर पर संस्था की निदेशक कांता रॉय, सचिव घनश्याम मैथिल अमृत, उपाध्यक्ष गोकुल सोनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद थे। अतिथियों ने लघुकथा वृत्त पत्रिका का लोकार्पण किया। इसके बाद लघुकथा वाचन का आयोजन हुआ जिसमें घनश्याम मैथिल अमृत ने दर्पण की सब्स्टिट्यूट एवं सॉरी दो लघुकथाओं का पाठ किया।



---

## बीएसएसएस में बिसनेस आइडिया प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय प्रबंधन दिवस के अवसर पर, भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के प्रबंधन विभाग ने प्रबंधन उत्सव ओडिसी 2025 का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर की व्यावसायिक विचार प्रतियोगिता, बीआईसी का आयोजन किया गया। बीआईसी में आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, गुजरात और मध्य प्रदेश की टीमों के रुप में लगभग 29 टीमों ने भाग लिया, जहां उन्होंने दो राउंड में प्रतिस्पर्धा की। जजों के एक प्रतिष्ठित पैनल में एम-टफ के निदेशक जितेंद्र आर वर्मा, ईजीसीड की सह-संस्थापक और सीईओ अमृता शिंगवेकर और एआईसी-आरएनटीयू की इनक्यूबेशन मैनेजर क्रांति जैन शामिल थीं।



---

# बुंदेली फाग और राई नृत्य की विशेष प्रस्तुति के साथ बुंदेली उत्सव का भव्य समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुंदेली विकास संस्थान द्वारा बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में चल रहे बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण का बुंदेली फाग और राई नृत्य की विशेष प्रस्तुति के साथ समापन हुआ। समापन दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कार्यक्रम में शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सागर जिला पंचायत के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, रवीन्द्र प्रताप सिंह गर्रोली मंचासीन रहे। देर रात तक चले समापन समारोह की खास प्रस्तुति लोकनृत्य राई का आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग तथा कलाप्रेमी आयोजन स्थल पर मौजूद थे, जिनका अंत में संस्थान के संरक्षक शंकर प्रताप सिंह बुंदेला मुन्ना राजा ने आभार जताया।

### देर रात तक राई नृत्य का आनंद लेते रहे दर्शक



**स्वागत भाषण के साथ अतिथियों का अभिनंदन**

आयोजन समिति की ओर से स्वागत भाषण देते हुए सिद्धार्थ शंकर बुंदेला ने अतिथियों का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह लोधी ने 26 वर्षों से लगातार आयोजित होते आ रहे बुंदेली उत्सव और संस्थान के संरक्षक शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा की प्रशंसा की और आगामी समय में आयोजन को मध्य प्रदेश शासन से अनुदान दिए जाने का भरोसा दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि सागर जिला पंचायत के अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने बुंदेली उत्सव के आयोजन को बुंदेली लोककला के संवर्धन का अनूठा प्रयास बताते हुए आयोजन की सराहना की। राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया ने संस्थान के संरक्षक शंकर प्रताप सिंह मुन्ना राजा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आयोजन को आगे बढ़ाने में सहयोग की बात कही।

---

**विष्णु खरे कविता सम्मान से नंदकिशोर आचार्य, अरविंदाक्षन, लीलाधर और पार्वती अलंकृत**

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय विष्णु खरे कविता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन वनमाली सभागार, स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कला, साहित्य एवं संस्कृति के लिये समर्पित वनमाली सृजनपीठ द्वारा वनमाली के शिष्य एवं प्रखर कवि, आलोचक, अनुवादक, पत्रकार विष्णु खरे की स्मृति में राष्ट्रीय कविता सम्मान से चार अलग-अलग श्रेणियों में रचनाकारों को सम्मानित किया गया। विष्णु खरे आलोचना सम्मान से वरिष्ठ आलोचक, कवि, अनुवादक नंदकिशोर आचार्य (बीकानेर), विष्णु खरे अनुवाद सम्मान से वरिष्ठ अनुवादक ए. अरविंदाक्षन (केरल), विष्णु खरे कविता सम्मान से सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, अनुवादक एवं आलोचक लीलाधर मंडलोई (नई दिल्ली) तथा विष्णु खरे युवा कविता सम्मान से युवा कवियत्री पार्वती तिर्की (झारखंड) को सम्मानित किया गया।




**समाज का दर्पण और दिशा-सूचक होता है साहित्य**

सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए ख्यात रचनाकार डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी ने कहा कि साहित्य केवल शब्दों का संयोजन नहीं, बल्कि यह समाज का दर्पण और दिशा-सूचक होता है। इस अवसर पर स्वागत वक्तव्य में संतोष चौबे ने कहा वनमाली कथा समय और राष्ट्रीय विष्णु खरे कविता सम्मान केवल सम्मान देने का मंच नहीं, बल्कि यह एक वैचारिक संगोष्ठी है, जहां साहित्यकारों की बहुआयामी दृष्टि हमारे समय के सबसे जटिल सवालों से टकराती है।

# डीजीपी और प्रमुख सचिव ने लिया प्रयागराज का जायजा, एंट्री-एग्जिट पॉइंट पर रखें विशेष नजर

एजेंसी ▶▶ महाकुंभ नगर

प्रयागराज में महाकुंभ अब अपने अंतिम पड़ाव की तरफ अग्रसर हो रहा है। दुनिया के इस सबसे बड़े मेले का आखिरी अमृत स्नान 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा और इसके साथ ही इस महाकुंभ का समापन हो जाएगा। संगम स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार सड़क और रेल मार्ग प्रयागराज पहुंच रही है। महाशिवरात्रि पर तो प्रयागराज में जबरदस्त भीड़ जुटेगी ही, लेकिन महाशिवरात्रि से पहले शनिवार और रविवार को वीकेंड पर भी भारी भीड़ होने की संभावना है। भारतीय रेलवे भी अलर्ट मोड पर है। प्रयागराज के साथ-साथ दिल्ली-हावड़ा रेल रूट के सर्वाधिक व्यस्ततम रेलवे स्टेशनों में शुमार पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर भी वीकेंड को रेलवे हाई अलर्ट है।

**1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसें चलेंगी, साथ ही 750 शटल बसें चलाई जाएंगी**



महाकुंभ के अंतिम चरण के सफल संचालन को योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। बसों का क्षेत्रवार आवंटन किया गया है,। सरकार ने भीड़ को देखते हुए बसों की पूर्ति के लिए यह निर्णय लिया है। महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं।

## वीकेंड पर उमड़ेगी भारी भीड़, पुलिस-प्रशासन हाई अलर्ट, 58 करोड़ से ज्यादा ने किया स्नान



### सभी वीआईपी पास रद्द

आखिरी वीकेंड पर भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा उपाय किए हैं। सभी वीआईपी पास रद्द कर दिए गए हैं और नए वाहन पास जारी करना बंद कर दिया गया है। सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी ने कहा कि अगर इस वीकेंड में भी भीड़ बढ़ती है तो सबसे पहले रेलवे स्टेशन के एंट्री और एग्जिट पॉइंट को एकल किया जाएगा भीड़ अगर और ज्यादा बढ़ती है तो अलग-अलग दिशा के यात्रियों के लिए अलग-अलग होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।



वैज्ञानिक ने दावों को नकारा

### गंगाजल अब भी पूरी तरह से शुद्ध

महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवाल किए जा रहे हैं। देश के जाने-माने पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। 5 घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 58 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु के स्नान के बाद भी शुद्धता ठीक है।



सीएम सरमा ने डुबकी लगाई

### सनातन को बताया 'दुनिया का भविष्य'

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि सनातन संस्कृति प्रमुखता से उभरी है। मैं स्नान करके बहुत भाग्यशाली हूं। व्यवस्थाएं बहुत अच्छी थीं। मैं इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ औरप्रशासन को धन्यवाद देता हूं।



## खबर संक्षेप

### सूरत में फिरौती मांग रहे एनएसयूआई के 5 'कैद'

**सूरत।** सूरत के सारोली थाना पुलिस ने कॉलेज संचालकों के मालिकों को फिरौती के लिए धमकी देने के मामले में पांच एनएसयूआई से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मीडिया को बुलाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर और सोशल मीडिया में कॉलेजों के खिलाफ वीडियो बना तीनों निजी कॉलेजों को बदनाम किया था। संचालकों को धमकी दी थी।



### शाह करेंगे पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को महाराष्ट्र के पुणे में 27वीं पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच विवादों का समाधान निकालना और सहकारी संघवाद को मजबूत करना है। बैठक में बुनियादी ढांचे, खनन, जल आपूर्ति, पर्यावरण, वन जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।



### न्यू इंडिया बैंक घोटाला हिरासत 28 तक बढ़ी

**मुंबई।** न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में 122 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बैंक के पूर्व सीईओ अभिमन्यु भोअन (45) को गिरफ्तार किया है। 2008 से वह बैंक से जुड़े हुए थे। वे शुरुआत में बैंक के आईटी के वाइस प्रेसिडेंट थे। उन्हें और पहले गिरफ्तार आरोपी हितेश मेहता और धर्मेश पौन की हिरासत 28 फरवरी तक बढ़ा दी गई है।



### भगवान भी रातों-रात नहीं सुधार सकते

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान से इन दिनों राज्य की राजनीति गरम है। उन्होंने कहा है कि भगवान भी बेंगलुरु में जाम और बुनियादी संरचना की समस्या का रातोंरात समाधान नहीं कर सकते हैं। बेंगलुरु को 2-3 साल में नहीं बदला जा सकता। इसे तभी बदला जा सकता है जब उचित योजना बने और क्रियान्वित भी हो।



### सुप्रीम कोर्ट का अब्बास केस में आदेश वापस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिन के भीतर पूरी करने को कहा गया था। कोर्ट ने यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह ने सुनवाई 6 मार्च को तय की है।



## वादों को पूरा करने में जुटी दिल्ली की रेखा सरकार

# होली और दिवाली पर मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे साथ ही 10 सिलेंडर 500 रुपए में देगी सरकार

संकल्प के संबंध में नई सरकार ने मंथन करना शुरू कर दिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में नई सरकार का गठन हो चुका है और गुरुवार रात को पहली कैबिनेट बैठक भी हो गई। अपने वादों को पूरा करने को लेकर सरकार में मंथन शुरू हो गया है। इस बीच जानकारी है कि दिल्ली वालों को होली-दिवाली में फ्री सिलेंडर देने की तैयारी करने में सरकार जुट गई है। कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि दो दिन में होने वाली कैबिनेट बैठक में इस पर फैसला लिया जाएगा। साथ ही साल के अन्य 10 सिलेंडर 500 रुपए की कीमत पर उपलब्ध कराने का खाका तैयार किया जा रहा है। नई सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में ही अपनी प्राथमिकता तय कर दी। 30 दिन में दिल्ली के एक लाख लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया। इसमें 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग नागरिक भी शामिल हैं। महिला सम्मान निधि अगले महीने अलग से बजट मिलने के साथ लागू कर दी जाएगी।

### कैबिनेट मंत्री सिरसा ने कहा कि जल्द ही इस पर फैसला ले लेंगे

**सभी डिस्पेंसरी बनेंगी आरोग्य मंदिर**

सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नगर निगम और राज्य सरकार की डिस्पेंसरी अपग्रेड करते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर-पीएचसी में बदली जाएंगी। पहले 30 दिन में 11 डिस्पेंसरी का लक्ष्य है। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली के कुल 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर मंजूर किए गए हैं। अभी 553 मोहल्ला क्लीनिक हैं, जिन्हें अपग्रेड किया जाएगा और बाकी 413 नए शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए जाएंगे।



**फ्लैट पर भी पीएम आवास का लाभ मिलेगा**

शहरी विकास को लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना पर चर्चा हुई। राजधानी के लोगों को इस योजना का लाभ देने के लिए इसमें पक्के घर के साथ फ्लैट्स भी शामिल किए हैं। इसके तहत नए फ्लैट लेने पर लाभार्थी को बैंक कर्ज में करीब 2.60 लाख रुपए तक का लाभ मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसला होना बाकी है।

### मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच



दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य और परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को लेकर बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिकों की जांच कराई जाएगी। वहीं दवाइयों की कमी से लेकर डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन तक की जांच की जाएगी। पंकज सिंह ने साफ कहा कि अगर कोई गड़बड़ी मिलती है तो इसमें कार्रवाई की जाएगी।

### पहले ही सत्र में कैग रिपोर्ट होगी पेश

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता शपथ लेने के बाद से एक्शन मोड में हैं। सूत्रों के हवाले खबर है कि दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने विधानसभा का सत्र बुलाया है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 से 27 फरवरी तक चलेगा। इस सत्र में कैग रिपोर्ट को पेश किया जा सकता है। गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण समारोह में शालीमार बाग विधानसभा की विधायक रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इनके साथ ही दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पार्टी नेता प्रवेश वर्मा और आशीष सूद को भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ दिलवाया। इनके अलावा भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सिरसा ने पंजाबी में शपथ लिया। भाजपा विधायक रवींद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह ने भी दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री के तौर पर शपथ ली।

### पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ की सेवाएं समाप्त

दिल्ली की नवगठित सरकार ने आतिशी सरकार के सभी निजी स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दीं। पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के सभी व्यक्तिगत स्टाफ को नौकरी से हटा दिया। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। दिल्ली सरकार सेवा विभाग ने एक आदेश जारी कर इसकी सूचना दी है।

लवली होंगे सदन में प्रोटेम स्पीकर

### 24 से शुरू होगा दिल्ली विधानसभा का सत्र

विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि अरविंदर सिंह लवली सदन के प्रोटेम स्पीकर होंगे। मुख्यमंत्री के साथ बैठक में इस पर चर्चा हुई है। 24 फरवरी को दिल्ली सत्र की शुरुआत होगी और 25 को लंबित 14 सीएजी की रिपोर्ट को सदन के पटल पर रखा जाएगा। सदन का पहला सत्र 27 फरवरी तक चलेगा।



### सीएम रेखा का आतिशी पर जोरदार हमला

## हमने पहली बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी, 'आप' पार्टी की चिंता करें

दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी के बयान पर सीएम रेखा गुप्ता ने जोरदार पलटवार किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि 15 साल कांग्रेस का राज रहा 13 साल आप ने राज किया, अपना कार्यकाल देखें हमें 1 दिन में प्रश्न करने वाले ये कौन लोग हैं? आतिशी ने कैबिनेट की पहली बैठक में महिला सम्मान योजना को लेकर कोई फैसला न लिए जाने को लेकर सीएम रेखा गुप्ता पर निशाना साधा था। कैबिनेट बैठक के एक दिन बाद शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि 15 साल कांग्रेस का राज रहा 13 साल आप ने राज किया, अपना कार्यकाल देखें हमें 1 दिन में प्रश्न करने वाले ये कौन लोग हैं? जिन्होंने दिल्ली का सर्वनाश कर दिया, जनता के अधिकारों को हनन किया और काम नहीं किया वे एक दिन में हम पर अंगुली उठाएंगे? ये हम हैं जिन्होंने पहले दिन शपथ लेते ही कैबिनेट की बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी। इन्हें हमसे सवाल करने का कोई अधिकार नहीं है दिल्ली की चिंता अब हम करेंगे।



### भाजपा ने महिलाओं को धोखा दिया: आतिशी

दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक के बाद आतिशी ने सवाल खड़े किए थे। आतिशी ने कहा था कि भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं को धोखा दिया। आतिशी ने कहा कि भाजपा सरकार की गुरुवार को कैबिनेट की पहली बैठक हुई लेकिन इसमें महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए की योजना का एलान नहीं किया गया। आतिशी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी और अमित शाह समेत पूरी भाजपा ने वादा किया था कि पहली ही कैबिनेट बैठक से वो महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह देना शुरू कर देंगे। यह बेहद ही दुख की बात है कि एक महिला मुख्यमंत्री ने दिल्ली की महिलाओं से किए गए वादे को तोड़ दिया। दिल्ली चुनाव से पहले भाजपा ने तीन संकल्प जारी किए थे।



### 2 हादसों में 10 की मौत

## प्रयागराज जा रहे तीर्थयात्रियों की गाड़ी टकराई, 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ मिर्जापुर

प्रयागराज जा रहे कर्नाटक के तीर्थयात्रियों की गाड़ी ट्रक से टकरा गई। इस घटना में 6 की मौत हो गई, जबकि 5 घायल हैं। बीदर से 11 लोग क्रूजर गाड़ी से तीर्थयात्रा पर निकले थे। इन्होंने श्रीकाशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन किया और महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे पर रूपापुर गांव के पास सुबह 7 बजे चालक को झपकी आ गई और तेज रफ्तार क्रूजर सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गई।



**पप्पू यादव की रिश्तेदार समेत 4 की गई जान**

पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की रिश्तेदार डॉ. सोनी कुमारी यादव सहित 4 की लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। सभी लोग कुंभ नहाकर प्रयागराज से पूर्णिया लौट रहे थे। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन हाईवे पर बिरनो थाना क्षेत्र के मिर्जापुर के पास इनकी बेलेनो कार ट्रक में घुस गई।

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा

## गहलोत नाराज, इंदिरा पर स्तरहीन टिप्पणी ठीक नहीं

एजेंसी ▶▶ जयपुर

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ऐसा लगता है कि भाजपा सरकार सदन चलाना ही नहीं चाहती। उनके मंत्री और विधायक अनर्गल टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री अविनाश गहलोत ने देश के लिए शहादत देने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर स्तरहीन टिप्पणी की है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



**पूर्व मुख्यमंत्री माथुर का भी अपमान किया**

गहलोत ने कहा कि विधायक गोपाल शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर पर गंभीर आरोप लगाए थे। शर्मा ने माथुर पर किरोड़ीलाल मीणा और हरीश शर्मा के एनकाउंटर की साजिश रचने का दावा किया था, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा नेताओं द्वारा ऐसे आरोप लगाना अपमानजनक है।

### हिमाचल की पहाड़ियों ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**मौसम खुलते ही दिखा खूबसूरत नजारा**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। शुक्रवार को मौसम खुलते ही बर्फ से लदी पहाड़ियां चांदी की तरह चमकीं। शिमला, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, चंबा, मंडी, कांगड़ा व सिरमौर जिले के ऊपरी क्षेत्रों में बुधवार रात से गुरुवार देर रात तक बारिश-बर्फबारी दर्ज की गई।

### मोदी ने किया अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन

## इसे भाषा तक सीमित नहीं,आजादी की लड़ाई का सार बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तालकटोरा स्टेडियम में शुक्रवार को 98वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की धरती पर मराठी भाषा का ये प्रतिष्ठित आयोजन हो रहा है। अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन सिर्फ एक भाषा या एक राज्य तक सीमित नहीं है। मराठी साहित्य सम्मेलन में आजादी की लड़ाई का सार है। 1878 में अपने पहले आयोजन से लेकर अब तक अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा है।

### सम्मेलन देश की 147 साल की यात्रा का साक्षी रहा

**मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा मिला**




उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले, मराठी भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया। भारत और दुनिया में 120 मिलियन से अधिक मराठी भाषी लोग हैं। लाखों मराठी भाषी दशकों से मराठी को यह मान्यता मिलने का इंतजार कर रहे थे। मुझे यह कार्य पूरा करने का अवसर मिला और मैं इसे अपने जीवन का एक बड़ा सौभाग्य मानता हूं।

**मराठी भाषी व्यक्ति ने ही रखी थी आरएसएस की आधारशिला**

पीएम ने कहा कि आज हम इस बात पर भी गर्व करेंगे कि महाराष्ट्र की इस धरती पर एक महान मराठी भाषी व्यक्ति ने 100 साल पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीज बोए थे।

**दिल्ली में 71 वर्षों के बाद मनेगा जश्न**

प्रधानमंत्री के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में 71 वर्षों के बाद मराठी साहित्य सम्मेलन मराठी साहित्य की कालातीत प्रासंगिकता का जश्न मनाएगा और समकालीन विमर्श में इसकी भूमिका तलाशेगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य आज के सामाजिक संवाद के संदर्भ में मराठी साहित्य को सम्मानित करना और तलाशना है।

**शरद के आमंत्रण पर मुझे यह अवसर मिला**

पीएम ने कहा कि राकांपा प्रमुख शरद पवार के आमंत्रण पर मुझे इस गौरवशाली परंपरा में शामिल होने का अवसर मिल रहा है। मराठी भाषा अमृत से भी मीठी है। इसलिए आप मराठी भाषा और मराठी संस्कृति के प्रति मेरे प्रेम से भली-भांति परिचित हैं। मैं आप विद्वानों जितना मराठी में पारंगत नहीं हूं, लेकिन मैंने मराठी बोलने, मराठी के नए शब्द सीखने का निरंतर प्रयास किया है।

### प्रधान का स्टालिन पर प्रहार

## छात्रों के हित के लिए राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठ सुधार करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन को लेकर विवाद पर आरोप लगाया कि वे राजनीतिक एजेंडे को बनाए रखने शैक्षिक सुधारों को खतरे में डाल रहे हैं। प्रधान ने पत्र में लिखा,उन्हें राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर विद्यार्थियों के हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए, क्योंकि नई शिक्षा नीति छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक होगी। स्टालिन ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजा था।



**उनका पत्र सहकारी संघवाद की भावना के विपरीत**

स्टालिन ने आपत्ति जताई थी कि केंद्र द्वारा शुरू किए गए समग्र शिक्षा अभियान और पीएम श्री स्कूल जैसी योजनाओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने इसे मूल रूप से अस्वीकार्य करार दिया था। प्रधान ने लिखा कि पीएम को भेजा गया पत्र सहकारी संघवाद की भावना के विपरीत है।



**पीएम नरेंद्र मोदी ने स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन**

# सभी क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ाने के लिए विश्वस्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता, यह समय की मांग भी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (एसओयूएल) लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में भूटान के पीएम श्री दाशो शेरिंग तोबगे, एसओयूएल बोर्ड के अध्यक्ष सुधीर मेहता और उपाध्यक्ष हसमुख अधिया अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ में उपस्थित थे।

पीएम ने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास आवश्यक है, प्रत्येक क्षेत्र में अच्छे नेताओं को तैयार करना आवश्यक है और यह समय की मांग है। एसओयूएल सिर्फ संगठन का नाम नहीं है, बल्कि एसओयूएल भारत के सामाजिक जीवन की आत्मा होगी।

एसओयूएल के सभी हितधारकों को शुभकामनाएं देते हुए पीएम मोदी ने घोषणा की कि निकट भविष्य में गुजरात की गिफ्ट सिटी के निकट एसओयूएल का एक नया, विशाल परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप ऐसे नेताओं को तैयार करेगा जो राजनीति के क्षेत्र सहित पूरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ेंगे।

*राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी*

*एसओयूएल की स्थापना विकसित भारत यात्रा में बड़ा कदम*

### बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी



पीएम मोदी ने कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं जो हृदय के बहुत करीब होते हैं आज का कार्यक्रम भी ऐसा ही है। राष्ट्र निर्माण के लिए बेहतर नागरिकों का विकास जरूरी है। व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण, 'जन से जगत', किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करने के लिए आरंभ जन से ही होता है। उन्होंने कहा कि बेहतरीन लीडर्स का विकास जरूरी है और समय की मांग है इसलिए 'स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप' की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है।

### भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा

पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी में ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार का नेतृत्व करने और कौशल को दिशा देने में सक्षम हों। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में कौशल के बढ़ते महत्व की ओर इशारा किया। पीएम ने कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में गति को बढ़ाने के लिए विश्व स्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता है। इस प्रकार के अंतरराष्ट्रीय संस्थान न केवल एक विकल्प हैं, बल्कि आवश्यकता भी हैं।

### ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता

पीएम मोदी ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है जो वैश्विक जटिलताओं का समाधान ढूंढ सकें, आवश्यकतों को पूरा कर सके और साथ ही वैश्विक मंच पर राष्ट्र हितों को प्राथमिकता दे सकें। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन नेताओं का दृष्टिकोण वैश्विक होना चाहिए, लेकिन मानसिकता स्थानीय भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों और वैश्विक संस्थानों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार की गतिशीलता को समझने वाले नेताओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एसओयूएल की भूमिका ऐसे नेताओं को तैयार करना है, जिनका दायरा बड़ा हो और उनसे उच्च अपेक्षाएं हों।

### शेरिंग तोबगे बोले

## पीएम मोदी मेरे बड़े भाई उनसे मिलकर खुशी होती है

भूटान के पीएम शेरिंग तोबगे ने कहा कि स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप पीएम नरेंद्र मोदी की सोच है और यह प्रामाणिक नेताओं को विकसित करने और उन्हें महान भारतीय गणराज्य की सेवा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए पीएम की अटूट प्रतिबद्धता का एक और प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पीएम मेरे बड़े भाई, जब भी मुझे आपसे मिलने का मौका मिलता है, मैं खुशी से झूम उठता हूं। मेरे गुरु, जब भी मैं आपसे मिलता हूं, मैं एक लोक सेवक के रूप में और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित होता हूं।




### खबर संक्षेप

## सांसद पर बैट से हमला 10 संदिग्धों को पहचाना



**गुवाहाटी।** असम के नागांव जिले के रूपोहिहाट में गुरुवार को धुबरी से कांग्रेस के लोकसभा सांसद रकीबुल हुसैन और उनके निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) पर अज्ञात लोगों ने हमला किया। इस मामले में असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पुलिस ने कांग्रेस सांसद रकीबुल हुसैन पर हमले की कथित घटना में शामिल व्यक्तियों की पहचान कर ली है। अब तक कुल 10 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## पकड़ी गई दिल्ली की लेडी डॉन जोया



**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर और फिरौती मांगने वाले हाशिम बाबा की पत्नी जोया खान को स्पेशल सेल की पुलिस ने वेलकम थाने की पुलिस के साथ मिलकर एक करोड़ की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। उत्तर पूर्वी दिल्ली की पुलिस और स्पेशल सेल काफी समय से जोया को पकड़ने के लिये छापेमारी कर रही थी लेकिन जोया कभी दुबई तो कभी मलेशिया में रह रही थी। जैसे ही वह दिल्ली आई पुलिस ने रेड करके उसे पकड़ा।

### जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर हुई दोनों की यह मुलाकात

# भारत-चीन के विदेश मंत्रियों की बैठक में उठा कैलाश मानसरोवर यात्रा का मुद्दा

### खास बातें

- समूह के विदेश मंत्रियों को संबोधित करते हुए बोले जयशंकर, वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष आने वाली चुनौतियों से उबारने में मददगार है जी-20 समूह
- सीमापार बहने वाली नदियों और पर्यटन के मामले पर चर्चा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के विवादित इलाकों से हुई सेनाओं की वापसी के बाद भारत और चीन के मध्य अपने संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए जारी कोशिशों के बीच शुक्रवार को दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें कैलाश मानसरोवर यात्रा और नई दिल्ली से बीजिंग तक सीधी हवाई उड़ान सेवाओं की फिर से शुरुआत करने, एलएसी पर शांति-सौहार्द कायम करने, सीमापार बहने वाली नदियों और पर्यटन के मामले पर चर्चा की गई।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कुल 30 मिनट तक चली इस बैठक में दोनों विदेश मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। साथ ही आपसी सहयोग से जुड़े अन्य मामलों व साझा हितों वाले क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया।

भारत और चीन के मध्य अपने संबंधों को फिर से पटरी पर लाने के लिए जारी कोशिशों के बीच शुक्रवार को दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई।



### यात्रा पर तारीखों का ऐलान होना बाकी

पिछले महीने विदेश सचिव-उप मंत्री तंत्र की बैठक में भाग लेने के लिए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बीजिंग की यात्रा की थी। जिसमें दोनों पक्षों के बीच साल की गर्मियों में कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत करने पर सहमति जताई गई थी। हालांकि इस संबंध में अभी तक भारत और चीन ने औपचारिक रूप से तारीखों की कोई घोषणा नहीं की है।

### मुश्किल वक्त में हो रही बातचीतः जयशंकर

विदेश मंत्री ने चीन के विदेश मंत्री के साथ बैठक में कहा कि ऐसे समय में जब दोनों देशों के संबंध एक मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। तब हमें इस बैठक ने एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान किया है। हमें इस बात को पहचानना चाहिए कि ध्रुवीकरण वाली वैश्विक परिस्थितियों के बीच भारत और चीन जी-20 को बतौर संस्थान के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यह हमारे अंतरराष्ट्रीय सहयोग को भी प्रमाणित करता है। उन्होंने कहा, रियो डी जेनेरियो में हुई हमारी पिछली बैठक के बाद कुछ जरूरी गतिविधियां हुई हैं। जिसमें हमारे एनएसए और विदेश सचिव ने चीन की यात्रा की और वहां पर दोनों देशों के संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत की गई। एलएसी से लगे सीमाई इलाकों में शांति और सौहार्द के प्रबंधन सहित संबंधों से जुड़े अन्य मामले भी इस दौरान वार्ता में शामिल रहे। आज पुनः विचारों का आदान-प्रदान कर प्रसन्नता हुई। भारत, चीन जी-20, एससीओ और ब्रिक्स के सदस्य हैं। बैठक में साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, वैश्विक मामलों पर भी मंथन किया गया।

### चुनौतियों से निपटने में मददगार जी-20

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने 'वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थिति पर चर्चा' विषय से जोहान्सबर्ग में आयोजित की गई जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया की बढ़ती बहुध्रुवीयता के दौर में यह एक महत्वपूर्ण मंच है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थिति बेहद कठिन और जटिल बनी हुई है। इसके पीछे कोरोना महामारी के हालात, कुछ जगहों पर जारी संघर्ष, वित्तीय दबाव और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे जिम्मेदार हैं। इन सबके बीच हालांकि जी-20 वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के सामने आने वाली चुनौतियों के दौरान अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग मंच के रूप में उनसे निपटने में अहम भूमिका निभाता है।

### ब्रिटेन के मंत्री अगले हफ्ते आएंगे

## भारत और ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते पर एक बार फिर से शुरू करेंगे बातचीत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन लंबे समय से अधर में पड़े मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ब्रिटेन के व्यापार मंत्री डगलस अलेक्जेंडर के अगले सप्ताह भारत आने और केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात कर सकते हैं।

दोनों नेता एफटीए वार्ता में तेजी लाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। एफटीए पर भारत और ब्रिटेन के बीच बातचीत लंबे समय से बंद है। इस व्यापार समझौते का उद्देश्य टैरिफ को कम करके और व्यवसायों के लिए बाजार पहुंच को आसान बनाकर दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ाना है। भारत और यूके एक व्यापक व्यापार सौदे की दिशा में काम कर रहे हैं जो प्रमुख क्षेत्रों जैसे माल, सेवाओं, प्रौद्योगिकी और निवेश में आर्थिक सहयोग को बढ़ावा दे सकता है। अलेक्जेंडर और गोयल के बीच आगामी बातचीत में प्रमुख चिंताओं को संबोधित करने और वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए सामान्य आधार खोजने की उम्मीद है।

### दोनों देशों के पीएम ने की थी वार्ता

ब्राजील में जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने 2025 में यूनाइटेड किंगडम और भारत के बीच एफटीए वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। इससे पहले 22 नवंबर को, यूके-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूकेआईबीसी) के अध्यक्ष रिचर्ड हील्ड ने कहा कि भारत और यूके के बीच एफटीए में व्यवसायों और द्विपक्षीय व्यापार के लिए परिवर्तनकारी क्षमता है। उन्होंने कहा कि एफटीए दोनों देशों के बीच आवागमन को आसान बनाकर एक अंतर पैदा करेगा। ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और यूनाइटेड किंगडम के पीएम महामहिम सर कीर स्टार्मर की मुलाकात के बाद ब्रिटेन ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार वार्ता को फिर से शुरू करने की घोषणा की। ब्रिटेन और भारत एक व्यापक और महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में बातचीत जारी रखेंगे।

*हमास की ओर से भेजे गए शवों में एक की पहचान गलत निकली*

## नेतन्याहू बोले- हमास को समझौता उल्लंघन की कीमत चुकानी पड़ेगी

एजेंसी ▶▶ येरूशलम



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को गाजा युद्धविराम समझौते के उल्लंघन को क्रूर और दुर्भावनापूर्ण बताया। दरअसल, समझौते के तहत हमास की ओर से जिन शवों को भेजा गया, उनमें एक की पहचान गलत निकली। हमास ने जिस महिला का शव भेजा था, वह इजराइल के दो बच्चों की मां शिरी बिबास का नहीं था। इस घटना ने युद्धविराम के भविष्य पर सवाल खड़ा कर दिया है। 15 महीनों के युद्ध के बाद युद्धविराम समझौते के तहत शनिवार को छह और इजराइली बंधकों को रिहा किया जाना है। पीएम नेतन्याहू ने कहा, हम अपने सभी जीवित और मृतक बंधकों के साथ शिरी को घर लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हमास समझौते के इस क्रूर और दुर्भावनापूर्ण उल्लंघन की कीमत चुकाए। ईश्वर उनके खून का बदला लेगा। इसलिए हम बदला लेंगे।



### भड़का इजराइल बोला- किसी को नहीं छोड़ेंगे

*गुरुवार को इजराइल में तीन बसों में सीरियल धमाके हुए। वहीं दो अन्य बसों में विस्फोटक उपकरण मिले। गनीमत रही कि ये बसें खाली थीं। इसके बाद जांच के उद्देश्य से पूरे इजराइल में बसों, ट्रेनों और तेल अवीव की लाइट रेल समेत सार्वजनिक परिवहन को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इस घटना के बाद इजराइल के रक्षा मंत्री काट्ज ने कहा कि धमाकों के जिम्मेदार लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने अपने बयान में कहा कि हम आतंकवादियों का लगातार पीछा करेंगे और आतंकी ढांचे को तबाह करेंगे। उन्होंने सेना को वेस्ट बैंक में शरणार्थी शिविरों में छापे मारने का आदेश दिया है। इजराइल को शक है कि यहां आतंकी छिपे हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठनों ने इजराइल में नागरिक आबादी के खिलाफ गुश दान क्षेत्र में हमलों की कोशिश की।*

### यूएस के बाद कनाडा ने की बड़ी कार्रवाई

## 7 लैटिन अमेरिकी संगठन आतंकी इकाई घोषित किए

एजेंसी ▶▶ ओटावा



अमेरिका के बाद अब कनाडा ने भी 7 लैटिन अमेरिकी आपराधिक समूहों को आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। यह कार्रवाई कनाडा की आपराधिक संहिता के तहत की गई है। नागरिक सुरक्षा मंत्री डेविड मैकगिन्टी ने कहा कि अब कनाडाई कानून प्रवर्तन एजेंसियां फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ मजबूती से कार्रवाई कर सकेंगी। आतंकवादी संगठनों की सूची में मैक्सिको के सिनालोआ कार्टेल, जलिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल और ला नुएवा फमिलिया मिचोआकाना को शामिल किया गया है। आतंकवादी समूहों के रूप में नामित अन्य संगठन मैक्सिको से कार्टेल डेल गोल्फो, कार्टेल्स यूनिडोस, वेनेजुएला में ट्रेन डी अरागुआ, मारा साल्वाट्रुचा और एमएस-13 शामिल हैं। एमएस-13 कैलिफोर्निया में शुरू हुआ, लेकिन वह अल-साल्वाडोर में एक प्रमुख आपराधिक ताकत के रूप में उभरा। नागरिक सुरक्षा मंत्री मैकगिन्टी ने बताया कि ये उपाय कनाडा की सड़कों से फेंटेनाइल को दूर रखने और अमेरिका में प्रवेश करने से रोकने में मदद करेंगे।

### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए रिहर्सल




**गुवाहाटी।** असम 24 फरवरी 2025 को दुनिया का सबसे बड़ा झूमर नृत्य प्रदर्शन आयोजित करने के लिए तैयार है। यह आयोजन एडवांटेज असम 2.0 निवेश शिखर सम्मेलन के तहत होगा। यह आयोजन असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करने के साथ-साथ वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने का एक प्रमुख मंच भी बनेगा। इस कार्यक्रम के लिए शुक्रवार को 7,500 से अधिक नृत्यकारों के साथ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए रिहर्सल किया। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर की शोभा पीएम नरेंद्र मोदी बढ़ाएंगे।

### भारत और पाक के बीच फ्लैग मीटिंग

## 'एलओसी' पर संघर्ष विराम बनाए रखने पर बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और पाकिस्तान के बीच जम्मू और कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर तनाव कम करने के लिए शुक्रवार को फ्लैग मीटिंग हुई। यह मीटिंग हाल ही में हुई सीमा पार गोलीबारी और आईईडी हमलों की घटनाओं के बाद आयोजित की गई थी। दोनों देशों के बीच यह बैठक लगभग 75 मिनट तक चली, जिसमें नियंत्रण रेखा पर शांति बनाए रखने और संघर्षविराम समझौते को जारी रखने की आवश्यकता पर चर्चा की गई। मीटिंग में भारतीय सेना की पुंछ ब्रिगेड के कमांडर और पाकिस्तान सेना के दो ब्रिगेड कमांडर शामिल हुए। पिछले कई हफ्तों से एलओसी पर तनाव जारी था, जिसके बाद यह बैठक हुई है। इसमें 2021 से जारी संघर्षविराम को बनाए रखने, नियंत्रण रेखा को तनाव मुक्त करने और अन्य मुद्दों पर सहमति बनी है। यह फ्लैग मीटिंग पाकिस्तान और भारत के बीच काफी समय बाद हुई है, क्योंकि इससे पहले 2021 में आखिरी बार फ्लैग मीटिंग आयोजित हुई थी। भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियां नियंत्रण रेखा की लगातार निगरानी कर रही हैं।

### धरती से एस्टेरॉयड वायआर-4 के टकराने की बढ़ी संभावना

# भारत के मुंबई, कोलकाता शहरों पर मंडराया खतरा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष वैज्ञानिकों ने एक ऐसे एस्टेरॉयड की खोज की है, जो धरती से टकरा सकता है। इसे लेकर उन्होंने चेतावनी जारी की है। इस एस्टेरॉयड को 2024 वायआर-4 नाम दिया है, जो पृथ्वी के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। एस्टेरॉयड को पहली बार 27 दिसंबर 2024 को क्षुद्रग्रह स्थलीय-प्रभाव अंतिम चेतावनी प्रणाली ने देखा था। इस एस्टेरॉयड के पृथ्वी से भी टकराने की संभावना है। वैज्ञानिकों ने 22 दिसंबर 2032 को एस्टेरॉयड 2024 वायआर-4 के पृथ्वी से टकराने की संभावना जताई है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का कहना है कि एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने के 3.1 प्रतिशत संभावना है। इसमें प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक, अफ्रीका के कुछ क्षेत्र, अरब सागर और दक्षिण एशिया शामिल हैं। इस खतरे वाले जोन में पश्चिम के मुंबई से लेकर पूर्व में कोलकाता के मध्य आने वाले सभी शहर, ढाका, बोगोटा और लागोस जैसे अन्य शहर शामिल हैं।

### खास बातें

- 22 दिसंबर 2032 को पृथ्वी से टकराने की आशंका
- एशिया अमेरिका और अफ्रीका के कुछ भाग शामिल

### परमाणु बम से 500 गुना अधिक निकलेगी ऊर्जा



टोरिनो इम्पैक्ट हैजर्ड स्केल पर इस एस्टेरॉयड को तीन दर्जा मिला है। इसके मुताबिक, नजदीकी टक्कर हो सकती है। इससे खतरनाक बताने वाली टोरिनो स्केल शून्य से लेकर 10 तक होती है। बताया जाता है कि जिस एस्टेरॉयड के टकराने से डायनासोर खत्म हुए थे, 10 से 15 किलोमीटर चौड़ा था। वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि पृथ्वी से टक्कर के बाद इस एस्टेरॉयड से 8 मेगाटन ऊर्जा निकलेगी। यह ऊर्जा जापान के हिरोशिमा का विनाश करने वाले परमाणु बम से 500 गुना अधिक होगी।

### एस्टेरॉयड की दिशा बदलने की योजना

*इंटरनेशनल एस्टेरॉयड वॉर्निंग नेटवर्क, एस्टेरॉयड का अवलोकन करने और इसकी कक्षा में अनिश्चितताओं को कम करने के काम में लग गया है। संयुक राष्ट्र के स्पेस मिशन प्लानिंग एडवाइजरी ग्रुप को सतर्क किया गया है। संभावना है कि वह एस्टेरॉयड की दिशा को बदलने की योजना प्रस्तुत करेगा। खगोलविदों का लक्ष्य है कि इसके गायब होने से पहले आने वाले महीनों में और अधिक विस्तृत से इसे समझा जाए।*

## जीवविज्ञानी पूर्णिमा बनीं 'टाइम वुमन ऑफ द ईयर 2025'



**न्यूयॉर्क।** भारत की जीवविज्ञानी और वन्यजीव संरक्षणकर्ता पूर्णिमा देवी बर्मन को टाइम मैगजीन की 'वुमन ऑफ द ईयर 2025' सूची में शामिल किया गया है। यह सूची दुनिया की उन 13 महिलाओं को सम्मानित करती है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए काम कर रही हैं। पूर्णिमा देवी बर्मन इस सूची में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय महिला हैं। उनके साथ हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन और फ्रांस की गिसेल पेलिकोट भी इस सूची में शामिल हैं, जिन्होंने महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाई है।



# भारत राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी कराने का इच्छुक

**2026 में छोड़े गए खेलों के आयोजन को भी भारत तैयार**

**राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का इच्छुक है और 2026 में ग्लास्गो खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भी यहां कराने के लिये तैयार है ताकि देश की पदक तालिका पर असर नहीं पड़े । खेल मंत्रालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा ,'' हम राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के इच्छुक हैं और इस मसले पर राष्ट्रमंडल खेल महासंघ से औपचारिक बात हो चुकी है । हमने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर किये गए सभी खेलों का आयोजन भारत में कराने का भी अनौपचारिक प्रस्ताव रखा है ।''

### पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च

राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की इच्छा जताने का पत्र सौंपने की आखिरी तारीख 31 मार्च है और मंत्रालय सूत्रों ने कहा कि प्रक्रिया जल्दी ही पूरी की जायेगी। भारत में एकमात्र राष्ट्रमंडल खेल दिल्ली में 2010 में आयोजित हुए थे ।

### ग्लास्गो से हॉकी, बैडमिंटन कुश्ती, क्रिकेट आदि खेल बाहर

ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों से हॉकी, बैडमिंटन, कुश्ती, क्रिकेट और निशानेबाजी जैसे खेल बाहर किये जाने से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है । ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में बजट में कटौती के लिये सिर्फ दस खेल शामिल किये गए हैं ।




### पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़ेगा

सूत्र ने कहा ,'' हमने यह प्रस्ताव इसलिये रखा है ताकि हमारे पदकों की संख्या पर असर नहीं पड़े । अनौपचारिक प्रस्ताव रखा जा चुका है और हमें जवाब का इंतजार है ।''ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से दो अगस्त तक आयोजित किये जायेंगे ।

### राष्ट्रमंडल की मेजबानी से ओलंपिक के लिए बल मिलेगा

हाल ही में भारत का दौरा करने वाली राष्ट्रमंडल खेल महासंघ की सीईओ कैटी सेडलेयर ने कहा था कि ओलंपिक 2036 की मेजबानी की भारत की आकांक्षाओं को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी से बल मिलेगा। भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी का आशय पत्र पहले ही सौंप चुका है ।

### भारत ने तीरंदाजी व निशानेबाजी का प्रस्ताव रखा था

भारत ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान भी तीरंदाजी और निशानेबाजी स्पर्धायें कराने का प्रस्ताव रखा था और सीजीएफ तथा बर्मिंघम ने इसे मंजूरी भी दे दी थी लेकिन कोरोना महामारी के कारण ऐसा हो नहीं सका । ग्लास्गो ने लागत में कटौती के लिये टेबल टेनिस, स्क्वाश और ट्रायथलन को भी हटा दिया है । वहां सिर्फ चार स्थानों पर ही खेलों का आयोजन किया जायेगा ।

### ग्लास्गो में सिर्फ दस खेल शामिल

ग्लास्गो खेलों में सिर्फ दस खेलों एथलेटिक्स, पैरा एथलेटिक्स (ट्रैक और फील्ड), तैराकी और पैरा तैराकी, लयबद्ध जिम्नास्टिक, ट्रैक साइकिलिंग, पैरा ट्रैक साइकिलिंग, नेटबॉल, भारोत्तोलन, पैरा पावरलिफ्टिंग, मुक्केबाजी, जूडो, बॉल और पैरा बॉल, तीन गुना तीन बास्केटबॉल और तीन गुना तीन व्हीलचेयर बास्केटबॉल को ही शामिल किया गया है ।

### 2036 के ओलंपिक मेजबानी के लिए पत्र सौंपा

ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी को लेकर सूत्र ने बताया ,'' हमने आशय पत्र पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सौंप दिया है । हम आईओसी चुनाव का इंतजार कर रहे हैं जो अगले महीने होने हैं । ओलंपिक 2036 के मेजबान पर फैसला अगले साल मार्च से पहले नहीं आने वाला है । आईओसी चुनाव के बाद बात आगे बढेगी और हम पूरी तरह से तैयार हैं ।''

## खबर संक्षेप




### कतर ओपन में कार्लोस को जिरि लेहेका ने हराया

**दोहा।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को इस साल की दूसरी पराजय का सामना करना पड़ा जब 25वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने उन्हें कतर ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-3, 3-6, 6-4 से हराया। स्पेन के 21 वर्ष के अल्काराज को 2025 में आस्ट्रेलियाई ओपन क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने हराया था । इस महीने की शुरूआत में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी ने रोटरडम ओपन जीता था । अल्काराज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैने अपनी टीम और कोच से बात की है । मुझे नहीं पता कि कहां कमी रह गई । उसने शानदार खेल दिखाया और उसे श्रेय दिया जाना चाहिये ।''अब लेहेका का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त जैक ड्रेपर से होगा जिन्होंने मात्तेओ बेरेतिनी को 4 -6, 6-4, 6-3 से हराया ।

### हरियाणा, रेलवे राष्ट्रीय कबड्डी में पहला मैच जीते

**कटक।** गत चैम्पियन हरियाणा, रेलवे और मध्य प्रदेश ने 71वीं सीनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैम्पियनशिप में पहले दिन अपने मुकाबले जीते। टूर्नामेंट में 30 टीमों को आठ पूल में बांटा गया है और हर पूल से शीर्ष दो टीमें नॉकआउट में पहुंचेंगी। हरियाणा ने तेलंगाना को 50 -20 से हराया जबकि रेलवे ने पूल बी में मणिपुर को 59 - 27 से मात दी । पूल डी में मध्यप्रदेश ने आंध्र प्रदेश को 59-35 से हराया । मेजबान ओडिशा ने पूल एफ में विदर्भ को 57-28 से शिकस्त दी ।



### पुणे हाफ मैराथन के विजेता डोप जांच में विफल

**नई दिल्ली।** पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में खिताब जीतने वाले प्रधान विलास किरुलाकर को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने डोप टेस्ट में विफल होने के बाद अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। किरुलाकर ने दिसंबर 2024 में एक घंटे चार मिनट और 22 सेकंड के समय के साथ पुणे मैराथन जीती थी। उन्हें प्रदर्शन बढ़ाने वाली ड्रग मेल्डोनियम का पॉजिटिव पाया गया है। एआईयू ने कहा, ''उनके डोप नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम की मौजूदगी के बाद आरोप का नोटिस (अनुच्छेद 2.1 और अनुच्छेद 2.2) जारी किया गया है। ''

### पॉल राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के निदेशक नियुक्त

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की तकनीकी समिति ने भारत के पूर्व गोलकीपर सुब्रत पॉल को शुक्रवार को राष्ट्रीय टीम का निदेशक नियुक्त किया। समिति ने इसके साथ ही पुरुषों की अंडर20 टीम के मुख्य कोच के रूप में बिबियानो फर्नांडिस के नाम की भी सिफारिश की। यह निर्णय भारत के पूर्व कप्तान आईएम विजयन की अध्यक्षता में तकनीकी समिति की बैठक में लिए गए।



## रिकेल्टन के शतक के बाद गेंदबाजों का जलवा...

# चैम्पियंस ट्रॉफी : साउथ अफ्रीका की बड़ी जीत, अफगानिस्तान पस्त

एजेंसी ▶▶| कराची

आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मैच नंबर-3 में साउथ अफ्रीका का सामना अफगानिस्तान से हुआ। 21 फरवरी (शुक्रवार) को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने 107 रनों से जीत हासिल की। मुकाबले में अफगानिस्तान को जीत के लिए 316 रनों का टारगेट मिला था, लेकिन उसकी पूरी टीम 43.3 ओवरों में 208 रनों पर सिमट गई। टूर्नामेंट के चौथे मुकाबले में 22 फरवरी (शनिवार) को इंग्लैंड का सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। ग्रुप-बी का यह मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा।

### रहमत शाह ने अकेले किया संघर्ष

अफगानिस्तान की ओर से रहमत शाह ने शानदार पारी खेली, लेकिन वो पर्याप्त नहीं था। रहमत ने 92 गेंदों पर 90 रन बनाए, जिसमें 9 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा। रहमत आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। रहमत के अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर तक टिक नहीं सका। हालांकि अजमतुल्लाह उमरजई (18), राशिद खान (18), इब्राहिम जादरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16), गुलबदीन नायब (13) और रहमानुल्लाह गुरबाज (10) दोहरे अंकों तक पहुंचने में जरूर सफल रहे। साउथ अफ्रीका के लिए तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा ने सर्वाधिक तीन विकेट लिए। वहीं लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर को दो-दो सफलताएं हासिल हुईं। मार्को जानसेन और केशव महाराज को एक-एक विकेट मिला। अफगानिस्तान के 8 बल्लेबाज तेज गेंदबाजों का शिकार बने।




### रिकेल्टन का शानदार शतक

मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवरों में 6 विकेट पर 315 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने 106 गेंदों पर 103 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान रिकेल्टन ने 7 चौके के अलावा एक सिक्स लगाया। कप्तान टेम्बा बावुमा (58), एडेन मार्करम (52*) और रस्सी वैन डर डुसेन (52) ने भी अर्धशतकीय पारियां खेलीं। रियान रिकेल्टन और टेम्बा बावुमा के बीच दूसरे विकेट के लिए 129 रनों की पार्टनरशिप हुई, जिसने अफ्रीकी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। अफगानिस्तान की ओर से स्पिनर मोहम्मद नबी ने दो विकेट लिए। वहीं अजमतुल्लाह उमरजई, फजलहक फारूकी और नूर अहमद को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

साउथ अफ्रीका ने कराची के नेशनल स्टेडियम अब तक 5 वनडे मुकाबले खेले हैं, जिसमें उसे तीन में हार मिली है। जबकि 2 मुकाबलों में अफ्रीकी टीम को विजय हासिल हुई। वहीं इस मुकाबले से पहले तक अफगानिस्तान ने पाकिस्तानी धरती पर केवल दो ही वनडे इंटरनेशनल खेले थे। ये दोनों वनडे 2023 एशिया कप के दौरान लाहौर में खेले गए थे, जहां उसे बांग्लादेश और श्रीलंका ने हराया था।

## क्रिकेट

# मुंबई को हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में

- फाइनल में विदर्भ का सामना केरल से होगा
- मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ चौथी बार रणजी फाइनल में



एजेंसी ▶▶| नागपुर

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे के पांच विकेट की मदद से विदर्भ ने शुक्रवार को यहां 42 बार के चैंपियन मुंबई को 80 रन से हराकर चौथी बार रणजी ट्रॉफी फाइनल में जगह बनाई। विदर्भ फाइनल में केरल का सामना करेगा जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ पहली पारी ने दो रन की बढ़त हासिल करके पहली बार खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया। पुणे के रहने वाले 22 वर्षीय स्पिनर दुबे ने 127 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे 406 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही मुंबई की टीम 325 रन पर आउट हो गई। विदर्भ ने इस तरह से पिछले साल मुंबई के हाथों फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। विदर्भ को फाइनल में पहुंचाने में दुबे ने अहम भूमिका निभाई है। वह इस सत्र में अभी तक 66 विकेट ले चुके हैं। अब वह एक रणजी सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने के बिहार के आशुतोष अमन के रिकॉर्ड से केवल दो विकेट दूर हैं।

विदर्भ चौथी बार रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले वह 2017-18 और 2018-19 में चैंपियन बना था। मुंबई के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने आखिर तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। शार्दुल ठाकुर ने फिर से अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा नमूना पेश करते हुए 124 गेंद पर 66 रन बनाए जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल है।

### शार्दुल व शम्स ने निभाई शतकीय साझेदारी

शार्दुल ने शम्स मुलानी (46) के साथ सातवें विकेट के लिए 103 रन जोड़े। मुलानी के रन आउट होने से यह साझेदारी टूटी। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल को बोल्ड किया जिससे मुंबई का स्कोर आठ विकेट पर 254 रन हो गया। इसके बाद हालांकि रॉयस्टन डायस और मोहित अवस्थी ने अंतिम विकेट के लिए 52 रन जोड़कर मुंबई को 93.4 ओवर में 300 के पार पहुंचा दिया। दुबे ने अवस्थी को पगबाधा आउट करके विदर्भ को जीत दिलाई।

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड**
कार्यालय महाप्रबन्धक (सिविल), चम्बल कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल
फोन ऑफिस : 0755-2678206, ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com
क्रमांक : 050/महाप्रबं./सि./4615-16 भोपाल, दिनांक : 21.02.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन के दिनांक 15.09.2022 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) एवं बेस रेंट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी. जोड़कर, भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| मप्रसि/भो./70/01 (ई-निविदा क्र. 2025_MKVVC_404526_1) | (संचा./संधा.) वृत्त भोपाल के अतर्गत 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र नजीराबाद, शाहगंज, बक्तरा, चकलदी एवं मंडीदीप में पुताई, जल अवरोधक एवं सिविल रख-रखाव शेष कार्य बावत्। **(5 स्थान पर)** | 3.62 | 7500/- |

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय : 22.02.2025 from 10.30 Hrs.
ऑनलाइन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 03.03.2025 up to 15.00 Hrs.
निविदा खुलने की दिनांक/समय : 04.03.2025 at 15.00 Hrs.
निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की वेबसाइट **portal.mpcz.in** पर देखें एवं **https://mptender.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/118925/2025 महाप्रबंधक (सिविल)

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03, भोपाल-462003
Mobile No. : 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/186/पयं/भोपाल-03/तशा/2025 भोपाल, दि. : 21.02.25

**प्रेस विज्ञप्ति**

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विभिन्न मरम्मत कार्य जिला शाजापुर हेतु निविदा क्रमांक-14/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-404407) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 07.03.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते है।
म.प्र. माध्यम/118926/2025 परियोजना यंत्री

**कार्यालय अधिष्ठाता**
**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर**
क्रमांक. 1431/स्था / अराज/2025/ जबलपुर दिनांक- 18/02/2025
**सूचना**

प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल द्वारा ने.सु.च.बो. मेडिकल कॉलेज जबलपुर के स्टॉफ नर्स (नर्सिंग ऑफिसर) के रिक्त पदो पर भर्ती हेतु जारी चयन सूची दिनांक 27 जनवरी 2022 के तहत एवं उक्त के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक 2211/2023 शहनाज खातून एवं अन्य विरूद्ध म.प्र. शासन में पारित आदेश दिनांक 13/04/2024 के परिपालन में मध्यप्रदेश शासन लोकस्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल का आदेश क्रमांक 1618 एफ 6/5/0001/2024/मेडि-सत्रह (2) भोपाल दिनांक 05/12/2024 के तहत प्राप्त स्वीकृति के परिपालन में प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई चयन सूची में मेरिट के आधार पर संबंधित चयनित अभ्यर्थियों को दिनांक 06/01/2025 से 07/01/2025 तथा 27/01/2025 से 28/01/2025 को दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया गया था, उक्त दिनांक को जो अभ्यार्थी दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित नहीं हो पाये हैं उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 28/02/2025 शुकवार, प्रातः 10:30 बजे दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समयावधि में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यार्थी की उम्मीदवारी स्वतः निरस्त समझी जावेगी। एवं किसी भी प्रकार का पत्राचार मान्य नहीं किया जावेगा।
नोटः-
1. भर्ती से संबंधित समस्त जानकारी हेतु चिकित्सा महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.nscbmc.ac.in पर विजिट करें।
अधिष्ठाता
नेताजी सुभाष चन्द्र बोस
मेडिकल कॉलेज जबलपुर
जी - 23348/24 स्वच्छता ही सेवा है।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद् शिवपुर- चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)**
क्र./2299/लो.नि.वि./न.पा.प./2025 शिवपुर – चरचा, दिनाँक 21/02/2025
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय निविदा)**
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 165087 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Palika Parishad Shivpur Charcha under SBM 2.0 (2nd Call) | INR Rs. 356.73 Lakhs | INR Rs. 1.78 Lakhs (Rupees One Lakh Seventy Eight Thousand only) TDR/ FDR in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Rs. 10,000.00 (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Municipal Council Shivpur Churcha | Construction Period - 15 months (including rainy season + 03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order. | 12.03.2025 by 04.00 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई- प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://cproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् शिवपुर - चरचा, जिला - कोरिया (छ.ग.)

**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**
(अनुसूची-'ए', मिनीरत्न श्रेणी 1 सार्वजनिक क्षेत्र का उधम)
राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003
MAKE IN INDIA

**विज्ञापन संख्या: 01/2025/CHQ के अंतर्गत**
**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के विभिन्न संवर्गों में कनिष्ठ कार्यपालकों की भर्ती**

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से भाविप्रा वेबसाइट www.aai.aero के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:
(किसी अन्य माध्यम (Mode) से किए गए आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा)

| पद कोड | पद का नाम | रिक्तियों की संखया एवं आरक्षण | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल | यूआर | ईडब्लूएस | ओबीसी (एनसीएल) | एससी | एसटी | (सम्मिलित रिक्तियां) पीडब्लूबीडी (ए) | (बी) | (सी) | (डी एवं ई) |
| 1 | कनिष्ठ कार्यपालक (अग्निशमन सेवाएं) | 13 | 05 | 01 | 04 | 02 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 2 | कनिष्ठ कार्यपालक (मानव संसाधन) | 66 | 30 | 06 | 17 | 09 | 04 | 01 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | कनिष्ठ कार्यपालक (राजभाषा) | 04 | 04 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 |

**रिक्त पदों की संख्या अनंतिम है और केवल भाविप्रा के निर्णयानुसार घट या बढ़ सकती है।**

प्रयुक्त संक्षिप्तियां:
यू आर = अनारक्षित, ईडब्लूएस = आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ओबीसी (एनसीएल) = अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमीलेयर), एससी अनुसूचित जाति, एसटी = अनुसूचित जनजाति, पीडब्ल्यूबीडी =बेंचमार्क दिव्यांग जन, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी (ए), (बी), (सी), (डी) एवं (ई): कृपया संबंधित पोस्ट कोड के लिए दिव्यांगजन विस्तृत विज्ञापन में दिए गए उपयुक्त चिन्हित पदों का संदर्भ लें।

| इवेंट | दिनांक |
|---|---|
| ऑन-लाइन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि | 17.02.2025 |
| ऑन-लाइन आवेदन समाप्ति की तिथि | 18.03.2025 |
| कम्प्यूटर आधारित परीक्षा की संभावित तिथि | भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर घोषित की जाएगी। |

विवरण के लिए कृपया भाविप्रा की वेबसाइट www.aai.aero पर करियर सेक्शन में एवं एम्प्लायमेंट न्यूज / रोजगार समाचार देखें।

N-04/2024-25 CBC 03111/12/0004/2425 कार्यपालक निदेशक (भा.सं.)

# प्रयागराज के महाकुंभ में उत्साह और आस्था के संगम में लगाई भक्ति की डुबकी

*महाकुंभ पहुंचे श्रद्धालुओं से हरिभूमि ने बातचीत कर जाना उनका अनुभव, इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने अद्भुत स्मरण*

महाकुंभ के अनुभव

**भोपाल।** प्रयागराज महाकुंभ अब अंतिम पड़ाव पर है। आखरी शाही स्नान 26 फरवरी महाशिवरात्रि को है। महाकुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं का सिलसिला जारी है। भोपाल से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कुंभ स्नान करने पहुंच रहे हैं। इनमें से कुछ लोगों से हरिभूमि ने बातचीत कर उनके अनुभव जाने। श्रद्धालुओं ने महाकुंभ स्नान को अद्भुत बताते हुए, वहां के इंतजाम के बारे में बताया।

हरिभूमि चर्चा

## महाकुंभ में मिला अदभुत 'अनुभव' इतनी श्रद्धा जीवन में पहली बार देखी

प्रयागराज में महाकुंभ की खबरें लगातार देख रहे थे। मन ही मन गंगा मैया से बात हुई कि हम सबको परिवार सहित जाना हैं, भगवान जी ने व्यवस्था बना दी। सनातन गर्व पर इतना जनसैलाब, इतनी श्रद्धा जीवन में पहली बार देखी। जो दृश्य देखा वह जीवन भर याद रहेगा। हर उम्र के जन, जहां देखो श्रद्धालुओं का जनसैलाब, कोई राज्य नहीं छूटा होगा। सब सहज उत्साहपूर्वक आस्था के संगम में डुबकी लगा रहे थे। पुलिस तंत्र सबकी मदद कर रहा है और कोई धक्का मुक्की नहीं। सब सहज और संतुलित चल रहा है। सुंदरम सजे द्वार, पेड़ों पर, दीवारों पर, खम्बों पर संस्कृति की झलक, हर तरह की सुविधाएं, भंडारे खाने-पीने की चीजें सस्ते रेट पर उपलब्ध है। साफ-सफाई का खास ख्याल रखा गया है। संगम का जल फिल्टर हो



**सीमा भारद्वाज, महिला कार्य सह प्रमुख, मध्य भारत प्रान्त, स्वदेशी जागरण मंच**

रहा है। मेला क्षेत्र में हर तरह के स्वदेशी स्टॉल है। उत्तरप्रदेश सरकार की इस परम सुंदर व्यवस्था पर नमन। प्रयाग के त्रिवेणी तट पर समरसता सद्भावना का अदभुत संगम देख मन कृतज्ञ हो गया।

## प्रयागराज महाकुंभ सनातन संस्कृति का भव्य संगम, कर रही लोगों को आकर्षित

प्रयागराज महाकुंभ में पवित्र स्नान कर मैं स्वयं को धन्य अनुभव कर रहा हूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारी संस्कृति और अध्यात्म को निरंतर विस्तार मिल रहा है। जिसके चलते महाकुंभ की दिव्यता हर नागरिक को आकर्षित कर रही है। साथ ही उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक दक्षता ने इस दिव्य आयोजन को अभूतपूर्व बनाया है। यहां लाखों श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं की गई हैं, जिससे आस्था और श्रद्धा को नया आयाम मिला है। मध्यप्रदेश बॉर्डर पर भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जो व्यवस्थाएं की गई हैं, वह अत्यंत सराहनीय हैं। जिससे श्रद्धालु सहजता और सुविधा के साथ कुंभ में स्नान का पुण्य लाभ ले रहे हैं। यह महाकुंभ न केवल हमारी सनातन संस्कृति का भव्य स्वरूप प्रस्तुत कर रहा है, बल्कि सनातनी समरसता का भी अद्भुत उदाहरण उपस्थित कर रहा है। वर्षों बाद यह अवसर आया है, इसलिए हर सनातनी को इसका सहभागी बनकर पुण्य लाभ अवश्य लेना चाहिए।



**रामेश्वर शर्मा, विधायक, हुजुर विधानसभा, भोपाल**

## पूरी दुनिया में मनुष्यों का यह सबसे बड़ा एकत्रीकरण, इसके लिए शब्द पर्याप्त नहीं

मैं अभी प्रयागराज से लौटा हूं। जाते समय ट्रेन का एसी कोच लोगों से भरा था। यात्रा कष्टप्रद ही रही, किंतु एक डुबकी में सारी थकान हवा हो गई। यहां होना एक अद्भुत अनुभव है, बहुत खास। कुंभ की लोक में खास मान्यता है। यहां होना पुण्यभागी होना है, सौभाग्यशाली होना है। भारतीय संस्कृति की समझ और उसे एकत्र देखने का भाव हर भारतवासी को यहां खींच लाता है। दुनिया में मनुष्यों का यह सबसे बड़ा एकत्रीकरण है। जमावड़ा है, मेला है। कोई एक शब्द इसके लिए पर्याप्त नहीं। इसलिए इसे 'कुंभ' कहना ही पर्याप्त है। कुंभ में होना ज्ञान, परंपरा, संस्कृति, सामंजस्य, गीत-संगीत, प्रदर्शन कलाओं, धर्मबोध, भारतबोध, मूल्यबोध के साथ होना है। एक स्थान पर इतनी सारी विधाओं को साधने वाला एकत्रीकरण असंभव है।



**प्रो.संजय द्विवेदी पूर्व महानिदेशक, आईआईएमसी**

---

### राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और स्कूल शिक्षा मंत्री पहुंचे

# लैपटॉप प्राप्त करने वालों में निजी के मुकाबले सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी ज्यादा, इनमें बेटियों की संख्या अधिक

*कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के खातों में मुख्यमंत्री ने लैपटॉप खरीदने के लिए डाले 25-25 हजार रुपए, विद्यार्थियों ने कहा : यह सरकार की बेहतर योजना, बेसब्री से था इंतजार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा वर्ष 2023-24 में कक्षा 12 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक से उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 25-25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप खरीदने के लिए अंतरित की गई है। राजधानी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के लिए शिक्षा का राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना, उनकी संवेदनशीलता दर्शाता है। उनके निर्देश पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को ई-स्कूटी के बाद अब लैपटॉप उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम के आधार पर ही यह उपलब्धि अर्जित की है। गर्व का विषय है कि लैपटॉप प्राप्त करने वालों में निजी स्कूलों की तुलना में शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों की संख्या अधिक है, साथ ही बालकों की तुलना में बालिकाओं की संख्या भी अधिक है।



**देश के भविष्य के निर्धारण में स्कूल शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका : मंत्री सारंग**

खेल एवं युवा कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि समाज के निर्माण और देश के भविष्य के निर्धारण में स्कूल शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को लैपटॉप प्राप्त होने से आगामी शिक्षा में उन्हें सरलता होगी, वे अद्यतन तकनीक के साथ-साथ कौशल उन्नयन की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगे। सचिव स्कूल शिक्षा संजय गोयल ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी।

**सीएम और विद्यार्थियों के बीच संवाद**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ विद्यार्थियों ने समूह चित्र भी लिए। इस दौरान नरसिंहपुर के निजी स्कूल की गीता लोधी ने कहा कि आज की दुनिया में इंटरनेट बहुत जरूरी है। ये लैपटॉप पढ़ाई में बहुत हेल्प करेगा। यह मेरे परिवार का पहला लैपटॉप है। मेरे बड़े भैया मैनिट से इंजीनियरिंग कर रहे हैं। उनके पास लैपटॉप नहीं है। इस पर मुख्यमंत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा दोनों भाई बहन लैपटॉप शेयर कर लेना, लड़ना मत।

**लैपटॉप से पढ़ाई कर सकेंगे**

मेरे कक्षा बारहवीं में 90 प्रतिशत अंक थे। मेरे खाते में लैपटॉप की राशि पहुंच गई है। हमें लैपटॉप की जरूरत थी और इस कार्यक्रम का भी इंतजार था। अब लैपटॉप से पढ़ाई कर सकेंगे।



कंचन बंसल, विद्यार्थी

**बेहतर व्यवस्थाएं थी**

मैंने कक्षा बारहवीं में 94.4 प्रतिशत अंक हासिल किए थे। लैपटॉप की राशि हमारे खाते आ गई है। कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत ही अच्छा लगा। बहुत ही बेहतर व्यवस्थाएं थीं।



हर्ष मिश्रा, विद्यार्थी

**बेहतर पढ़ाई कर सकते हैं**

कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत ही अच्छा लगा। यह सरकार की बहुत ही अच्छी योजना है। लैपटॉप से विद्यार्थी आगे की बेहतर पढ़ाई कर सकते हैं।



परख यादव, विद्यार्थी

**बहुत ही बेहतर योजना**

मेरे कक्षा बारहवीं में 95.8 प्रतिशत अंक आए थे। हमें इस कार्यक्रम का ब्रेसब्री से इंतजार था। कार्यक्रम बहुत अच्छा था। यह सरकार की बहुत ही बेहतर योजना है। लैपटॉप की राशि खाते में आ गई थी।



गौतम बागरी, विद्यार्थी

**एक नई उर्जा प्रदान करते हैं**

यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा था। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें एक नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रियों से मिलने का अनुभव बहुत ही अच्छा रहा।



राखी दांगी, विद्यार्थी

**बहुत ही अच्छा अनुभव**

मैरी पहली बार मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई। यह बहुत ही अच्छा अनुभव था। ऐसे कार्यक्रम से हमारा उत्साह बढ़ता है। लैपटॉप की राशि हमारे खाते में पहुंच गई है।



काजल बरडे, विद्यार्थी

---

### मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

## कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शिक्षा केन्द्र ने प्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। प्रदेश की समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में वार्षिक परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होंगी। सत्र 2024-25 की यह परीक्षाएं 5 मार्च को समाप्त होंगी। परीक्षा की व्यवस्था को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा का पहला प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को होगा और अंतिम प्रश्न-पत्र एक मार्च 2025 को होगा। प्रश्न-पत्र निर्धारित समय-सारणी के अनुसार दोपहर 2 से शाम 4:30 बजे तक होगा। कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा का प्रश्न-पत्र 24 फरवरी को और अंतिम प्रश्न-पत्र 5 मार्च 2025 को होगा।

**निःशुक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा**

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राज्य शिक्षा केंद्र ने परीक्षा के आयोजन को लेकर जिला कलेक्टर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधान अनुसार निःशक्त विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय और लेखक की सुविधा प्रदान की जाए। परीक्षा की समय-सारणी की जानकारी शालाओं को भी भेजी गई है।

### मॉडल स्कूल में 40 परीक्षा केंद्रों को बांटी सामग्री

## उत्तर पुस्तिका सहित शैक्षणिक सामग्री का वितरण शुरू हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 25 फरवरी से शुरू होने वाली माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण शुरू हो गया है।

राजधानी के मॉडल स्कूल में शुक्रवार को सुबह 9 बजे से शैक्षणिक सामग्री वितरण शुरू हुआ। पहले दिन करीब 40 परीक्षा केंद्रों को उत्तरपुस्तिकाओं सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया है। इस दौरान कड़ी सुरक्षा और जांच के बाद केंद्र में प्रवेश दिया गया। फिलहाल यह सामग्री स्थानीय थानों में सुरक्षित रखी जाएगी, जिसे परीक्षा के दिन निकाला जा सकेगा। बता दें कि इन परीक्षाओं में करीब 16.60 लाख स्टूडेंट शामिल हो रहे हैं। इसमें 10वीं में करीब 9.53 लाख और 12वीं में 7.06 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने परीक्षा के लिए 3887 केंद्र बनाए हैं। इनमें करीब 500 से अधिक संवेदनशील और अतिसंवेदनशील केन्द्र हैं।

---

## आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के कुलगुरू प्रो. अग्रवाल को अमेरिका ने किया मानद उपाधि से सम्मानित

*अफ्रीका स्थित अदिस अबाबा विश्वविद्यालय के इथियोपिया में हुआ आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल के कुलगुरु प्रो विजय अग्रवाल को साइप्रस इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी टैक्सास अमेरिका द्वारा वर्ष 2025 में आयोजित दीक्षांत समारोह में रसायन शास्त्र में डीएससी की मानद उपाधि से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। यह सम्मान 22 फरवरी को अफ्रीका स्थित अदिस अबाबा विश्वविद्यालय के इथियोपिया में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

प्रो. विजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में 200 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। उन्होंने इलाहाबाद विवि से 1984 में डीफिल की उपाधि अर्जित की तथा अवधेश प्रताप सिंह विवि, रीवा में रसायन शास्त्र के आचार्य और विभागाध्यक्ष पद से 2022 में सेवानिवृत्ति के उपरांत आरकेडीएफ विवि भोपाल में कुलगुरु के रूप में कार्यरत हैं। उनके मार्गदर्शन में विवि को नैक से ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ है।

**यूनेस्को फैलोशिप भी प्राप्त हुई**

प्रोफेसर अग्रवाल राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षण प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल में 2009 से 2014 तक निदेशक के पद पर कार्य कर चुके हैं।



उन्हें यूनेस्को फैलोशिप भी प्राप्त हुई है, जिसके अंतर्गत उन्होंने टोक्यो इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जापान से एमटेक की उपाधि भी प्राप्त की। वर्ष 1990 में मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा उन्हें पंडित रवि शंकर शुक्ल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। प्रोफेसर अग्रवाल की इस उपलब्धि पर विवि की कुलाधिपति डॉ. साधना कपूर, अध्यक्ष डॉ सुनील कपूर, तात्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन के कुलगुरु प्रो एमएल कोरी, विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जनरल रिसर्च प्रो वीके सेठी, प्रबंध निदेशक डॉ बीएन सिंह आदि ने उन्हें बधाई दी है।

### डॉ. चुघ ने किया आउटलेट का शुभारंभ

## राजधानी में दवा इंडिया फार्मेसी में मिलेगी 50 प्रतिशत सस्ती दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नागरिकों को अब उचित मूल्य पर जेनेरिक दवाइयों के साथ सर्जिकल सामान बाजार मूल्य से 40 से 50 प्रतिशत कम कीमत पर मिलेगा। कोलार रोड स्थित मंदाकिनी सोसाइटी में दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी ने अपने नए आउटलेट का शुभारंभ किया है।

शनिवार को राजधानी के वरिष्ठ सर्जन और जेपी अस्पताल के पूर्व अधीक्षक डॉ. आईके चुघ ने दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी का उद्घाटन किया। डॉ. चुघ ने कहा कि दवा इंडिया जेनरिक फार्मेसी में सस्ती दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही है। इससे हर वर्ग के आम लोगों को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। दवा इंडिया में फेमस कंपनियों की जेनेरिक दवाई 50 से 70 प्रतिशत कम दाम पर उपलब्ध कराई जाती हैं।



## काल भैरव को लगाया विशेष भोग, हुआ विजयम् देहि हवन

**भोपाल।** फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर नेवरी मंदिर में शुक्रवार मध्य रात्रि श्री काल भैरव की आराधना की गई। इस मौके पर विशेष अनुष्ठान किया गया। फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की अष्टमी पर श्री काल भैरव की विशेष साधना का महत्व है। मध्य रात्रि को होने वाली इस साधना में काल भैरव को विजयम् देहि हवन के माध्यम से जागृत किया जाता है। मंदिर के पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि मध्य रात्रि में मठ के महंत कैलाश दास पंडा भैरव तंत्र की आराधना करते हैं। इस दिन काल भैरव, विक्रांत भैरव और बटुक नाथ भैरव की विशेष साधना की जाती है। काल भैरव को विशेष भोग लगाया जाता है।

## देवी जागरण में माता के भजनों पर खूब झूमे श्रोता

**भोपाल।** अयोध्या बायपास रोड स्थित गीत बंगले शुक्रवार को देवी जागरण कार्यक्रम हुआ। इसमें माता की भेंटों एवं लांगुरिया गीतों पर श्रोता झूम उठे। इस अवसर पर माता रानी का दरबार सजाया गया। विभिन्न धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। समाजसेविका राजलक्ष्मी अखरोटिया एवं शिवानंद अकोटिया द्वारा सर्व विश्व शांति के लिए देवी मां से प्रार्थना की।

### हिंदी विश्वविद्यालय में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

## भाषा के विकास में तकनीक बने सहयोगी: कैलाशचंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। तकनीकी युग में मातृभाषा का अस्तित्व और चुनौतियां विषय पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत शामिल हुए। पंत ने कहा कि आज यह ध्यान रखना आवश्यक है कि भाषाओं के विकास में तकनीक हावी न हों जाए और हम तकनीक के गुलाम न हो, बल्कि तकनीक सहयोगी बने। उपभोक्तावादी संस्कृति संघर्ष बढ़ा देती है।

**भाषायी सद्भावना आवश्यक हैः अशोक कड़ेल**



कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी के संचालक अशोक कड़ेल ने कहा कि भाषायी सद्भावना आवश्यक है। नई शिक्षा नीति में भारतीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार और उपयोग की बात कही गई है। मप्र में हिंदी ग्रंथ अकादमी ने भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अनेक प्रकाशन किए हैं। इसके साथ ही अनुवाद को भी महत्व दिया जा रहा है।

**हिंदी ने बहुत सारी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात कियाः मनवानी**

वक्ता अशोक मनवानी, लेखक और संयुक्त संचालक जनसंपर्क ने कहा कि भारत सरकार ने तीन भाषाओं के भाषा विकास परिषद् की स्थापना की जिसमें सिंधी, संस्कृत एवं उर्दू हैं। वर्तमान में दक्षिण भारत में बहुत-सी संस्थाएं हैं जो हिंदी के विकास के लिए कार्य कर रही हैं। भारत में भाषाई सद्भावना का विकास हुआ है। हिंदी ने बहुत सारी भाषाओं के शब्दों को आत्मसात किया है।

